


खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2026-28 । रविवार, 22 मार्च, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य–8 रु.। वर्ष–8 । अंक–78

# ईरान को ईदी

## मोदी से पेजेश्कियान ने माँगी गारंटी





**तेहरान, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर विस्तारित बातचीत की। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पश्चिम एशिया में बने तनाव और युद्ध की स्थिति पर गहन चर्चा की। राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने पीएम मोदी से स्पष्ट रूप से कहा कि ईरान ने युद्ध की शुरुआत नहीं की, बल्कि अमेरिका और इज़राइल ने बिना किसी वैध कारण के सैन्य हमले शुरू किए हैं।

**अमानवीय हमलों में मारे गए मासूम**

पेजेश्कियान ने विस्तार से बताया कि अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई, कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और निर्दोष नागरिक मारे गए हैं, जिनमें स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने पड़ोसी देशों में स्थित अपने सैन्य ठिकानों से मिनाब शहर के एक गर्ल स्कूल को निशाना बनाया, जिसमें 168 मासूम बच्चियों की मौत हो गई। उन्होंने इन हमलों में सार्वजनिक ढांचे को निशाना बनाए जाने की भी निंदा की। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस दावे को खारिज करते हुए कि ये हमले ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए थे, पेजेश्कियान ने स्पष्ट किया कि ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व ने हमेशा परमाणु हथियारों का विरोध किया है। उन्होंने दावा किया कि ईरान में परमाणु हथियार बनाने पर धार्मिक एवं प्रशासनिक प्रतिबंध लगाए गए हैं। राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान पर क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने के लग रहे आरोप गलत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इज़राइल लेबनान, गाजा, ईरान, इराक और कतर में हमले कर क्षेत्र में अशांति बढ़ा रहा है।

**भविष्य में हमले नहीं होंगे इसकी चाहिए गारंटी**

पीएम मोदी के साथ बातचीत में राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा, ईरान हमेशा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद और पारदर्शिता के लिए तैयार रहा है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी बातचीत शामिल है। ▶10पर

### अमेरिका ने दी तेल बेचने की अस्थाई छूट

## तेल नहीं है : ईरान

**तेहरान, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

ईरान के पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार को स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में उसके पास कोई तेल उपलब्ध नहीं है। यह बयान अमेरिका द्वारा तेहरान पर लगाए गए प्रतिबंधों में अस्थायी ढील देने के बाद आया है, जिसमें अमेरिका ने ईरान को उस कच्चे तेल को बेचने की अनुमति दी थी जो कथित तौर पर समुद्र में जहाजों पर भंडारित है।

**बाजार को शांत करने की अमेरिकी कोशिश**

वैश्विक तेल बाजार में जारी उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से, ट्रम्प प्रशासन ने ईरान को लगभग 140 मिलियन बैरल कच्चा तेल बेचने के लिए अस्थायी छूट दी थी। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने शुक्रवार को कहा था कि वाशिंगटन ने प्रतिबंधों में ढील इसलिए दी है ताकि तेहरान उस कच्चे तेल को बेच सके जो उसने पानी पर स्टोर कर रखा है।

**यह केवल बाजार को प्रभावित करने की चाल**

ईरान के पेट्रोलियम मंत्रालय ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि देश के पास समुद्र में कोई कच्चा तेल जमा नहीं है और न ही अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भेजने के लिए कोई अतिरिक्त भंडार बचा है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने मंत्रालय के प्रवक्ता सामन घोदौसी के हवाले से कहा, वर्तमान में ईरान के पास समुद्र में कोई तेल नहीं बचा है। अमेरिकी सचिव की टिप्पणियाँ केवल बाजार की धारणा को प्रभावित करने के लिए की गई हैं।अमेरिकी सचिव ने पहले कहा था कि इस छूट से वैश्विक बाजारों में 140 मिलियन बैरल तेल आएगा, जिससे ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहे दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले दो हफ्तों में यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने अस्थायी रूप से प्रतिबंध हटाए हैं; इससे पहले रूसी तेल पर भी इसी तरह की छूट दी गई थी।

# नरेंद्र गोयल को कमान

### अग्रवाल समाज कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त







**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज, तेलंगाना को यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि श्री नरेंद्र कुमार गोयल जी को समाज का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

**समाज सेवा में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं श्री गोयल**

श्री गोयल जी लंबे समय से समाज सेवा से जुड़े रहे हैं और श्रीनगर शाखा में उनकी सक्रिय भूमिका एवं नेतृत्व क्षमता सर्वविदित है। उनके अनुभव, समर्पण और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

**अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने जताया विश्वास**

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता जी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री गोयल जी के नेतृत्व में समाज में नई ऊर्जा का संचार होगा तथा सामाजिक, सांस्कृतिक और सेवा कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

**संगठन को मजबूत करने हेतु 65 नई समितियों का गठन**

साथ ही, समाज द्वारा संगठन को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु 65 नई समितियों के अध्यक्षों का गठन किया गया है।

इन समितियों के नाम एवं उनके अध्यक्षों की सूची शीघ्र ही जारी की जाएगी।

## ईरान ने ब्रिटेन–अमेरिकी बेस को बनाया निशाना, परमाणु केंद्र पर फिर हमला

**काहिरा (एपी), 21 मार्च (एजेंसियां)।**

मध्य-पूर्व में जारी युद्ध के चौथे सप्ताह में प्रवेश करते ही संघर्ष ने और भी घातक मोड़ ले लिया है। ईरान ने हिंद महासागर में स्थित ब्रिटेन और अमेरिका के संयुक्त सैन्य बेस को निशाना बनाया है, वहीं ईरान के मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र पर एक बार फिर जोरदार हमला हुआ है।ईरान द्वारा डिएगो गार्सिया एयर बेस पर किया





गया यह हमला रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बेस ईरान से लगभग 4,000 किलोमीटर (2,500 मील) दूर स्थित है। इस हमले से यह संकेत मिलता है कि तेहरान के पास ऐसी मिसाइलें मौजूद हैं जो उसकी पूर्व घोषित क्षमता से कहीं अधिक दूरी तक मार कर सकती हैं, या उसने हमले के लिए अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का उपयोग किया है। ▶10पर

### 2047 तक दक्षिण एशिया का

# ‘नाइट-टाइम कैपिटल’ बनेगा हैदराबाद



**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो):**

राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक हैदराबाद को दक्षिण एशिया की ‘नाइट-टाइम कैपिटल’ (रात्रिकालीन राजधानी) के रूप में विकसित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। सरकार का लक्ष्य हैदराबाद को एक ऐसे 247 वैश्विक शहर में बदलना है, जहाँ संस्कृति, उद्यम और नवाचार निरंतर फलें-फूलें। यह विजन ‘तेलंगाना राइजिंग 2047’ के तहत राज्य की 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के अनुरूप है।

**मूसी कायाकल्प और नाइट बाज़ार बनेंगे आधार**

बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को विधानसभा में पेश ’तेलंगाना सामाजिक-आर्थिक आउटलुक 2026’ के अनुसार, इस विजन को साकार करने में मूसी पुनरुद्धार परियोजना की भूमिका अहम होगी। गंडिपेट से गौरेली तक 55 किलोमीटर लंबे आर्थिक-मनोरंजन कॉरिडोर का विकास किया जा रहा है। यहाँ रात 1 बजे तक चलने वाले नाइट बाज़ार, पर्यटन केंद्र और वेंडिंग ज़ोन स्थापित किए जाएंगे, जिससे रात के समय वाणिज्य, रोजगार और आतिथ्य सत्कार क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

**परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संगम**

हैदराबाद की पुरानी परंपराओं, जैसे रमजान के दौरान चारमीनार, लाड बाज़ार और पत्थर गट्टी में सुबह 5 बजे तक चलने वाली रौनक, हलीम और ईरानी चाय की संस्कृति को अब पूरे शहर में विस्तारित करने की योजना है। इसके साथ ही इंदिरा महिला शक्ति बाज़ार के माध्यम से ▶10पर

## रेवंत ‘रयथु भरोसा’ आज

**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो):**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी रविवार को सिद्दीपेट जिले के नंगुनूरु मंडल के नार्मेटा गांव में ‘रयथु भरोसा’ सहायता की पहली किस्त वितरित करेंगे। इसके साथ ही मौजूदा रबी सीजन के लिए किसानों को वित्तीय सहायता देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

योजना के पहले चरण में, मुख्यमंत्री एक एकड़ तक की भूमि वाले लगभग 70 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 3,590 करोड़ जारी करेंगे। इसके तहत प्रति एकड़ 6,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार ने रयथु भरोसा के तहत चरणबद्ध वितरण की योजना बनाई है, जिसमें 2,650 करोड़ की दूसरी किस्त 9 अप्रैल को और शेष 2,860 करोड़ अप्रैल के अंत तक जारी किए जाएंगे।

दौरे के दौरान मुख्यमंत्री नार्मेटा में 300 करोड़ की लागत से निर्मित अत्याधुनिक ऑयल पाम प्रोसेसिंग फैक्ट्री का भी उद्घाटन करेंगे। 32 एकड़ में फैली इस फैक्ट्री का निर्माण मात्र 16 महीने में पूरा किया गया है।

### कार्टून कॉर्नर




### रेस्तरां-ढाबों को राहत

## केंद्र ने 20% बढ़ाया कॉमर्शियल एलपीजी का आवंटन

**नयी दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

केंद्र सरकार ने शनिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कॉमर्शियल एलपीजी की अतिरिक्त 20% आपूर्ति को मंजूरी दी है। इस निर्णय से रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी क्षेत्र, राज्य सरकार और स्थानीय निकाय द्वारा चलाई जाने वाली कैंटीन और कम्युनिटी किचन को महत्वपूर्ण राहत मिलेगी। यह 20% अतिरिक्त आवंटन प्रवासी मजदूरों के 5 किलोग्राम



वाले सिलेंडरों की रिफिलिंग के लिए भी मिलेगा। केंद्र ने जब कॉमर्शियल एलपीजी की सप्लाई में कटौती की थी तो इससे छोटे स्तर के कारोबारियों पर काफी असर पड़ा था। अब 20% की अतिरिक्त आपूर्ति के बाद राज्यों को कॉमर्शियल एलपीजी का बंटवारा 50% तक हो सकेगा। सरकार ने पहले राज्यों को कॉमर्शियल एलपीजी के बंटवारे में 20% तक की मंजूरी दी थी और इसके अलावा 10% अतिरिक्त आवंटन देने की व्यवस्था भी की गई थी। केंद्र सरकार ने एलपीजी के कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल उपभोक्ताओं के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे पब्लिक सेक्टर ▶10पर



# राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्धविराम की संभावना से किया इनकार कहा – मिट्टी में मिलाकर ही दम लेंगे





**वाशिंगटन, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष अब एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है जहां कूटनीति के रास्ते लगभग बंद नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ किसी भी तरह के युद्धविराम की संभावना को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ईरान को मिट्टी में मिलाकर ही दम लेंगे। ट्रंप के इस सख्त रुख ने न केवल वैश्विक तेल बाजार में हलचल मचा दी है, बल्कि भारत जैसे देशों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, जिनके दर्जनों व्यापारिक जहाज वर्तमान में संघर्ष क्षेत्र में फंसे हुए हैं। शुक्रवार को व्हाइट हाउस से प्रस्थान करते समय राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने इरादे स्पष्ट करते हुए कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हो सकते हैं, लेकिन युद्धविराम का विकल्प उनके पास नहीं है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि जब आप दूसरे पक्ष की सैन्य क्षमता को पूरी तरह नष्ट करने की राह पर हों, तब युद्धविराम जैसा कोई शब्द नहीं रह जाता। ट्रंप का यह बयान संकेत देता है कि अमेरिका इस बार ईरानी सैन्य बुनियादी ढांचे को नेस्तनाबूद करने के लक्ष्य पर अडिग है। हालांकि, ईरान के मुख्य तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर संभावित हमले को लेकर उन्होंने सस्पेंस बरकरार रखा है। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने पर भी बेरुखी दिखाई है, जो दुनिया के कुल तेल और गैस प्रवाह के पांचवें हिस्से का मार्ग है। उन्होंने नाटो और अन्य वैश्विक शक्तियों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनमें इस संकट में मदद करने का साहस नहीं है। साथ ही, उन्होंने चीन और जापान जैसे देशों को खुद आगे आकर इस जलमार्ग को खुलवाने की सलाह दी है। ट्रंप ने ब्रिटेन की भी आलोचना की और अपेक्षा जताई कि उन्हें अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में और अधिक तेजी से सहयोग करना चाहिए था। इस युद्धप्रिय नीति का सीधा असर भारत पर पड़ता दिख रहा है। वर्तमान में भारत के कम से कम 22 जहाज फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। युद्धविराम नहीं की नीति के कारण यह क्षेत्र लंबे समय तक अशांत रह सकता है, जिससे न केवल तेल की कीमतें आसमान छूने का खतरा है, बल्कि भारतीय टैंकरों की सुरक्षित वापसी भी चुनौतीपूर्ण हो गई है। भारत अब अपने ऊर्जा हितों और जहाजों को निकालने के लिए बैक-चैनल कूटनीति का सहारा ले रहा है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि ट्रंप इस मामले में चीन को शामिल करना चाहते हैं।


## न्यूज ब्रीफ

### नेपाल में बर्फबारी और भूस्खलन के कारण कई राजमार्ग अवरुद्ध




**काठमांडू।** नेपाल के विभिन्न हिस्सों में लगातार बारिश, हिमपात और भूस्खलन के कारण प्रमुख राजमार्गों पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है, जिससे सैकड़ों यात्री रास्ते में फंस गए हैं। रुकुम पूर्व में भारी हिमपात के चलते मध्यपहाड़ी लोकमार्ग का लुकुम-पातिहाल्ना खंड अवरुद्ध हो गया है। जिला प्रहरी कार्यालय के अनुसार, इस मार्ग पर 7 बसें, 1 जीप और 5 मोटरसाइकिल फंसी हुई हैं, जबकि 250 से अधिक यात्री फंसे पड़े हैं। काठमांडू से चली रात्रि बसें भी इसी क्षेत्र में फंसी हुई हैं। लगातार बर्फबारी और बारिश के कारण सड़क संचालन बहाल करना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इसके अलावा, इलाके में फोन सेवा भी बाधित है, जिससे राहत और समन्वय कार्य प्रभावित हो रहा है। जिला प्रहरी कार्यालय रुकुम पूर्व के पुलिस नायब उपरीक्षक केशवराज ज्ञवाली ने बताया कि इस खंड में काठमांडू से चली रात्रि बसें भी फंसी हुई हैं। इसी तरह, देश के पश्चिमी क्षेत्र में भी हालात गंभीर बने हुए हैं। शनिवार सुबह से हुई बारिश और भूस्खलन के कारण पूर्व-पश्चिम राजमार्ग के दाउन्ने खंड और सिद्धार्थ राजमार्ग के बुटवल-पाल्पा सड़क खंड पर यातायात ठप हो गया है। पाल्पा के दोभान स्थित सिद्धबाबा क्षेत्र में पत्थरों सहित भूस्खलन होने से सड़क पूरी तरह बंद हो गई है। ट्रैफिक प्रबंधन कार्यालय बुटवल के अनुसार, दाउन्ने खंड में सड़क अत्यधिक फिसलन भरी हो गई है, जिससे दोनों ओर से यातायात रुक गया है। वाहनों को वैकल्पिक रूप से पाल्पा मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया था, लेकिन वह मार्ग भी अब अवरुद्ध हो चुका है। पुलिस के अनुसार, सड़क खोलने के प्रयास जारी हैं, हालांकि लगातार बारिश के कारण काम में बाधा आ रही है। फिलहाल, देश के विभिन्न हिस्सों में मौसम की मार से जनजीवन प्रभावित है और यातायात व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई है।

### समय के साथ ही दुनिया में खत्म होता जा रहा ट्राफी वाइफ का चलन



**न्यूयार्क।** पुराने दौर की हालीवुड फिल्में हों या मशहूर उपन्यास, एक सीन हमेशा कामन होता था- सफेद बालों वाला बेहद अमीर बिजनेसमैन, जो अपने बगल में खुद से आधी उम्र की बेहद खूबसूरत पत्नी का हाथ थामे किसी पार्टी में आता है। समाज में इस चलन को ट्राफी वाइफ का नाम दिया गया। तब ऐसा माना जाता था कि जैसे-जैसे आदमी की तिजोरी भरती है, उसकी पत्नी की उम्र घटती है। लेकिन हालिया आंकड़ों ने इस फिल्मी कहानी को पूरी तरह पलट दिया है। अमेरिका के सबसे अमीर जोड़ों पर किए गए नए विश्लेषण से पता चला है कि अब रईस दंपतियों में उम्र का फासला तेजी से कम हो रहा है। 2013 के शोध के मुताबिक उस समय फोर्ब्स 400 की सूची में शामिल दुनिया के सबसे अमीर पुरुषों और उनकी पत्नियों के बीच औसतन 7 साल का अंतर था। आम लोगों में यह अंतर महज 2-3 साल का होता था। हाल के वर्षों में यह फर्क घटा और 2024 तक सबसे अमीर और औसत समूह में 10 साल या उससे ज्यादा का अंतर करीब समान हो गया।

### हिंद महासागर में अमेरिकी ताकत का केंद्र डिएगो गार्सिया पर ईरान ने दागी मिसाइल



**तेहरान।** ईरान ने हिंद महासागर में मौजूद अमेरिका और ब्रिटेन के साझा सैन्य अड्डा डिएगो गार्सिया पर हमला किया है। ईरान ने डिएगो गार्सिया बेस पर मध्यम दूरी की दो मिसाइलें दागी। हालांकि ये मिसाइलें अमेरिकी सैन्य अड्डे को भेद पाने में नाकाम रहीं और बेस को कोई नुकसान नहीं पहुंचने का दावा किया गया है। ईरान इंटरनेशनल ने वाल स्ट्रीट जर्नल के हवाले से शुक्रवार को बताया कि ईरान ने हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। जिसमें एक मिसाइल उड़ान के दौरान विफल रही और दूसरी को अमेरिकी एसएम-3 प्रणाली ने रोक लिया, लेकिन दोनों में से कोई भी अड्डे पर नहीं गिरी।रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि ईरान ने ये मिसाइलें कब दागी थीं। ईरान की मिसाइलें सैन्य अड्डे को नुकसान पहुंचाने में नाकाम रहीं लेकिन इस हमले ने ईरान की मिसाइल क्षमता को लेकर नई बहस शुरू कर दी है। ईरान से डिएगो गार्सिया की दूरी लगभग 3,795 से 4,118 किलोमीटर है जो ईरान की अब तक ज्ञात किसी भी मिसाइल क्षमता से ज्यादा दूरी पर है। हिन्द महासागर के बीचों-बीच स्थित डिएगो गार्सिया एक छोटा द्वीप है, लेकिन इसकी रणनीतिक अहमियत बहुत बड़ी है। चागोस द्वीपसमूह का हिस्सा यह द्वीप अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के बीच स्थित है।

# बच्चे बोलने-चलने से पहले ही दिखाने लगते हैं चालाकियां

**लंदन, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

**बच्चे बोलना या ठीक से चलना सीखने से पहले ही छोटे-छोटे झूठ या चालाकियां दिखाने लगते हैं। हाल ही में इंसानों के व्यवहार को लेकर की गई एक नई रिसर्च ने चौंकाने वाले तथ्य सामने रखे हैं। यह निष्कर्ष यूनिवर्सिटी आफ ब्रिस्टोल के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में सामने आया है, जिसने मानव व्यवहार को लेकर नई बहस छेड़ दी है। यह अध्ययन प्रोफेसर इलेना हाइका के नेतृत्व में किया गया। रिसर्च के दौरान ब्रिटेन, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और कनाडा के 750 से अधिक माता-पिता से बातचीत की गई। उनसे पूछा गया कि उनके छोटे बच्चे किस तरह के व्यवहार दिखाते हैं और किस उम्र में धोखे जैसी आदतें दिखाई देने लगती हैं। अध्ययन में पाया गया कि करीब 10 महीने की उम्र तक लगभग 25 प्रतिशत बच्चे किसी न किसी रूप में धोखे को समझने लगते हैं। यह संख्या 17 महीने की उम्र तक लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। वहीं तीन साल की उम्र तक कई बच्चे झूठ बोलने या बहाने बनाने में काफी कुशल हो जाते हैं।**




रिसर्च में यह भी सामने आया कि बच्चों में धोखे की शुरुआत बहुत छोटे और सरल रूपों से होती है। जैसे किसी बात को सुनकर भी अनसुना करने का नाटक करना, अपनी पसंदीदा चीज छिपा देना या मना की गई चीज को चोरी-छिपे खा लेना। कई माता-पिता ने बताया कि उनके बच्चे ऐसी हरकतें बहुत कम उम्र में ही करने लगते हैं। एक मामले में तो एक माता-पिता ने बताया कि उनका लगभग आठ महीने का बच्चा भी शुरुआती स्तर का धोखा देने जैसा व्यवहार दिखा रहा था। प्रोफेसर होइका के अनुसार बच्चों का यह व्यवहार जानबूझकर किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं होता, बल्कि यह अधिकतर परिस्थितियों से बचने या अपनी इच्छा पूरी करने की कोशिश होती है। उदाहरण के तौर पर बच्चा डांट से बचने के लिए बहाना बना सकता है या अपनी पसंद की चीज पाने के लिए चालाकी दिखा सकता है। जैसे-जैसे बच्चे की भाषा विकसित होती है और वह दूसरों के सोचने के तरीके को समझने लगता है, वैसे-वैसे उसके झूठ भी ज्यादा जटिल और रचनात्मक हो जाते हैं। अध्ययन में कुल 16 तरह के धोखे या भ्रामक व्यवहारों का उल्लेख किया गया है। इनमें अतिशयोक्ति करना, किसी गलती से इनकार करना, अनसुना करने का नाटक करना और चीजों को छिपाना जैसे तरीके शामिल हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि तीन साल की उम्र तक बच्चे ऐसे व्यवहार अधिक बार और कई अलग-अलग तरीकों से करने लगते हैं।

### गिलगित-बाल्टिस्तान में आवश्यक सेवाओं की कमी के कारण मानवीय संकट गहराया

**लंदन।** पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान में आवश्यक सेवाओं की कमी के कारण मानवीय संकट गहराता जा रहा है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई, बेरोजगारी, खाद्य असुरक्षा और बिजली संकट जैसी समस्याएं राजनीतिक उपेक्षा और सुरक्षा-आधारित प्रशासन के साथ मिलकर हालात को और गंभीर बना रही हैं। यूके स्थित अखबार एशियन लाइट की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इन क्षेत्रों में महिलाओं और छात्रों की बढ़ती भागीदारी वाले विरोध प्रदर्शन समाज में गहरे असंतोष का संकेत हैं, जो लंबे समय से चली आ रही संरचनात्मक उपेक्षा से जुड़ा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बिजली की भारी कमी और बढ़े हुए बिल यहां के लोगों के लिए सालभर की समस्या बन गए हैं। विडंबना यह है कि बड़े जलविद्युत परियोजनाओं के बावजूद स्थानीय लोगों को लंबी कटौती झेलनी पड़ती है और उनसे वाणिज्यिक दरों पर शुल्क वसूला जाता है। पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में हालात इतने बिगड़ गए कि विरोध प्रदर्शन क्षेत्रव्यापी बंद में बदल गए। प्रदर्शनकारियों ने महंगे बिजली बिल, बकाया वेतन और नागरिक अधिकारों में कटौती का हवाला देते हुए बिल भरने से इनकार कर दिया। इसके जवाब में प्रशासन ने कई बार गिरफ्तारियां, संचार बंदी और बल प्रयोग का सहारा लिया। वहीं, पाकिस्तान अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान में जमीन के मालिकाना हक का मुद्दा बड़ा विवाद बनकर उभरा है। बड़ी मात्रा में जमीन को सरकारी संपत्ति घोषित किए जाने से स्थानीय लोगों को अपने पुश्तैनी अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। बुनियादी ढांचा और रणनीतिक परियोजनाओं के नाम पर जमीन कब्जाने और बिना मुआवजे विस्थापन के आरोपों ने लोगों में नाराजगी बढ़ाई है।

# खर्राटों को सामान्य समस्या समझकर ना करें नजरअंदाज



**वाशिंगटन, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

यदि नींद पूरी न हो या बार-बार टूटती रहे तो इसका असर सीधे स्वास्थ्य पर पड़ता है। कई लोगों को सोते समय खर्राटे लेने की समस्या होती है। इससे न केवल उनकी अपनी नींद प्रभावित होती है, बल्कि आसपास सोने वाले लोगों की नींद भी खराब हो जाती है। :आमतौर पर लोग इसे सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह कई स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत भी हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि जब सोते समय नाक या गले के रास्ते से हवा का प्रवाह ठीक तरह से नहीं हो पाता, तब खर्राटों की आवाज उत्पन्न होती है। हवा जब संकरे या बाधित मार्ग से गुजरती है तो आसपास के ऊतक आपस में टकराकर कंपन करने लगते हैं, जिससे खर्राटों की आवाज सुनाई देती है। कभी-कभी खर्राटे आना सामान्य माना जाता है, लेकिन अगर यह समस्या लंबे समय तक बनी रहे तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार इसका कारण ऊपरी श्वसन तंत्र में रुकावट होना होता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि समय रहते इस समस्या का समाधान करना जरूरी है, क्योंकि इससे नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है और उच्च रक्तचाप तथा टाइप 2 डायबिटिज जैसी बीमारियों का खतरा भी कम किया जा सकता है। इसलिए यदि खर्राटे लगातार आ रहे हों, तो इसे नजरअंदाज करने के बजाय डाक्टर से सलाह लेना ही बेहतर होता है। रिपोर्ट के अनुसार जब व्यक्ति सांस लेता है तो हवा नाक, मुंह और गले से होते हुए फेफड़ों तक पहुंचती है। अगर तालु, टान्सिल, एडिनोइड्स या जीभ में सूजन या बनावट से जुड़ी समस्या हो तो हवा के गुजरने पर ये ऊतक आपस में टकराने लगते हैं, जिससे घरघराहट जैसी आवाज पैदा होती है। उम्र बढ़ने के साथ गले की मांसपेशियों का लचीलापन कम होना और नाक की हड्डी का टेढ़ा होना भी इसका कारण बन सकता है। कई लोग यह मानते हैं कि खर्राटे लेना गहरी नींद का संकेत है, जबकि यह धारणा सही नहीं है।


अगर खर्राटे बहुत तेज हों और सोते समय सांस रुकने जैसी स्थिति महसूस हो, तो यह स्लीप अपनिया का संकेत हो सकता है। स्लीप एपनिया एक गंभीर स्थिति है, जिसमें नींद के दौरान बार-बार सांस रुक जाती है। इससे शरीर में आक्सीजन का स्तर कम हो सकता है और दिनभर थकान, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन तथा ध्यान केंद्रित करने में परेशानी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में डाक्टर से परामर्श लेना जरूरी होता है। डाक्टर नाक, मुंह और गले की जांच करते हैं और जरूरत पड़ने पर स्लीप स्टडी कराने की सलाह देते हैं।

## समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबलों पर बढ़ा खतरा



**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में जारी युद्ध और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने अब वैश्विक संचार व्यवस्था के लिए एक बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। ईरान द्वारा हार्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली ऊर्जा आपूर्ति को बाधित किए जाने के बाद अब समुद्र के नीचे बिछी उन फाइबर आप्टिक केबलों पर खतरा मंडरा रहा है, जो पूरी दुनिया को इंटरनेट से जोड़ती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन केबलों को नुकसान पहुँचता है, तो भारत सहित दुनियाभर में बैंकिंग, ई-मेल और एआई सेवाओं जैसी डिजिटल सुविधाएं पूरी तरह ठप हो सकती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वैश्विक इंटरनेट डेटा के प्रवाह के लिए दो समुद्री मार्ग सबसे अधिक महत्वपूर्ण और संवेदनशील हैं- पहला हार्मुज और दूसरा लाल सागर का बाब-अल-मंदेब मार्ग। इन दोनों क्षेत्रों के समुद्र तल पर फाइबर केबलों का एक विशाल जाल बिछा हुआ है। हालिया दावों के मुताबिक, ईरान ने हार्मुज में समुद्री सुरंगें बिछा दी हैं, जिससे शिपिंग और बीमा कंपनियां गहरे खौफ में हैं। वहीं, लाल सागर में ईरान समर्थित हुथी समूहों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमलों ने इन केबलों की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ा दी है। हार्मुज के सबसे संकरे हिस्से में समुद्र की गहराई मात्र 200 फीट है, जिससे इन केबलों को निशाना बनाना बेहद आसान हो जाता है।

# ईरान पर लगे प्रतिबंधों में ढील की तैयारी, 3 से 4 दिन में बंदरगाहों तक पहुंचेगा तेल-गैस



**वाशिंगटन, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य और कूटनीतिक तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक अभूतपूर्व संकट खड़ा कर दिया है। इस भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। अमेरिकी ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने शुक्रवार को संकेत दिए कि समुद्र में फंसे ईरानी तेल टैंकरों पर लगे प्रतिबंधों को हटाने से महज तीन से चार दिनों के भीतर एशिया तक तेल की आपूर्ति बहाल की जा सकती है। ऊर्जा सचिव ने एक साक्षात्कार के दौरान स्पष्ट किया कि मौजूदा प्रतिबंधों के कारण ईरान की कच्चे तेल के निर्यात की क्षमता बेहद सीमित हो गई है, जिससे भारी मात्रा में तेल का भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इससे पहले वित्त सचिव स्काट बेसेंट ने भी गुरुवार को इसी तरह के संकेत देते हुए कहा था कि अमेरिकी प्रशासन जल्द ही समुद्र में फंसे टैंकरों पर से पाबंदियां हटा सकता है। इस रणनीतिक कदम का मुख्य उद्देश्य ईरान द्वारा सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट आफ होर्मुज (होर्मुज जलडमरूमध्य) को बंद करने के कारण वैश्विक स्तर पर बढ़ रही तेल की कीमतों को नियंत्रित करना है। गौरतलब है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल व्यापार का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है और यहां ईरान की सक्रियता के कारण कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है। हालांकि, स्थिति जितनी सरल दिख रही है, विशेषज्ञों की राय उससे कहीं अधिक गंभीर है। इस संकट का सबसे भयावह पहलू तेल की कीमतों का अनुमान है। सऊदी अरब के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान से संबंधित आपूर्ति में रुकावटें अप्रैल के अंत तक जारी रहती हैं, तो कच्चे तेल की कीमत 180 डालर प्रति बैरल के पार जा सकती है। आपूर्ति बहाल होने में 6 माह लगेंगे अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने एक चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि खाड़ी देशों से तेल और गैस की पूरी आपूर्ति बहाल करने में कम से कम छह महीने का समय लग सकता है। उन्होंने दुनिया को आगाह किया कि हम इतिहास के सबसे गंभीर ऊर्जा संकट के मुहाने पर खड़े हैं। ऊर्जा अधिकारियों का मानना है कि बाजार के दबाव को कम करने और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल की निरंतर आपूर्ति बनाए रखना अनिवार्य है।

# तेहरान ने संयम बरतते हुए अपनी शक्ति का केवल एक अंश ही इस्तेमाल किया

## यूरोपीय नेताओं ने जल और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों पर रोक लगाने की मांग

**तेहरान, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

ईरान से अमेरिका-इजराइल का संघर्ष जारी है, जिसमें तनाव कम होने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट मुताबिक कि देश ने आपरेशन ट्रू प्रामिस 4 का 66वां चरण शुरू किया है, जिसमें 5 अति-भारी और बहु-युद्धक मिसाइलें तैनात की गई हैं। इसी बीच, पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में ड्रोन और मिसाइल हमलों की खबरें भी सामने आई हैं। आईआरजीसी के मुताबिक आपरेशन ट्रू प्रामिस 4 के 66वें चरण में बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें कई मिसाइल प्रणालियों का इस्तेमाल करते हुए इजराइल और क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।



रिपोर्ट के मुताबिक इन घटनाक्रमों के बीच, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि इजराइली हमले के जवाब में तेहरान ने अपनी शक्ति का केवल एक अंश ही इस्तेमाल किया है। संयम बरतने का कारण तनाव कम करने का अनुरोध था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरानी बुनियादी ढांचे को फिर से निशाना बनाया गया तो बिल्कुल भी संयम नहीं बरता जाएगा। यह घटनाक्रम इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच आया है, जहां दोनों पक्ष मिसाइल हमलों और सैन्य अभियानों से चिह्नित एक बढ़ते संघर्ष में उलझे हुए हैं। इस बीच यूरोपीय नेताओं ने ब्रुसेल्स में युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों से निपटने के लिए हुई बैठक में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और मध्य पूर्व में जल और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों पर रोक लगाने की मांग की है। यूरोपीय परिषद के रूप में सामूहिक रूप से आने-जाने वाले 27 यूरोपीय संघ देशों के सभी प्रमुखों ने एक संयुक्त बयान जारी कर ऊर्जा शिपमेंट को स्थिर करने और युद्धरत पक्षों से तनाव कम करने और अधिकतम संयम बरतने का आह्वान किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने द्रुज समुदाय पर हुए हमलों के जवाब में सीरिया में ठिकानों पर हमला किया है। सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी सीरिया के स्वेदा में द्रुज आबादी पर हुए हमलों के जवाब में सीरियाई बुनियादी ढांचे पर हमला किया। सीरिया की सरकारी एजेंसी ने हमले की पुष्टि नहीं की, जो ईरान को निशाना बनाकर अमेरिका के साथ चल रहे युद्ध के बीच सीरिया पर इजराइल का पहला हमला है। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच नागरिकों के धैर्य की सराहना की और कहा कि जिम्मेदारी और विवेकपूर्ण निर्णय के साथ धीरे-धीरे स्कूल खोलने की दिशा में काम चल रहा है। उन्होंने ये बातें एक्स पर साझा किए गए हिब्रू भाषा के एक वीडियो संदेश में कहीं। इजराइली पीएम ने लोगों के धैर्य के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि हम जिम्मेदारी और विवेकपूर्ण निर्णय के साथ धीरे-धीरे स्कूल खोलने और अपने बच्चों को यथासंभव स्थिरता, सुरक्षा और नियमित दिनचर्या लौटाने के लिए काम कर रहे हैं।

# सालों से लटका था पेरिफेरल एक्सप्रेसवे का पैसा, अब नहीं रुकेंगे दिल्ली के प्रोजेक्ट्स : सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां) ।** राजधानी की यातायात व्यवस्था और पर्यावरण सुधार की दिशा में दिल्ली सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी है कि दिल्ली सरकार ने 'पूर्वी और पश्चिमी पेरिफेरल एक्सप्रेसवे' की भूमि अधिग्रहण लागत में दिल्ली की बकाया हिस्सेदारी के भुगतान के प्रस्ताव को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इन पेरिफेरल एक्सप्रेसवे का मुख्य उद्देश्य दिल्ली को भारी वाहनों के दबाव से मुक्त करना और शहर में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पूर्व की सरकार ने इस महत्व-पूर्ण परियोजना को लेकर कभी गंभीरता नहीं दिखाई और राजनीतिक द्वेष के चलते केंद्र सरकार को जानबूझकर भुगतान रोके रखा, जिससे दिल्ली के हितों को नुकसान पहुंचा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दिनों आयोजित कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग के उस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है, जिसके तहत दिल्ली सरकार कुल बकाया राशि का भुगतान चरणबद्ध तरीके से करेगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट अनुमानों से 500 करोड़ रुपए की पहली किस्त केंद्र सरकार/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जारी की जाएगी। बाकी बची 3203.33 करोड़ रुपए की राशि भविष्य के बजट प्रावधानों के आधार पर किस्तों में दी जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार 2018 में शुरू हुए इन एक्सप्रेसवे ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश के माध्यम से दिल्ली को एक सुरक्षा घेरा (यातायात के लिए) प्रदान किया है। इस भुगतान से अंतर-राज्यीय वित्तीय मुद्दों का समाधान होगा और भविष्य



की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए केंद्र के साथ समन्वय बेहतर होगा। इससे न केवल यात्रियों के समय की बचत हो रही है, बल्कि दिल्ली की हवा को साफ रखने में भी बड़ी मदद मिल रही है।इस भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछली सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार दिल्ली के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं थी। उसका एकमात्र एजेंडा केंद्र सरकार के साथ अनावश्यक विवाद पैदा करना और विकास कार्यों में अड़ंगे डालना था। उन्होंने कभी नहीं चाहा कि दिल्ली की यातायात व्यवस्था में सुधार हो, इसीलिए वर्षों तक इस भुगतान को लटकाए रखा गया। इस निर्णय से यह सुनिश्चित होगा कि दिल्ली की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं अब धन की कमी या राजनीतिक गतिरोध के कारण नहीं रुकेंगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस कदम से राजधानी 'स्मार्ट और प्रदूषण मुक्त' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य केंद्र के साथ मिलकर विकास की गति को तेज करना है।

पूर्वी पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) और पश्चिमी पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (डब्ल्यूपीई) ने मिलकर दिल्ली के चारों ओर 'स्मार्ट रिंग रोड' का निर्माण किया है। लगभग 135-135 किलोमीटर लंबे ये छह-लेन एक्सप्रेसवे उन लाखों भारी ट्रकों और कमर्शियल वाहनों को दिल्ली की सीमा के बाहर ही रोक देते हैं, जिन्हें केवल दिल्ली से होकर गुजरना होता है। इससे दिल्ली की सड़कों पर अनावश्यक दबाव कम हुआ है। दिल्ली में प्रवेश करने वाले डीजल वाहनों की संख्या घटने से प्रदूषण की संभावना भी कम हो जाती है। इसके अलावा, जाम से मुक्ति और समय की बचत भी हो रही है।इनके कारण रिंग रोड, बाहरी रिंग रोड और प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों (जैसे एनएच-44 और एनएच-48) पर ट्रैफिक की भीड़भाड़ कम हुई है। इससे दिल्ली के भीतर यात्रा करने वाले यात्रियों के समय और ईंधन, दोनों की बड़ी बचत हो रही है। विशेष बात यह भी है कि हरियाणा (कुंडली, मानेसर, पलवल) और उत्तर प्रदेश (गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बागपत) को जोड़ने वाले ये एक्सप्रेसवे उत्तर भारत के लॉजिस्टिक्स और व्यापार के लिए रीढ़ की हड्डी बन चुके हैं। यह परियोजना भारत की पहली 'स्मार्ट और ग्रीन' एक्सप्रेसवे मानी जाती है, जहां सौर ऊर्जा का उपयोग और ड्रिप इरिगेशन के जरिए हरियाली को बढ़ावा दिया गया है।

# अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों की सरकार ने अब तक नहीं की निंदा : जयराम रमेश



**नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां) ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमले को लेकर कहा कि हवाई हमले शुरू हुए ठीक 21 दिन बीत चुके हैं। प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा से वापसी को भी 23 दिन हो चुके हैं, जिसका खूब प्रचार किया गया था।

उन्होंने कहा कि क्या मोदी सरकार ने अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए भारी हवाई हमले की निंदा या आलोचना की है, जिसके कारण भारत सहित हर जगह गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

इसका सीधा सा उत्तर है कि अब तक नहीं। क्या मोदी सरकार ने अमेरिका व इजरायल की ओर से किए गए हमलों में ईरान के शीर्ष नेताओं की मौत की निंदा या आलोचना की? उत्तर है नहीं।

जयराम रमेश ने कहा कि क्या मोदी सरकार ने अमेरिका और इजरायल की ओर से सत्ता परिवर्तन और राज्य के पतन के लिए किए जा रहे क्रूर प्रयासों की निंदा या आलोचना की है, जिससे ईरान में गृहयुद्ध छिड़ सकता है? उत्तर है नहीं।

क्या मोदी सरकार ने ईरान पर बमबारी और खाड़ी देशों में ऊर्जा व अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे पर ईरान के हमलों को तत्काल रोकने के लिए गंभीर राजनयिक प्रयास और पहल की हैं? क्या प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति और इजरायली प्रधानमंत्री के साथ अपनी बहुचर्चित मित्रता का इस्तेमाल युद्धविराम कराने के लिए किया है? उत्तर है नहीं।

उन्होंने कहा कि ये चारों 'नहीं' भारत के सभ्यतागत मूल्यों के प्रति नैतिक कायरता और राजनीतिक विश्वासघात को दर्शाते हैं।

बता दें कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष चल रहा है। अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खेमेनेई की मौत हो गई थी। इसके बाद ईरान ने भी इजरायल और अमेरिकी ठिकानों पर भीषण हमले किए हैं। ईरान ने हाल ही में कतर के एनर्जी इंफ्रास्टक्चर पर हमला किया, जिससे कतर को भारी नुकसान पहुंचा है।

# चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल और एलपीजी कीमतें बढ़ेंगी, MSME पर चोट पहुंचेगी : राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां) ।** पश्चिमी एशिया में चल रही जंग और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर भारतीय करेंसी पर पड़ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। इसे लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार का घेराव किया। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी- ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे इसे 'नॉर्मल' बताए, लेकिन हकीकत ये है कि उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे। एमएसएमई को सबसे ज्यादा चोट लगेगी। रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे। एफआईआई का पैसा और तेजी से बाहर जाएगा, जिससे शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि यानी हर परिवार की जेब पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ना तय है। और यह सिर्फ वक्त की बात है-चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल, और एलपीजी की कीमतें भी बढ़ा दी जाएंगी। मोदी सरकार के पास न दिशा है, न रणनीति-सिर्फ बयानबाजी है। सवाल यह नहीं कि सरकार क्या कह रही है-सवाल यह है कि आपकी थाली में क्या बचा है।आपको बता दें कि पिछले दिनों कांग्रेस सांसद ने कहा था कि दुनिया तेजी से बदल रही है। संकट हमारे दरवाजे पर है। अगर सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो एलपीजी, पेट्रोल और डीजल करोड़ों भारतीय परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन जाएंगे। सच्चाई साफ है-केंद्र सरकार ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता कर दिया है।उन्होंने यह भी कहा था कि कमजोर और दिशाहीन विदेश नीति ने देश को इस खतरनाक स्थिति में ला खड़ा किया है। अब समय है सच बताने का और देश को तैयार करने का। वरना इसकी कीमत भारत के आम लोग चुकाएंगे।

# हिमाचल प्रदेश के बजट में पहली बार 3,586 करोड़ रुपए की कटौती, कुल परिव्यय 54,928 करोड़ रुपए रहा

**शिमला, 21 मार्च (एजेंसियां) ।** राज्य के इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश ने अपने बजट में 3,586 करोड़ रुपए की कटौती की है। इसके तहत वित्त वर्ष 58,514 करोड़ रुपए से घटकर 2026-27 के लिए 54,928 करोड़ रुपए का बजट रह गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने बजट भाषण में सरकार के निर्णय को उचित ठहराते हुए कहा कि बजट में कटौती का निर्णय पिछली भाजपा सरकार द्वारा छोड़े गए बढ़ते कर्ज के जाल से निपटने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकलुभावन उपायों का समय समाप्त हो गया है, क्योंकि अनुत्पादक व्यय में कटौती करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी इलाकों के लोग मजबूत और जुझारू होते हैं और वे वित्तीय संकट का बहादुरी से सामना करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 1952 के बाद यह पहली बार है कि केंद्र द्वारा राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) के बिना बजट पेश किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे गरीब



लोगों की पहचान करके उनके उत्थान का कार्य किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, राज्य की बीपीएल लिस्ट में विशेष रूप से सबसे गरीब परिवारों के नाम शामिल किए जाएंगे। वर्तमान में राज्य में 26.5 लाख बीपीएल परिवार हैं, और अब सरकार उनके उत्थान के लिए सबसे गरीब लोगों की पहचान कर रही है। मुख्यमंत्री अपना सुखी परिवार योजना के तहत एक लाख वंचित सबसे गरीब परिवारों की सहायता की जाएगी।उन्होंने कहा, इन परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। इनमें से लगभग 27,000 परिवार जिनके पास पक्के मकान नहीं हैं, उन्हें मकान बनाने में मदद की जाएगी और गारंटी के तहत इन परिवारों की सभी महिलाओं को 1,500 रुपए दिए जाएंगे।जब मुख्यमंत्री ने कहा कि आरडीजी पर राज्य का समर्थन न करने वालों ने हिमाचल के हितों के साथ विश्वासघात किया है, तो विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायक सदन के वेल में पहुंच गए। 20 मिनट के हंगामे के बाद सीएम ने फिर से अपना भाषण शुरू किया।

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपना चौथा बजट पेश करते हुए कहा, हिमाचल प्रदेश राज्य को दी जाने वाली आरडीजी (अनुसंधान, विकास और विकास) योजनाओं का अनुदान रोकना राज्य की जनता के साथ अन्याय है। मत्स्य पालन क्षेत्र में सीएम ने मुख्यमंत्री मछली सहायता योजना के तहत मछली खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 100 रुपए प्रति किलोग्राम घोषित किया।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश आस्था और धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। यहां श्रीनैना देवी, श्रीचिंतपूर्णी जी, श्रीबाबा बालक नाथ जी, श्रीज्वाला देवी जी और श्रीब्रजेश्वरी देवी जी जैसे विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ स्थित हैं।

# सरकार ने कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गैस सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी पर छापेमारी जारी

**नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां) ।** सरकार ने शनिवार को कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर अब 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें पहले से दिए गए 20 प्रतिशत और पीएनजी विस्तार से जुड़े सुधारों के आधार पर दिए गए 10 प्रतिशत के साथ अब अतिरिक्त 20 प्रतिशत आवंटन जोड़ा गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, यह अतिरिक्त 20 प्रतिशत एलपीजी उन क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा जहां इसकी ज्यादा जरूरत है। इनमें रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, फूड प्रोसेसिंग और डेयरी यूनिट, सरकारी सब्सिडी वाले कैंटीन, कम्युनिटी किचन और प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलो वाले सिलेंडर शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार गैर-घरेलू एलपीजी के वितरण के आदेश जारी कर दिए हैं। बाकी राज्यों में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध करा रही हैं। पिछले एक हफ्ते में करीब 13,479 मीट्रिक टन एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की गई है।

शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों को प्राथमिकता दी गई है और कुल कमर्शियल एलपीजी का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं



क्षेत्रों को दिया जा रहा है।इस बीच, सरकार ने शनिवार को बताया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में अब तक 3,500 से ज्यादा छापे मारे गए हैं और करीब 1,400 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।तेल कंपनियों के अधिकारियों ने 2,000 से ज्यादा पेट्रोल पंप और एलपीजी एजेंसियों पर अचानक जांच भी की है, ताकि सप्लाई सुचारू बनी रहे और किसी तरह की गड़बड़ी न हो।सरकार ने कहा कि युद्ध जैसे हालात के बावजूद घरेलू एलपीजी और पीए-नजी को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है, साथ ही अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों को भी प्राथमिकता दी गई है।एलपीजी की मांग को संतुलित करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जैसे रिफाइनरी उत्पादन बढ़ाना, शहरी क्षेत्रों में सिलेंडर बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन करना और ग्रामीण क्षेत्रों में इसे 45 दिन तक करना।इसके अलावा, केरोसिन और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। राज्यों को अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर केरोसिन दिया गया है और उन्हें इसके वितरण के लिए जगह तय करने को कहा गया है।

कोयला मंत्रालय ने भी कोल इंडिया और सिंगरेनी कोलियरीज को निर्देश दिए हैं कि वे राज्यों को ज्यादा कोयला उपलब्ध कराएं ताकि छोटे और मध्यम उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरी हो सकें।सरकार ने यह भी कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात के कारण एलपीजी सप्लाई चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन घरेलू उत्पादन बढ़ाया गया है और पैनिक बुकिंग में कमी आई है। अब ज्यादातर डिलीवरी डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) के जरिए हो रही है।तेल कंपनियों के अनुसार, किसी भी रिटेल आउटलेट पर ईंधन की कमी नहीं है और पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में खरीदारी न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

सरकार ने कहा है कि देश में एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे डिजिटल तरीके से बुकिंग करें, एजेंसियों पर जाने से बचें और होम डिलीवरी का उपयोग करें।

# दोहरे हत्याकांड का इनामी आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार, बांदीकुई में महिला स्मैक तस्कर भी पकड़ी

**दौसा, 21 मार्च (एजेंसियां) ।** मण्डावर थाना पुलिस व साइबर सेल ने दोहरे हत्याकाण्ड के 3 साल से फरार इनामी अपर-ाधी रामबाबू उर्फ तुलसी योगी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम था। वह सिरसी रोड मूंडिया जयपुर में परिवार सहित फरारी काट रहा था। 16 जनवरी 2023 को पालोदा गांव में आपसी रंजिश में दो लोगों की हत्या की गई थी। थानाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि विश्राम पुत्र नारायण लाल योगी निवासी पालोदा अपने परिवारजनों के साथ प्रातः 8.00 बजे घर के सामने खुले चौक में ताप रहा था। तभी अचानक एकराय होकर मोती वगैरा 30-40 आदमी रायफल, पिस्टल, लाठी डण्डा लेकर आये और आते ही रायफल से हीरालाल व अलका के गोली मार दी। कट्टा से फायर कर नीतू को घायल किया एवं मकान पर पथराव किया, इस घटना में हीरालाल व अलका की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा पथराव में एक बकरी मर गई। इस दोहरे हत्याकाण्ड में फरार चल रहे रामबाबू उर्फ तुलसीराम पुत्र ब्रदीप्रसाद योगी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी में कांस्टेबल दशरथ सिंह की विशेष भूमिका रही। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को सिरसी रोड जयपुर मुंडिया रामसर गांव से गिरफ्तार किया गया। वारदात के बाद वह फरार होकर किसी परिचित के मार्फत मुंडिया रामसर पहुंचा और मजदूरी करने लगा, बाद में पत्नी और बच्चों को भी बुलवा लिया एवं परिवार से सम्पर्क बन्द कर मजदूरी कर फरारी काट रहा था।

# मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पोते के जन्मदिन पर तिरुमाला में की पूजा, अन्नप्रसाद किया वितरित



**तिरुमाला, 21 मार्च (एजेंसियां) ।** अपने पोते नारा देवांश के जन्मदिन के अवसर पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अपने परिवार के साथ तिरुमाला में शनिवार को भगवान श्री वेंकटेश्वर की पूजा की। हर साल की तरह मुख्यमंत्री ने भगवान की पवित्र सेवा में भाग लिया। बाद में उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मातृश्री तारिगोंडा वेंगमम्बा अन्नप्रसाद परिसर में भक्तों को अन्न प्रसाद वितरित किया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के परिवार में उनकी पत्नी नारा भुवनेश्वरी (टीडीपी संस्थापक एनटीआर की बेटी) और बेटा नारा लोकेश हैं। लोकेश टीडीपी सरकार में मंत्री भी रहे हैं। लोकेश और ब्राह्मणी के बेटे नारा देवांश के जन्मदिन पर पूरा परिवार तिरुमाला मंदिर पहुंचा था। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री, नारा देवांश और लोकेश ने श्रद्धालुओं को अन्नप्रसाद परोसा। गौरतलब है कि पिछले साल 21 मार्च को भी पोते देवांश के जन्मदिन पर भी एन चंद्रबाबू नायडू परिवार समेत वेंगामम्बा अन्नदान केंद्र पहुंचे थे, जहां उन्होंने तिरुमाला में नाश्ते के लिए 10 लाख रुपये, दोपहर के भोजन के लिए 17 लाख रुपये और रात के खाने के लिए 17 लाख रुपये (कुल 44 लाख रुपये) रुपये का दान किया था। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उनका परिवार पोते देवांश के जन्मदिन पर हर साल तिरुमाला जाते हैं और भगवान तिरुपति बालाजी का आशीर्वाद लेते हैं। सीएम ने हर साल की परंपरा को इस साल भी जारी रखा है।

वहीं, मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिया था कि तेज हवाओं, बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान के कारण राज्यभर में फसलों को हुए नुकसान का विस्तृत अनुमान दो दिनों के भीतर तैयार करें। मुख्यमंत्री ने अपने कैंप कार्यालय से जिला कलेक्टरों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस में ये निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने सीएम को जानकारी दी कि 12 जिलों के 42 मंडलों में फसलों को नुकसान पहुंचा है। 4,840 हेक्टेयर में फैली मक्का की फसल, 1,534 हेक्टेयर में फैली धान की फसल और 310 हेक्टेयर में फैली काले चने की फसल क्षतिग्रस्त हो गई है। अनुमान है कि नुकसान 40 करोड़ रुपए के आसपास है।

# सागर में चलती कार में आग लगी, चिकित्सक की पत्नी जिंदा जली

**सागर, 21 मार्च (एजेंसियां) ।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में शनिवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां चलती कार में अचानक आग लग गई, जिससे चिकित्सक की पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई। कार में सवार चिकित्सक और दो अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, गढ़ाकोटा निवासी नीलेश पटेल शनिवार की सुबह अपनी पत्नी सीमा और दो अन्य लोगों के साथ सागर जा रहे थे। इसी दौरान कार में अचानक आग लग गई। यह हादसा सागर के करीब दमोह रोड पर चनाटोरिया क्षेत्र में हुआ। कार में आग लगते ही चीख-पुकार मच गई। चिकित्सक नीलेश पटेल और उनके दो अन्य सहयोगी आग की लपटों के बीच सुरक्षित कार से बाहर निकल आए, मगर चिकित्सक की पत्नी सीमा बाहर नहीं निकल पाई और कार के भीतर ही जिंदा जल गई।चिकित्सक पटेल के अनुसार, उनकी पत्नी सीमा को सीने में दर्द था और वह उनको उपचार के लिए सागर ले जा रहे थे। दो अन्य सहयोगी भी उनके साथ थे, तभी अचानक कार में आग लग गई और उनकी पत्नी जिंदा जल गई।बताया गया है कि आग लगते ही चीख पुकार शुरू हो गई। हादसा स्थल पर कुछ लोग और पुलिस जवान पहुंचे, जिन्होंने आग पर काबू पाने की कोशिश की। इस अग्निकांड में कार पूरी तरह जल गई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि मृतक सीमा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।चिकित्सक नीलेश पटेल का गढ़ाकोटा से नाता है और वह काफी समय से वहां लोगों का इलाज कर रहे हैं। चिकित्सक की पत्नी की मौत की जानकारी मिलते ही गढ़ाकोटा में बड़ी संख्या में लोग डॉक्टर पटेल के निवास पर शोक जताने पहुंच रहे हैं।



# तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स में रश्मिका का जलवा, राज्य स्तर का सम्मान पाकर हुईं भावुक

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने तेलुगु फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के लिए 'तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स' में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अपने नाम किया। शुक्रवार को अभिनेत्री ने अवॉर्ड मिलने की खुशी फैंस के साथ जाहिर की। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अवॉर्ड के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं। कुछ तस्वीरों में रश्मिका की सास, विजय देवरकोंडा की मां, भी नजर आ रही हैं। विजय की मां हाथ में अवॉर्ड लिए हुए हैं, तो रश्मिका उन्हें प्यार से गले लगाए हुए हैं। उनका लुक काफी एलिगेंट लग रहा है। तस्वीरें देख रश्मिका की खुशी साफ झलक रही है। अभिनेत्री ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा, बचपन में जब मैं किसी को राज्य स्तर पर अवॉर्ड जीतते देखती थी, तो उन्हें देखकर सुपरस्टार जैसा लगता था। मैं सोचती थी कि उन्होंने यह सम्मान कैसे हासिल किया होगा और उनका दिन कैसा होता होगा, लेकिन अब राज्य स्तर का अवॉर्ड मिलने पर वो खुशी का एहसास हो रहा है। मुझे गर्व, खुशी और संतोष तीनों का अनुभव हो रहा है।

अभिनेत्री ने कहा कि यह साल उनकी जिंदगी के लिए बहुत खूबसूरत शुरुआत है। उन्होंने लिखा, तेलंगाना में इस तरह का सम्मान मिलना इसे और भी खास बना देता है। इस अवॉर्ड के लिए टीजीएफए का दिल से शुक्रिया। साथ ही श्री कला सुधा तेलुगु एसोसिएशन को भी धन्यवाद। उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर राहुल रविंद्रन का भी विशेष आभार जताया। रश्मिका ने लिखा, राहुल ने 'द गर्लफ्रेंड' को जिस तरह बनाया, वह बहुत खास है। मैं हमेशा कहती हूं कि यह तो बस शुरुआत है।गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स तेलंगाना सरकार द्वारा 2025 में स्थापित वार्षिक तेलुगु फिल्म पुरस्कार हैं, जो प्रसिद्ध लोक गायक और कवि गद्दर को समर्पित हैं। यह अवॉर्ड सेरेमनी 19 मार्च को आयोजित की गई थी। इसमें रश्मिका मंदाना (सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री) और नागा चैतन्य (सर्वश्रेष्ठ अभिनेता) सहित कई अन्य कलाकारों को सम्मानित किया गया। वहीं, फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' साल 2025 में रश्मिका के करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई। यह फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी दिखाती है, जो एक नियंत्रण करने वाले साथी के साथ रिश्ते में फंस जाती है। फिल्म में रश्मिका और धीक्षित शेट्टी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। दर्शकों ने दोनों के अभिनय को काफी सराहना की थी। हालांकि, रश्मिका के अभिनय को ज्यादा तारीफ सुनने को मिली थी।

### राजामौली ने की धुरंधर: द रिवेंज की जमकर तारीफ

# रणवीर सिंह की एक्टिंग को बताया मास्टरक्लास



एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस में धमाल मचाने के साथ हर तरफ से वाहवाही बटोरी है। बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा तक के कई बड़े स्टार्स फिल्म की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अब इस लिस्ट में निर्देशक एस.एस. राजामौली का भी नाम जुड़ गया है। फिल्म देखने के बाद निर्देशक एसएस राजामौली इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। दरअसल, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म की जमकर सराहना की। उन्होंने एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने आदित्य धर, रणवीर सिंह और पूरी टीम को बधाई दी। राजामौली ने लिखा, पहले मुझे फिल्म 'धुरंधर' बहुत पसंद आई थी, लेकिन 'धुरंधर : द रिवेंज' ने स्केल और भावनाओं के मामले में मूल फिल्म को पीछे छोड़ दिया। फिल्म की कहानी, कलाकारों का चयन, तकनीकी पक्ष, संगीत, धुरंधर का निर्माण और निर्देशन सब कुछ शानदार है, लेकिन सबसे खास बात इसके भावनात्मक पहलू हैं। कहानी में ऐसे ट्विस्ट हैं जो तनाव के साथ भावनाएं भी जगाते हैं।

निर्देशक ने आदित्य धर को कमाल का बताया और कहा कि करीब 4 घंटे की लंबी फिल्म बनाना और फिर उसे रिलीज करना बड़ी हिम्मत का काम है, लेकिन सबसे खास बात ये है कि दर्शक पूरी फिल्म में सीट से चिपके रहे।

रणवीर सिंह की परफॉर्मेंस पर राजामौली ने खास तारीफ की। उन्होंने लिखा, रणवीर, क्या कमाल की एक्टिंग की है। बहन के साथ शेड वाला सीन तो एक्टिंग का मास्टरक्लास है। शुरुआत से क्लाइमैक्स तक दोनों किरदारों (हमजा और जसकीरत) में तुमने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आर. माधवन की एक्टिंग की भी उन्होंने सराहना की। राजामौली ने लिखा, माधवन जी, आपने पूरे देश की बेबसी और हताशा को इतनी सच्चाई से दिखाया कि आपकी जीत हमारी अपनी जीत जैसी लगी। पूरी टीम को इस बड़ी सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई।

आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म देशभक्ति, जियोपॉलिटिकल ट्विस्ट, हाई-वोल्टेज एक्शन और इमोशनल ड्रामा का मिश्रण है। यह 'धुरंधर' का सीक्वल है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# करण जौहर ने सूबेदार को बताया शानदार, पूरी टीम को दी बधाई



एक्शन-ड्रामा फिल्म 'सूबेदार' ओटीटी रिलीज के बाद काफी चर्चा में है। हर कोई अनिल कपूर के एक्शन अवतार और फिल्म की कहानी की जमकर तारीफ कर रहा है। अब इस कड़ी में फिल्ममेकर करण जौहर का नाम जुड़ गया है। करण जौहर ने शनिवार को इंस्टाग्राम के जरिए अनिल कपूर के काम की जमकर सराहना की। उन्होंने अनिल कपूर के एक्शन अवतार की तस्वीर शेयर की। इसके साथ ही करण जौहर ने लिखा, मैं इस शानदार और दमदार फिल्म को देखने के लिए देर से पहुंचा था। क्या कमाल की फिल्म है और अनिल कपूर ने कितनी मजेदार और शानदार परफॉर्मेंस दी है कि वह सच में कमाल हैं। इसी के साथ करण ने पूरी स्टार कास्ट की जमकर सराहना करने के साथ बधाई भी दी। करण ने लिखा, पूरे कास्ट, सुरेश और प्राइम वीडियो को इतनी बेहतरीन और शानदार फिल्म बनाने के लिए बधाई।

सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित एक्शन और ड्रामा से भरपूर फिल्म 'सूबेदार' में अनिल कपूर के अलावा, राधिका मदान, मोना सिंह, अदित्य रावल और सौरभ शुक्ला जैसे मंझे हुए कलाकार अहम किरदार में हैं।

एक्शन-ड्रामा फिल्म 'सूबेदार' में अनिल कपूर ने अर्जुन मौर्य नाम के रिटायर्ड फौजी का किरदार निभाया है, जो स्थानीय रेत माफिया और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी बेटी (राधिका मदान) के साथ मिलकर जंग लड़ता है। यह एक हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म है, जो अपनी दमदार एक्टिंग के लिए चर्चा में है।

फिल्म की कहानी एक रिटायर्ड सूबेदार अर्जुन मौर्य की है, जो अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद बेटी श्यामा (राधिका मदान) के साथ रिश्ते सुधारने और शांतिपूर्ण जीवन के लिए घर लौटता है, लेकिन स्थानीय रेत माफिया के आतंक और अपनी कार को हुए नुकसान के बाद वह उनके खिलाफ खड़ा हो जाता है।

फिल्म की स्टार कास्ट काफी दमदार है, जिसकी हर जगह सराहना हो रही है।


# अभिनेता कमल हासन को मिला प्रतिष्ठित पैडी जयराज फिल्म अवॉर्ड




दिग्गज अभिनेता कमल हासन को तेलंगाना गद्दार फिल्म अवॉर्ड्स में पैडी जयराज फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड उन्हें फिल्म उद्योग में उनके आजीवन योगदान और उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया। कमल हासन इस सम्मान से बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं शेयर की। अभिनेता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सम्मान प्राप्त करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर कीं। अभिनेता ने पोस्ट कर लिखा, मैं माननीय मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और माननीय उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमर्का का दिल से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने तेलंगाना गद्दार फिल्म अवॉर्ड्स को फिर से जीवित किया। साथ ही, मैं सम्मानपूर्वक प्रतिष्ठित पैडी जयराज फिल्म अवॉर्ड स्वीकार करता हूं। अभिनेता ने आगे लिखा कि इस अवॉर्ड को फिर से शुरू करके सरकार ने न सिर्फ एक सम्मान दिया है, बल्कि यह दिखाया है कि ऐसे मंच कलाकारों की हिम्मत, सांस्कृतिक यादों और जनता की आवाज को कितना महत्व देते हैं। अभिनेता ने लिखा, मैं सभी साथी अवॉर्ड विजेताओं और पूरी टीम को बधाई देता हूं, जिन्होंने इस आयोजन को शानदार तरीके से आयोजित किया। सिनेमा जिंदाबाद।

पैडी जयराज एक प्रसिद्ध अभिनेता और दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड विजेता थे। उनका नाम भारतीय सिनेमा के शुरुआती दौर से जुड़ा है। यह अवॉर्ड उनके सम्मान में दिया जाता है, जो फिल्म उद्योग में लंबे योगदान वाले कलाकारों को मिलता है।

वहीं, कमल हासन ने अपने करियर में कई भाषाओं में काम कर मनोरंजन जगत में योगदान दिया है। अभिनेता भारतीय सिनेमा के एक दिग्गज निर्देशक, निर्माता, और लेखक हैं, जिनका करियर छह दशक से अधिक का है। उन्होंने बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की और 'अपूर्व रागंगल' (1975) से मुख्य भूमिका में सफलता पाई। उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल' के तहत 'हे राम', 'विश्वरूपम' जैसी फिल्में बनाईं हैं। अभिनेता ने नायकन (1987), सदमा, और दशावतारम जैसी फिल्मों के लिए मशहूर कमल ने चार राष्ट्रीय पुरस्कार और 19 फिल्मफेयर पुरस्कार जीते हैं।



# जेनेलिया डिसूजा को याद आए पुराने दिन, साउथ फिल्म के गाने पर शेयर किए जज्बात

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने सिर्फ बॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि साउथ सिनेमा में भी अपने अभिनय की छाप छोड़ चुकी हैं। दरअसल, अभिनेत्री ने अपने करियर की शुरुआत साउथ सिनेमा से ही की थी। उन्होंने कई हिट फिल्मों में काम करके दर्शकों का दिल जीता है। शुक्रवार को जेनेलिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी पुरानी साउथ इंडियन फिल्मों में से एक का गाना शेयर करते हुए पुरानी यादें ताजा कीं। इस पोस्ट में जेनेलिया ने अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें वे पारंपरिक साड़ी लुक में नजर आ रही हैं। साथ ही, अभिनेत्री ने 'नल्ला नल्लानी कल्ला' ऐड किया, जिसे उन्होंने अपने मनपसंद गानों में से एक बताया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब भी वह अपना कोई पुराना गाना पोस्ट करती हैं और उसे ट्रेंड करते हुए देखती हैं, तो उन्हें पुरानी यादों का एक जबरदस्त एहसास होता है।हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कुछ भावनाएं सिर्फ ट्रेंड से कहीं ज्यादा होती हैं, क्योंकि वे जिंदगी भर साथ रहती हैं।जेनेलिया ने पोस्ट कर लिखा, जब भी मैं अपने पुराने साउथ गाने जोड़ती हूं, तो एक अलग ही यादें ताजा हो जाती हैं, और जब उन्हें ट्रेंड करता हुआ देखती हूं, तो लगता है कि कुछ फिल्में और भावनाएं ट्रेंड से परे होती हैं; वे हमेशा के लिए याद रहती हैं।

बता दें कि 'नल्ला नल्लानी कल्ला' गाना साल 2004 में रिलीज हुई लोकप्रिय तेलुगु फिल्म 'सई' में फिल्माया गया था। इस रोमांटिक गाने को एम.एम. कीरावानी ने कंपोज किया है और उन्होंने ही के.एस. चित्रा के साथ मिलकर इसे अपनी आवाज भी दी थी।गाने को जेनेलिया के साथ नितिन ने अपनी परफॉर्मेंस से और भी शानदार बना दिया था। गाना सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड करता है। तेलुगु यूजर्स गाने पर रील्स बनाकर ट्रेंड का हिस्सा बनते हैं।

'नल्ला नल्लानी कल्ला' एक लोकप्रिय तेलुगु गाना है, जिसका अर्थ 'काली-काली आंखें' होता है। यही कारण है कि गाने को अच्छी तरह से बयां करने के लिए जेनेलिया की आंखों पर ज्यादा फोकस किया गया है।



# ध्वनि भानुशाली: यंग जनरेशन की फेवरेट सिंगर ने छुए दिल के तार

70 से लेकर 80 के दशक के पुराने गाने आज भी लोगों के दिनों में जगह बनाए हुए हैं, क्योंकि गानों के बोल से लेकर संगीत तक सब कुछ भावनाओं से जुड़ा होता था और कुछ भी बनावटी नहीं लगता। आज के दौर में ऐसे सिंगर्स का मिल पाना बहुत मुश्किल है। नए और यंग सिंगर्स के गानों के लिरिक्स और म्यूजिक अच्छे होते हैं, लेकिन सदाबहार नहीं, लेकिन हमारी म्यूजिक इंडस्ट्री में एक हिडन जेम छिपा है, जिसने अपने गानों से लोगों को रुला दिया था। हम बात कर रहे हैं ध्वनि भानुशाली की। 22 मार्च 1998 को मुंबई में ही जन्मीं ध्वनि भानुशाली को नहीं पता था कि उन्हें लोगों का इतना प्यार मिलेगा।

उन्होंने एक्टिंग का भी दो साल का प्रशिक्षण लिया, लेकिन अपने पहले प्यार गायिकी को ही अपना साथी चुना। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2018 में फिल्म 'वेलकम टू न्यूयॉर्क' के गाने 'इश्तेहार' से की थी। इसके बाद उन्होंने कई हिट गाने गाए, जिन्होंने उन्हें पहचान बनाई। उनके गानों को यूट्यूब पर करोड़ों व्यूज मिलते हैं। आज के समय में वो यंगस्टर्स की सबसे फेवरेट सिंगर बन चुकी हैं। ध्वनि भानुशाली का 'वास्ते' गाना याद होगा, जिसे आज से छह साल पहले रिलीज किया गया था। यह गाना सिंगर के दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इस गाने ने ही उनके करियर को नया मोड़ दिया। यह गाना इतना ज्यादा वायरल हुआ कि आज इसके व्यूज 1.7 बिलियन पहुंच चुके हैं। इस गाने को सुनकर यंग जनरेशन रोने लगी थी।अभिनेत्री ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि गाने को रिलीज के साथ ही बहुत प्यार मिला था और जब गाना बजता था तो लोग रोने लगते थे।

मुझे खुशी होती थी कि लोग मेरे द्वारा गाए गानों से कनेक्शन फील कर पा रहे हैं। इसी गाने में ध्वनि ने एक्टर सिद्धार्थ गुप्ता के साथ काम किया था और वो रातो-रात मोस्ट हैंडसम मैन बनकर उभरे थे।

ध्वनि भानुशाली ने बहुत छोटी उम्र से ही सिंगिंग शुरू कर दी थी और 20 साल की उम्र में सुपरहिट गाना 'लेजा-लेजा' गाया था। इस गाने को शूट करते वक्त अभिनेत्री को अहसास नहीं था कि गाना इतना बड़ा हिट बनेगा।

सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए सिंगर के लिए एक्टिंग के ऑफर्स भी आ रहे हैं, लेकिन वे सिंगिंग को अपना पहला प्यार मानती हैं और एक साथ दो नावों पर सवार नहीं होना चाहतीं।

# नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा का आशीर्वाद लेने के लिए इन मंदिरों का करें दर्शन



चैत्र नवरात्रि के नौ दिन मां के अलग-अलग रूपों को समर्पित होते हैं और हर दिन मां की पूजा-अर्चना करने का विधान भी अलग होता है। आज हम नवरात्रि के चौथे दिन पूजे जाने वाली मां जगदम्बा के स्वरूप मां कुष्मांडा की बात करेंगे, जिन्हें जगत की आदिशक्ति के रूप में पूजा जाता है। माना जाता है कि मां कुष्मांडा की आराधना से यश और बल की वृद्धि होती है। मां कुष्मांडा को समर्पित पूरे देशभर में कई मंदिर हैं, जहां दर्शन करके भक्त मां की विशेष कृपा पा सकते हैं। पहले बात करते हैं कि मध्य प्रदेश स्थित लमान माता मंदिर की, जो दतिया में स्थापित है। इस मंदिर की गिनती प्राचीन शक्तिपीठों में होती है। इस मंदिर को 'नौकरी देने वाली देवी' का मंदिर कहकर भी पुकारा जाता है। स्थानीय मान्यता है कि अगर किसी को नौकरी लगने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वह लमान माता के दर्शन जरूर करें। मंदिर में नवरात्रि के चौथे दिन मां को मालपुए का भोग लगाया जाता है और भारी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

उत्तर प्रदेश की धरती पर भी मां कुष्मांडा के दो मंदिर स्थापित हैं। एक मंदिर कानपुर में तो दूसरा वाराणसी में स्थित है। पहले बात करते हैं कानपुर के मां कुष्मांडा देवी मंदिर की। यह प्राचीन शक्तिपीठ मंदिर है, जहां का पवित्र जल आंखों पर लगाने से नेत्र रोगों से आराम मिलता है। देशभर से नेत्र विकारों से जूझ रहे लोग मंदिर में दर्शन के बाद पवित्र जल को अपने साथ लेकर जाते हैं। मंदिर में मां अष्टभुजी रूप में नहीं, बल्कि लेटी हुई प्रतिमा विराजित है। प्रतिमा से रहस्यमयी जल निकलता है, जिसे लोग अपने साथ लेकर जाते हैं।

तीसरा और आखिरी मंदिर वाराणसी में तुलसी मानस मंदिर के पास है। कुंड होने की वजह से मंदिर को दुर्गाकुंड मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर में लक्ष्मी, सरस्वती और काली जैसी देवियों की पूजा होती है, लेकिन नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा के रूप में तीनों देवियों को सजाया जाता है। मंदिर के बगल में दुर्गा कुंड नामक एक विशाल आयताकार जलकुंड है, जो मंदिर को आकर्षण का केंद्र बनाता है। हर साल कुंड में स्नान करने के लिए विशेष रूप से नवरात्रि में भारी संख्या में भक्त कुंड में स्नान के लिए पहुंचते हैं।

# इस तुलसी के चढ़ाने से प्रसन्न होती हैं भगवती



भगवती की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू हो गई है। इस दौरान मां दुर्गा की आराधना में कई फूल और पत्तियां चढ़ाई जाती हैं। वैसे तो देवी की पूजा में तुलसी वर्जित है लेकिन एक विशेष तुलसी का पौधा है, जो भगवती को अति प्रिय है। यह है दौना जिसे दवना, मरुआ या वन तुलसी भी कहते हैं। सामान्य तुलसी को देवी को नहीं चढ़ाने की मान्यता है, लेकिन दौना की पत्तियां और फूल मां दुर्गा को विशेष रूप से प्रिय हैं। नवरात्र के दौरान इसे अर्पित करने से मां प्रसन्न होती हैं और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। दौना एक छोटा, सुगंधित औषधीय पौधा है, जो 1-2 फुट ऊंचा होता है। इसके पत्ते गुलदाउदी जैसे कटावदार और तेज, मनमोहक खुशबू वाले होते हैं। यह खुशबू इतनी आकर्षक होती है कि ब्रांडेड परफ्यूम को भी मात दे सकती है। धार्मिक परंपरा में दौना को भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का भी प्रिय माना जाता है, लेकिन खासकर नवरात्र में मां दुर्गा को इसके फूल और पत्तियां चढ़ाने की प्रथा है। वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में दौना का पौधा लगाने से लक्ष्मी कृपा बनी रहती है और वातावरण शुद्ध रहता है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

यह न केवल पूजा को पूर्णता देता है, बल्कि घर को खुशबू से महकाता है और स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। पौधा आसानी से घर में उगाया जा सकता है और यह छोटा होने के बावजूद चमत्कारी प्रभाव वाला है।

इस पौधे के औषधीय गुण भी कमाल के हैं। आयुर्वेद में दौना को कफ, वात, कृमि रोग, विष, सूजन, जोड़ों का दर्द, सर्दी-खांसी, जुकाम, पुराना बुखार, गर्भाशय दर्द और पेट की समस्याओं में बहुत लाभकारी बताया गया है। यह पित्तवर्धक, दर्द निवारक और घाव भरने में भी सहायक है। पत्तियां, बीज, डंठल और जड़ सभी औषधीय रूप से काम आते हैं।

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार, शोधकर्ताओं ने कई अध्ययनों का विश्लेषण किया और इनमें पाया गया कि तुलसी का सेवन डायबिटीज, हृदय रोग, तनाव और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी अध्ययन में तुलसी के सेवन से गंभीर नुकसान नहीं देखा गया।

खासकर वन तुलसी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाती है। औषधीय गुणों से भरपूर वन तुलसी को आयुर्वेद में खासा स्थान प्राप्त है और इसका उपयोग टॉनिक के रूप में किया जाता है, जो शरीर की एनर्जी और जीवन शक्ति बढ़ाने में कारगर है।

वन तुलसी की सुगंध भी तेज होती है, जो प्राकृतिक रूप से मच्छर भगाने का भी काम करती है और हवा को शुद्ध रखती है। वन तुलसी के सेवन से कई फायदे मिलते हैं। यह श्वसन तंत्र को मजबूत बनाती है, बलगम निकालने में मदद करती है और अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, खांसी जैसी सांस की समस्याओं में राहत देती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं, जिससे संक्रमण से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। तनाव कम कर मानसिक स्वास्थ्य सुधारने में कारगर है। यह दिल को स्वस्थ रखने और सूजन कम करने में सहायक है।

# हर्षद माता मंदिर : जहां विराजती हैं हर्ष और उल्लास की देवी



राजस्थान में कई ऐसे प्राचीन मंदिर हैं, जो अपनी पुरानी कहानियों और धार्मिक महत्व के लिए जाने जाते हैं।हालांकि इनमें से एक खास मंदिर है, जो हर्ष और उल्लास की देवी को समर्पित है। यह मंदिर न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यहां की हर चीज में भक्तों के लिए एक अलग ही आकर्षण है। हम बात कर रहे हैं दौसा जिले के आभानेरी गांव में स्थित हर्षद माता मंदिर की जो न केवल अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए बल्कि देवी हर्षद माता के आशीर्वाद के लिए भी बहुत प्रसिद्ध है। इस मंदिर को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है। कहते हैं कि जब भी कोई भक्त यहां आता है और पूरी श्रद्धा से देवी की पूजा करता है, तो उसका मन आनंद और प्रसन्नता से भर जाता है। हर्षद माता का अर्थ ही है 'हर्ष देने वाली माता' और मान्यता है कि यह देवी हमेशा प्रसन्नचित्त रहती हैं और अपने भक्तों पर सुख, समृद्धि और हर्ष का आशीर्वाद देती हैं। मंदिर चांद बावड़ी के बिल्कुल बगल में स्थित है और यहां की वास्तुकला और मूर्तिकला देखने लायक है। मंदिर की शैलियां और डिजाइन इतनी खूबसूरत हैं कि हर आगंतुक की आंखें बस इन्हीं पर टिक जाती हैं।

इतिहास की बात करें तो यह मंदिर आठवीं-नवीं सदी में बनवाया गया था। उस समय आभानेरी का नाम आभा नगरी था और यह स्थान अपनी समृद्धि और सुंदरता के लिए जाना जाता था। राजा चांद, जो उस समय आभानेरी के शासक थे, अपने राज्य और प्रजा के लिए बहुत ही समर्पित थे। कहा जाता है कि वे दुर्गा माता के बहुत बड़े भक्त थे और अपने राज्य में सुख और खुशहाली के लिए माता की कृपा मानते थे। इसी विश्वास के साथ उन्होंने हर्षद माता का यह मंदिर बनवाया।

हर्षद माता मंदिर सिर्फ धार्मिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि यह राजस्थान की स्थापत्य कला का भी अद्भुत उदाहरण है। मंदिर के अंदर और बाहर की मूर्तिकला और नक्काशी देखने लायक है। हर साल देश-विदेश से हजारों लोग इस मंदिर को देखने आते हैं और इसकी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता का अनुभव करते हैं। यहां आने वाले लोग देवी के आशीर्वाद के लिए मंदिर में पूजा करते हैं और अपनी खुशहाली की कामना करते हैं।

# हरिद्वार का दक्षेश्वर महादेव मंदिर है बेहद खास हर मनोकामना होती है जल्द पूरी



देवभूमि उत्तराखंड के कनखल में स्थित दक्षेश्वर महादेव का मंदिर बहुत ही खास है। इसे भगवान शिव का ससुराल भी कहा जाता है क्योंकि माता सती का मायका यहीं था। लोग मानते हैं कि इस मंदिर में भगवान शिव की पूजा करने से हर मनोकामना जल्दी पूरी हो जाती है। यही वजह है कि साल भर देश-विदेश से भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान शिव का विवाह माता सती से हुआ था, लेकिन राजा दक्ष इस शादी से खुश नहीं थे। उन्होंने अपने घर पर महायज्ञ का आयोजन किया, मगर भगवान शिव को उसमें निमंत्रण नहीं दिया। जब माता सती को यह पता चला, तो उन्होंने यज्ञ में जाने की इच्छा जताई। भगवान शिव पहले तो मना कर रहे थे, लेकिन आखिरकार माता सती को आज्ञा दे दी। यज्ञ में पहुंचकर माता सती ने देखा कि उनके पति का अपमान किया जा रहा है और क्रोध में आकर उन्होंने यज्ञ कुंड में अपनी आहुति दे दी। यह देखकर भगवान शिव का क्रोध सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने अपने गण वीरभद्र और भद्रकाली को राजा दक्ष को सबक सिखाने के लिए भेजा। शिव के आदेश पर वीरभद्र और भद्रकाली ने राजा दक्ष का वध कर दिया। इस घटना से तीनों लोक में हाहाकार मच गया। बाद में भगवान विष्णु और ब्रह्मा जी ने जाकर भगवान शिव को शांत किया और राजा दक्ष को जीवनदान दिया। यही वजह है कि इस मंदिर को इच्छापूर्ति मंदिर भी कहा जाता है। यहां दर्शन करने से लोगों की हर मनोकामना पूरी हो जाती है।

मंदिर का वातावरण बहुत ही पवित्र और शांत है। भक्त यहां आते हैं, दीपक जलाते हैं, फूल चढ़ाते हैं और भगवान शिव का ध्यान लगाते हैं। कहते हैं कि जो भी भक्त दिल से पूजा करता है, उसे कभी निराशा नहीं मिलती। इस मंदिर की महिमा ऐसी है कि छोटे बच्चे, युवा और बुजुर्ग, सभी यहां आते हैं। कोई अपने परिवार की खुशहाली के लिए आता है, कोई अपने करियर या स्वास्थ्य की इच्छा लेकर। हर कोई यहां से संतोष और शांति लेकर जाता है।

# मां कामाख्या की कृपा से आज तक कोई सैनिक नहीं हुआ शहीद, देवी करती हैं रक्षा



**चैत्र नवरात्रा में मां दुर्गा के नौ रूपों की विधि विधान के साथ पूजा की जाती है। गाजीपुर के गहमर गांव में बने कामाख्या धाम में नवरात्र को लेकर गाजीपुर और आसपास के जनपद से भारी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन करने पहुंच रहे हैं। सर्वाधिक सैनिकों वाले गांव गहमर में मान्यता है कि कामाख्या धाम में स्थापित देवी के आशीर्वाद से इस गांव के सैनिक को सरहदों पर शहादत नहीं मिलती है। स्वयं देवी सैनिकों के प्राणों की रक्षा करती हैं। स्थानियों की माने तो सैनिक जब भी छुट्टी पर गांव आते हैं तो मां देवी की पूजा आराधना कर विशेष रूप से आशीर्वाद लेते हैं।**

गहमर गांव में स्थित मां कामाख्या धाम गाजीपुर के कुछ प्राचीन सिद्धपीठ में से एक है। बताया जाता है कि यह धाम 5वीं शताब्दी में स्थापित हुआ था। इसको सिकरवार क्षत्रिय वंश के राजा की ओर से बनवाया गया था। कामाख्या धाम में स्थापित देवी को सैनिकों की कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है। यहाँ के सैनिकों की अटूट आस्था इस देवी पर है। सैनिकों का मानना है कि माँ कामाख्या ही युद्ध के मैदान में उनके प्राणों की रक्षा करती हैं।

### सैनिक करते हैं मां कामाख्या की विशेष पूजा

गांव आने वाला हर सैनिक देवी की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त करता है। यहां तक की ड्यूटी पर जाने से पहले भी सैनिक कामाख्या धाम पहुंचकर अपने प्राणों की रक्षा के लिए देवी की विशेष पूजा अर्चना करते हैं। उनका मानना है कि देवी की कृपा के बल पर ही आज तक गहमर का रहने वाला कोई भी सैनिक सरहदों पर शहीद नहीं हुआ है। यह देवी मां की गहमर वासियों पर अटूट अनुकंपा का ही प्रतीक है

### दूर-दराज से दर्शन करने पहुंचते हैं श्रद्धालु

शारदीय और वसंत नवरात्रि में यहां श्रद्धालुओं की विशेष तौर पर भीड़ होती है। हालांकि वर्ष भर यहां पूजा अर्चना और मुंडन आदि मांगलिक कामों के लिए दूर दराज से लोग पहुंचते हैं।इस मंदिर में देवी स्थापित देवी का आशीर्वाद पाने के लिए गाजीपुर के आसपास के जनपदों के साथ रही बड़ी संख्या में श्रद्धालु बिहार राज्य से भी आते हैं।

# मंगल गोचर मीन राशि में, शनि-मंगल की युति सिंह सहित अन्य राशियों के लिए होगी लाभकारी

**मंगल का गोचर मीन राशि में होने जा रहा है। 2 अप्रैल को देवगुरु बृहस्पति की राशि मीन में मंगल प्रवेश करेंगे और शनि के साथ मिलकर शनि मंगल योग बनाएंगे। वैदिक ज्योतिष में शनि को कर्मफलदाता और मंगल को ऊर्जा का कारक माना जाता है। इन दोनों पाप ग्रहों के एक साथ आने को वैसे तो अशुभ और प्रतिकूल प्रभाव देने वाला माना जाता है, लेकिन कुंडली में विभिन्न ग्रहों की स्थिति कई राशियों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है। मंगल-शनि के सकारात्मक प्रभाव से मिथुन और सिंह सहित 5 राशियों को संतुलित और नियंत्रित तरीके से कार्य करने की क्षमता प्राप्त होगी।**

### वृषभ राशि: कई स्रोतों से लाभ मिलेगा

शनि-मंगल की युति वृषभ राशि के जातकों के 11वें भाव को प्रभावित करेगी। कुंडली का ये भाव धन, संपत्ति, करियर में सफलता और सामाजिक संबंधों का प्रतिनिधित्व करता है। इस भाव में मंगल-शनि की युति आपसे कड़ी मेहनत करवाएगी। इस मेहनत का फल भी आपको प्राप्त होगा। इस गोचर के दौरान आपको कई स्रोतों से लाभ मिलने की संभावना है। हालांकि, सामाजिक संबंधों को लेकर आपको थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। झूठे आरोपों के कारण बदनामी सकती है।

### मिथुन राशि: व्यापार में सफलता मिलेगी

आपकी राशि के 10वें भाव में शनि और मंगल की युति हो रही है। कुंडली का यह भाव करियर, सफलता और मान-सम्मान का सूचक है। दसवें भाव में मंगल-शनि की युति आपको सफलता दिलाने वाली रहेगी। इसके प्रभाव से मिथुन राशि के जातकों को व्यापार में सफलता मिलेगी। हालांकि इस दौरान आपको प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा भी करनी पड़ेगी। दूसरों के साथ सहयोग बनाए रखना आपके लिए लाभकारी होगा।




### सिंह राशि: मंगल-शनि दीर्घायु प्रदान करेंगे

सिंह राशि वालों के 8वें भाव में शनि और मंगल की युति होगी। कुंडली का आठवां भाव आयु, विरासत और अचानक होने वाली घटनाओं का कारक माना जाता है। मंगल-शनि के सकारात्मक प्रभाव से आपको अच्छी संपत्ति, नाम और प्रसिद्धि प्राप्त होगी। मंगल-शनि आपको दीर्घायु प्रदान करेंगे। लेकिन इस अवधि के दौरान आपको स्वास्थ्य का अधिक ख्याल रखना होगा। धन से जुड़े मामलों में कर्ज बढ़ने की संभावना है।

### तुला राशि: प्रतिद्वंद्वियों पर विजय प्राप्त होगी

तुला राशि के जातकों के छठे भाव को शनि-मंगल की युति प्रभावित करेगी। कुंडली के इस भाव को सेहत, कर्ज, शत्रु और प्रतिस्पर्धा का स्थान माना जाता है। ऐसे में मंगल-शनि की युति आपको प्रतिद्वंद्वियों पर विजय दिलाएगी। इस दौरान आपकी सेहत भी अच्छी रहेगी। इस अवधि के दौरान आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। इसके साथ ही वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

### कुंभ राशि: आर्थिक लाभ मिलने के संकेत

शनि-मंगल की युति कुंभ राशि के जातकों के दूसरे भाव को प्रभावित करेगी। कुंडली का दूसरा भाव धन, परिवार और वाणी को दर्शाता है। मंगल-शनि की युति पारिवारिक संबंधों में विरोधाभास पैदा करने के साथ-साथ धन लाभ भी कराएगी। मेहनत के प्रतीक शनि और कर्म के कारक मंगल की युति के सकारात्मक प्रभाव से आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। हालांकि, धन संबंधी मामलों को लेकर सतर्क रहें।

जिज्ञासा

# सॉफ्ट बॉइल्ड एग नियम क्या है?



**बच्चो,** कंप्यूटर आज हमारी जरूरत बन गया है। आए दिन कई नए-नए सॉफ्टवेयर आते रहते हैं। पर क्या आपको पता है इन साफ्टवेयरों को समझने को क्या कहते हैं ?

कम्प्यूटर में विभिन्न कामों को करने के लिए जो सॉफ्टवेअर बनाए जाते हैं उन्हें अप्लीकेशन सॉफ्टवेअर कहते हैं। इसे सॉफ्टवेअर विशेषज्ञ तैयार करते हैं। इस तरह का सॉफ्टवेअर तैयार करते हुए विशेषज्ञों को ध्यान रखना होता है कि बनने वाला सॉफ्टवेअर यूजर के लिए आसान हो और उसकी उपयोगिता भी ज्यादा हो।

इस नए सॉफ्टवेअर के कामकाज को समझने में यूजर को ज्यादा समय न लगे यह बात ज्यादा महत्वपूर्ण है। मोटे तौर पर इस नए सॉफ्टवेअर की किसी विशेषता को समझने में या इसे ऑपरेट होने में तीन मिनट से ज्यादा का समय नहीं लगना चाहिए। इसे 'सॉफ्ट बॉइल्ड एग' नियम कहा जाता है। क्योंकि एक अंडे को भी उबलने में सामान्य तौर पर तीन मिनट लगते हैं।

# उड़ने वाली गिलहरी



**विश्व** में तीन तरह की गिलहरियां पाई जाती हैं- पेड़ों पर रहने वाली, जमीन पर घूमने वाली और उड़ने वाली। उड़ने वाली गिलहरी भारत के अलावा रूस, चीन, श्रीलंका, जापान और एशिया के अधिकांश भागों, अफ्रीका के घाना, कांगो और उत्तरी अमेरिका के कुछ भागों में पाई जाती है। इसका आकार बिल्ली के बराबर तक होता है।

नॉर्थ अमेरिका में पाई जाने वाली उड़न गिलहरी आकार में सबसे बड़ी होती है। इसकी लंबाई 30 सेंटीमीटर से 60 सेंटीमीटर और वजन आधा किलो से 7 किलो तक होता है। उड़ने वाली गिलहरी की आंखें बड़ी होती हैं। इसके पूरे शरीर पर मुलायम और घने बाल होते हैं। अफ्रीका में पाई जाने वाली उड़न गिलहरी की पूंछ के अगले भाग पर तेज धार वाले नुकीले शल्क होते हैं। इन्हें 'स्केली टेल्ड गिलहरी' कहते हैं। ये गिलहरियां पेड़ों की डालियों पर उल्टी लटकी रहती हैं और इसके तनों में घोंसला बनाकर रहती हैं। कीड़े-मकोड़ों के अलावा फूल-पत्तियों को कुतर-कुतर कर खाती हैं।

भारत में उड़न गिलहरी हिमालय के आसपास देवदार के पेड़ों पर ग्लाइडिंग करती देखी गई हैं। इनका जीवन अधिकतम 10 साल होता है।

# रायसेन

**मध्य प्रदेश** का रायसेन पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण जिला है। 8466 वर्ग किमी. में फैला रायसेन चारों तरफसे सीहोर, विदिशा, सागर, नरसिंहपुर और होशंगाबाद जिलों से घिरा हुआ है। सांची, भीमबेटका और भोजपुर यहां के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं, जिन्हें देखने के लिए देश-विदेश से सैलानियों का नियमित आना-जाना लगा रहता है।



# कल्पनाओं की उड़ान



**प्यारे** बच्चो, आज हम आपको नहीं, आपके मातापिता से कुछ बातें करना चाहते हैं। असल में आप जो भी करना चाहते हैं, उसमें आपके अभिभाविकों तथा टीचर्स का बहुत योगदान होता है। तो आज हम उन्हें ही बताएंगे कि वे आपकी कल्पनाशक्ति को कैसे नई उड़ान दे सकते हैं। फिल्म 'तारे जमीन पर' जरूर देखी होगी। इसमें इशान अवस्थी नाम के ऐसे बच्चे को देखा जो पढ़ाई में अच्छा नहीं होता लेकिन उसकी कल्पनाशक्ति काफी तेज होती है। फिल्म में इशान की इस खूबी को उसके टीचर निकुंभ सर ने पहचाना था और उसकी कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित किया था। इसी कारण वह बहुत कुछ सीखता है। परंतु हकीकत में भी अरनके बच्चों को ऐसे टीचर मिलें, कहना मुश्किल है। ऐसे में आपको ही उसकी खूबियां पहचान कर उन्हें निखारने में उसकी मदद करनी होगी।

उच्च शिक्षा और प्रतियोगिता के दौर में आप इस बात पर तो पूरा ध्यान देते होंगे कि आपका बच्चा पढ़ने में तेज है या नहीं, लेकिन इस होड़ में आप अपने बच्चे के उन गुणों को अनदेखा कर सकते हैं, जो भविष्य में उसे एक अलग पहचान दे सकते हैं। हर बच्चा बड़ा होकर डॉक्टर या इंजीनियर बने यह जरूरी नहीं। हो सकता है कि 'तारे जमीं पर' के इशान की तरह आपका बच्चा भी बड़ा होकर अपने शौक को ही अपना कैरियर बनाना चाहे। इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित करना बेहद जरूरी है। ऐसे में आपको ही अभिभावक होने के साथ एक अच्छा मार्गदर्शक बनकर अपने बच्चों की कल्पनाओं को निखारने में अहम भूमिका निभानी होगी।

**नई दिशा देती हैं किताबें**

यदि आप आज के बचपन की तुलना अपने बचपन से करें तो आपको ध्यान आएगा कि उस वक्त आपके पास पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए कितना वक्त होता था। गर्मियों की छुट्टियों में तरह-तरह के खेल और कॉमिक्स व रोचक कहानियों की किताबों के साथ आप घंटों बिताया करते थी। लेकिन आज शायद आप ही अपने बच्चे को स्कूली किताबों के अलावा दूसरी किताबें पढ़ने से रोकते होंगे, जबकि ऐसा करना ठीक नहीं। इन रोचक किताबों से भी आपके बच्चे को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कॉमिक्स से लेकर और भी कई तरह की ज्ञानवर्धक तथा रोचक किताबें बच्चों को अपनी दुनिया रचने का मौका देती हैं। इस बारे में लेखक, गीतकार और विज्ञापन जगत की मशहूर हस्ती प्रसून जोशी ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'जब मैं छोटा था तो गर्मी की पूरी छुट्टियां तरह-तरह की रोचक किताबें पढ़ने में ही बिता देता था। मैं किताबों के साथ एक कमरे में बंद हो जाता था और घंटों उन्हीं में खोया रहता था। आज मुझे इस बात का अहसास होता है कि कहीं-न-कहीं मेरे विचार उन किताबों के ज्ञान से ही जुड़े हैं। मेरी कल्पनाशक्ति के पीछे उन किताबों का बहुत बड़ा सहयोग है।'

**बदला है रूप खिलौनों का**

खिलौनों की बात की जाए तो पहले बच्चे गुड्डे-गुड़िया, गाड़ी, टैडीबियर और पतंग जैसे खिलौनों से खेलना पसंद करते थे, लेकिन आज की जेनेरेशन वीडियो गेम, आईपॉड और प्ले स्टेशन जैसी मशीनों को खिलौना समझती है। जाहिर है इन मशीनों को खिलौने के रूप में देकर हमने बच्चों की कल्पनाशीलता का विनाश करने वाले यंत्र उनके हाथ में पकड़ा दिए हैं। इन मशीनों के प्रयोग से बच्चों की दिमागी क्षमता एक दायरे में सिमटी जा रही है।

**दादी-नानी की कहानी**

बचपन में हमारा अपने भाई-बहनों से इस बात पर झगड़ा होता था कि आज कौन दादी या नानी के पास सोएगा। इस झगड़े का कारण था दादी या नानी द्वारा सुनाई जाने वाली राजा-रानी और परियों की कहानियां। जैसे ही दादी एक था राजा और एक थी रानी की कहानी सुनाना शुरू करती थीं, आंखों के सामने उसका चित्रण होने लगता था। आसमान में टिमटिमाते हुए तारों को देखते हुए हम पूरी तरह से कहानी में खो जाते थे। आज एकल परिवार के चलते न तो बच्चों के पास दादा-दादी और नाना-नानी की धरोहर है और न ही उन्हें कहानी सुनाने की किसी को फुर्सत है। मनोरंजन के नाम पर उन्हें हाथ में रिमोट लेकर टीवी के सामने बैठने के अलावा और कुछ नहीं सूझता। जबकि कई तरह के शोध यह साबित कर चुके हैं कि ज्यादा टीवी देखना ना केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि कल्पनशक्ति के लिए भी नुकसानदायक है। ज्यादा टीवी देखने वाले बच्चों की कल्पनाशक्ति मंद होनी शुरू हो जाती है, जबकि किताबों से ऐसा कुछ नहीं होता।

**जिम्मेदार हैं आप**

बेहतर भविष्य के लिए बच्चे का मार्गदर्शन करना माता-पिता का ही कर्तव्य है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आप छोटी-सी उम्र में ही अपने बच्चे पर डॉक्टर या इंजीनियर बनने के लिए दबाव डालना शुरू कर दें। हो सकता है कि आपके कहने पर आज तो बच्चा किताबी ज्ञान बटोर ले, लेकिन सिर्फ किताबी ज्ञान से कोई सफलता की मंजिल को नहीं पा सकता। अभिभावक होने के नाते बच्चे को ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित करें जिसे करने में उसमें उत्साह और नई खूबियों का विकास हो।

# कैसे फटते हैं बादल?



**तुमने** न्यूजपेपर्स में या चैनल्स पर बादल फटने की न्यूज तो जरूर ही सुनी होगी। इन खबरों को देख-सुन कर तुम्हारे मन में यह सवाल जरूर आता होगा कि यह बादल फटना आखिर होता क्या है? इसे समझने के लिए पहले यह समझो कि बारिश कैसे होती है। यह तो तुम जानते ही हो कि धरती से वाष्पित होकर पानी आसमान में बादलों के अंदर इकट्ठा होता है। ये बादल दो तरह के होते हैं। एक में घन (पॉजिटिव) आवेश होता है और दूसरे में ऋण (नेगेटिव)। इन दोनों तरह के बादलों के आपस में टकराने से बिजली कड़कती है और फिर इनमें रुका हुआ पानी, बारिश की बूंदों में बदलकर धरती पर गिरता है। अगर आसान शब्दों में कहा जाए तो बारिश का बूंद-बूंद करके गिरने वाला यही पानी अगर एक साथ धरती पर आ गिरे, तो उसे बादल फटना कहते हैं। इसे तुम यूं भी समझ सकते हो कि अगर तुम एक बाल्टी के तले में कई सारे छेद करके उसमें पानी भरो तो वह बरसात की बूंदों की तरह उसमें से गिरेगा। अब अगर अचानक बाल्टी का बेस टूट जाए तो वह सारा पानी एक साथ पूरे जोर के साथ नीचे आ जाएगा और तब उस पानी की मात्र और रफ्तार, दोनों ही काफी ज्यादा होंगे।

बादल तब फटते हैं, जब एक ही विशेष प्रकार के आवेश कणों वाले बादल किसी ऐसी जगह पर इकट्ठे हो जाते हैं, जहां एक तरफसे गरम और दूसरी तरफसे ठंडी हवाएं उन पर दबाव डालती हैं। बादल फटने पर बारिश इतनी ज्यादा होती है कि इसे मापना मुश्किल हो जाता है। इस दौरान बारिश की बूंदों का आकार पांच मिलीमीटर से भी बड़ा हो सकता है। इन बूंदों की धरती पर गिरने की स्पीड लगभग 36 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है। बादल अक्सर मानसून के दिनों में ही फटते हैं, क्योंकि इसी मौसम में ही गरम और ठंडी दोनों तरह की हवाएं मौजूद होती हैं। ऐसा अक्सर उन्हीं जगहों पर होता है, जहां पहाड़ और मैदान या कोई नदी हो, जहां गरम और ठंडी हवाएं दो तरफसे आकर इस प्रक्रिया को शुरू करती हैं। बादल कब और कहां फटेंगे, इसकी पहले से सही जानकारी दे पाने में अभी तक मौसम विज्ञानी सफल नहीं हो सके हैं।

# 14 वर्ष के प्रोग्रामर का खेल सबसे लोकप्रिय



**कहते** हैं कोई आगे जाकर क्या बनेगा, इस बात का पता उसके बचपन से ही लगना शुरू हो जाता है। आपको बता दें कि अमरीका के 14 वर्षीय किशोर का बनाया खेल 'बबल बॉल' अब एपल के एप स्टोर पर उपलब्ध मुफ्त अप्लिकेशनों की लोकप्रिय सूचि में सबसे ऊपर हो गया है। अब तक 20 लाख से अधिक एपल आईपोड और आईपैड धारकों ने इस खेल को डाउनलोड किया है। इससे पहले एंग्री बर्ड सबसे लोकप्रिय खेल हुआ करता था। परंतु एंग्री बर्ड और बबल बॉल में फर्क इतना है कि एंग्री बर्ड को फिनलैंड ने 17 साइबर विशेषज्ञों ने मिलकर बनाया था, तो बबल बॉल एकमात्र 14 वर्षीय किशोर ने बनाया है, वो भी बिना किसी विशेष प्रोग्रामिंग ज्ञान के।


अमरीका के उटाह प्रांत के रहने वाले रोबर्ट नाय ने इस खेल की परिकल्पना की और इसे 'सी' में बनाना चाहा, परंतु उसे वह भाषा काफी कठीन लगी। अंत में रोबर्ट ने कोरोना टूल्स का इस्तेमाल कर इसे बनाया। इसके बाद उसकी मां कारी ने उसके बनाए खेल को एप स्टोर और एंड्रोइड मार्केटप्लेस में शामिल कराने में मदद की। आज यह खेल मशहूर है।

# दस लाख की टोपी



**राजकुमारी** बिट्रेस की शाही टोपी ई-बे पर नीलाम हो रही है। किसी ने इस शाही टोपी की तुलना टॉयलेट सीट से की थी, किसी ने सांप से और किसी ने किसी और अजीब चीज से, लेकिन अब यह टोपी लाखों में बिकने वाली है।

# 800 साल पुराना पेड़



**लेबनान** से करीब 800 साल पुराना एक पेड़ सुरक्षित हालत में संयुक्त अरब अमीरात लाया गया और इसे लगा भी दिया गया। चार मीटर उंचे और पांच टन वजनी इस पेड़ का नाम 'लोन ऑलिव' है। इसे अबु धाबी में शेख जायद ग्रांड मस्जिद के समीप लगाया गया है।

# हमारा राजचिह्न



**भारत** का चिह्न सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तंभ की अनुकृति है, जो सारनाथ के संग्रहालय में सुरक्षित है। मूल स्तंभ में शीर्ष पर चार सिंह हैं, जो एक-दूसरे की ओर पीठ किए हुए हैं। इसके नीचे घंटे के आकार के पदम के ऊपर एक चित्र वल्लरी में एक हाथी, चौकड़ी भरता हुआ एक घोड़ा, एक सांड तथा एक सिंह की उभरी हुई मूर्तियां हैं, इसके बीच-बीच में चक्र बने हुए हैं।

जाने यह भी

# जंगल बुक



**दि जंगल** बुक 1967 की एक अमरीकी एनिमेटेड फिल्म है, जिसका निर्माण डिजनी एनिमेशन स्टूडियो द्वारा किया गया था। 18 अक्तूबर, 1967 को जारी की गई यह फिल्म वॉल्ट डिजनी की एनिमेटेड क्लासिक्स श्रृंखलाओं की 19वीं एनिमेटेड फिल्म है। यह रुडयार्ड किपलिंग द्वारा लिखित इसी नाम की पुस्तक में वर्णित मोगली नामक जंगली बच्चे की कहानियों से प्रेरित थी। फिल्म में 'द बेयर


नेसेसिटीज (The Bare Necessities) और 'आई वान्ना बी लाइक यू (I Wan'na Be Like You) सहित कई उत्कृष्ट गीत हैं। अधिकांश गीत रिचर्ड एम. शेरमेन और रॉबर्ट बी. शेरमेन द्वारा लिखित थे। वुल्फगैंग रीदरमैन द्वारा निर्देशित यह फिल्म, वॉल्ट डिजनी के अंतर्गत निर्मित होने वाली अंतिम फिल्म थी, जिनका इसके निर्माण के दौरान निधन हो गया था। अपनी पहली रिलीज पर फिल्म ने अमरीका में कुल 73 मिलियन डॉलर तथा फिर से जारी दो संस्करणों पर भी इतनी ही कमाई की। 14 फरवरी, 2003 को ऑस्ट्रेलिया में डिज्नी टून स्टूडियो ने द जंगल बुक 2 के नाम से 1967 क्लासिक की एक उत्तरकथा जारी की, जिसमे मोगली मनुष्यों के उस गांव से, जिसमे वह फिल्म के अंत में लौटता है, अपने जानवर दोस्तों से मिलने के लिए भाग लिया।

# वेनेजुएला



**वेनेजुएला** दक्षिणी अमरीका महाद्वीप में स्थित एक देश है। वेनेजुएला की राजधानी काराकास है। वेनेजुएला लैटिन अमेरिका में सबसे ज्यादा आधुनिक देशों में से एक है। यहां की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा शहरों में बसता है। विशेष रूप से राजधानी कराकास में जो यहां का सबसे बड़ा शहर भी है।

# जिम्बाब्वे



**जिम्बाब्वे** दक्षिणी अफ्रीका में स्थित एक देश है। हरारे जिम्बाब्वे की राजधानी होने के अलावा जिम्बाब्वे का सबसे बडा शहर है तथा जिम्बाब्वे का सबसे बडा प्रशासकीय,आर्थिक तथा संचार केंद्र है। तम्बाकु,मकाय आदि का यह व्यापार केंद्र है। यहां पर स्टील तथा रसायनों का उत्पादन होता है।

# हिरण ने बदला मुखिया का स्वभाव

बाल कहानी



**बर्मा** की सीमा के निकट पाटकोई पर्वत श्रेणी पर तांगसा जाति के लोग रहते हैं। ये लोग मंगोलों के वंशज प्रतीत होते हैं। चपटी नाक और सीधे बालों के कारण इन्हें आसानी से पहचाना जा सकता है।

यहीं एक गांव का मुखिया बहुत क्रूर स्वभाव का था। उसका शरीर शक्तिशाली था। कैसी भी खड़ी चढ़ाई हो, वह आसानी से पार कर लेता। मेहनती स्वभाव होते हुए भी उसकी प्रवृत्ति हिंसक थी। उसे आस-पास के गांव वालों से बेहद नफरत थी। भूले-भटके दूसरे गांव का व्यक्ति वहां से गुजर जाता तो वह उसका सिर काट लेता। गांव में प्रवेश द्वार पर उसने युवकों का 'मोरंग' बनवा रखा था। कैसी भी विपत्ति आने पर वे युवक नगाड़ा बजाकर गांववालों को सावधान कर देते।

गांववासी न चाहते हुए भी मुखिया के आदेशों का पालन करते। वे लोग कहते थे कि नए लोगों से मिला जाए। उनके साथ प्रेम का व्यवहार किया जाए, किंतु मुखिया की सोच सबसे विपरीत थी। उसका स्वभाव दुष्ट तो था ही, रही-सही कसर अफीम ने पूरी कर दी। वह दिन-रात अफीम की पिनक में डूबा रहता। उसकी देखा-देखी भोले-भोले युवक भी अफीम का सेवन करने लगे। कुछ ही समय बाद अधिकांश गांववाले बुरी लतों का शिकार हो गए। किसी ने ठीक ही कहा है कि जैसा राजा वैसी प्रजा।

एक बार मुखिया नशे की हालत में शिकार पर चला गया। वहां तूफानी आंधी के कारण वह साथियों से बिछुड़ गया। एक पेड़ के तने से टकराया तो घुटने से लहू बहने लगा। मारे दर्द के वह बिलबिलाने लगा और बेहोश हो गया। आंख खुली तो पाया कि एक हिरण उसका जख्म चाट रहा था। मुखिया को दर्द में कुछ राहत मिली।

उसने हिरण को गोद में उठाया और लंगड़ाते-लंगड़ाते गांव लौट आया। गांववालों ने दुष्ट मुखिया के हाथ में जिंदा हिरण को देखा तो चौंक गए। कुछ ही दिनों में हिरण उससे घुल-मिल गया। मुखिया के घरवाले उसकी खिलखिलाहट सुनते तो हैरान हो जाते। हिरण की देखभाल में काफी समय लगाने के कारण मुखिया को अफीम की लत भी छोड़नी पड़ी। उसने शिकार पर जाना छोड़ दिया और गांववालों से भी खेती करने को कहा।

धीरे-धीरे सभी किसान सभ्य बनते गए। एक दिन पास के गांव से एक आदमी घूमता-घूमता वहां आ पहुंचा। मुखिया ने सुना तो झट धनुष-बाण उठाकर उसी दिशा में भागा। हिरण भी उसके पीछे था। वहां पहुंचकर मुखिया ने ललकारा-'तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई? मेरे गांव में घुसने का नतीजा जानते हो?' इससे पहले कि वह व्यक्ति कोई उत्तर देता, हिरण लपककर उसकी गोद में चढ़ गाय। वह हिरण उसका पालतू था, जो कुछ समय पहले जंगल में खो गया था।

अब उसकी गोद में उसका प्यारा हिरण था, जो मुखिया को भी प्यारा था। वह उसे कैसे मार सकता था? इतने में वह व्यक्ति कांपते हुए बोला-'मैं बहुत समय से अपने हिरण की खोज में यहां-वहां भटकता फिर रहा था। क्या इसे आपने पाल रखा था?' उदास मुखिया क्या उत्तर देता? चुपचाप लौटने लगा। तभी व्यक्ति का स्वर सुनाई दिया-'यदि आपने इसे पाल रखा था तो यह आपका ही हुआ।' मुखिया ने उसे लपककर गले से लगा लिया। उस दिन से गांव के दरवाजे दूसरे गांववालों के लिए खुल गए। मुखिया का दुष्ट स्वभाव जाने कहां चला गया था?

## आज का राशिफल

### मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

जिन्हें आप चाहते हैं, उनके साथ उपहारों का लेन–देन करने के लिए अच्छा दिन है। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आप न चाहते हुए भी कोई गलती कर बैठेंगे जिसकी वजह से आपको अपने सीनियर्स की डांट सहनी पड़ सकती है। कार–ोबारियों के लिए दिन सामान्य रहने की उम्मीद है। जो लोग अब तक किसी काम में व्यस्त थे आज उन्हें अपने लिए समय मिल सकता है लेकिन घर में किसी काम के आ जाने से आप फिर से व्यस्त हो सकते हैं।

### वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। ऐसे लोगों से साथ जुड़ें जो स्थापित हैं और भविष्य के रुझानों को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। प्रेमी को वक्त देने की कोशिश करेंगे लेकिन किसी जरुरी काम के आ जाने के कारण आप उनको समय दे पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे।

### मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। जीवनसाथी ज़िंदगी में बदलाव लाने में मदद करेगा। दिन को ख़ास बनाने के लिए स्नेह और उदारता के छोटे–छोटे तोहफ़े लोगों को दें। आज कार्यक्षेत्र में आपके किसी पुराने काम की तारीफ हो सकती है। आपके काम को देखते हुए आज आपकी तरक्की भी संभव है। कारोबारी आज अनुभवी लोगों से करोबार को आगे बढ़ाने की सलाह ले सकते हैं। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर पर अपना खाली समय बिता सकते हैं। आपका जीवनसा–थी आज ऊर्जा और प्रेम से भरपूर है।

### कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं। आपकी उपलब्धी परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी क़ामयाबी की फ़ेहरिस्त में एक नया मोती जड़ेंगे। दूसरों के सामने आदर्श स्थापित करने के लिए ख़ुद को बेहतर बनाने की कोशिश जारी रखें।काम की अधिकता के बावजूद भी आज कार्यक्षेत्र में आपमें ऊर्जा देखी जा सकती है। जिन लोगों के घर वाले शिकायत करते हैं कि वो घरवालों को पर्याप्त समय नहीं देते वो आज घरवालों को समय देने के बारे में सोच सकते हैं लेकिन ऐन वक्त पर किसी काम के आने की वजह से ऐसा नहीं हो पाएगा।

### सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आज आपके ऑफिस का कोई सहकर्मी आपकी कीमती वस्तु चुरा सकता है इसलिए आज आपको अपना सामान ध्यान से रखने की जरुरत है। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें । कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक़्की मिलेगी। शाम के वक्त आज आप किसी करीबी के घर वक्त बिताने जा सकते हैं लेकिन इस दौरान आपको उनकी कोई बात बुरी लग सकती है और आप तय समय से पहले वापस लौट सकते हैं।

### कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

हृदय–रोगियों के लिए सतर्कता के साथ योगा प्राणायाम करना चाहिए आज के दिन आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है लेकिन इसके साथ ही आपको दान–पुण्य भी करना चाहिए क्योंकि इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। विवाद, मतभेद और दूसरों की आपमें कमियाँ निकालने की आदत को नज़रअन्दाज़ करें। नयी परियोजनाओं और ख़र्चों को टाल दें। खाली वक्त में आज कुछ रचनात्मक कर सकते हैं। आपके जीवनसाथी की कामकाज को लेकर व्यस्तता आपकी उदासी का कारण बन सकती है।

### तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

अपना मूड बदलने के लिए किसी सामाजिक आयोजन में शिरकत करें। चंद्र की स्थिति की वजह से आज आपका धन बेवजह की चीजों पर खर्च हो सकता है। अगर आपको धन संचय करके रखना है तो अपने जीवनसाथी या माता पिता से इस बारे में बात करें। बच्चों का स्कूल से जुड़ा काम पूरा करने के लिए मदद देने का वक़्त है। यह उन उम्दा दिनों में से एक दिन है जब कार्यक्षेत्र में आप अच्छा महसूस करेंगे। आज आपके सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे और आपका बॉस भी आपके काम से खुश होगा। कारोबारी भी आज कारोबार में मुनाफा कमा सकते हैं।

### वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

सबकी मदद करने की आपकी इच्छा आपको आज बुरी तरह थकाएगी। आज आपको पैसों से जुड़ी कोई समस्या आ सकती है जिसे सुलझाने के लिए आप अपने पिता या पितातुल्य किसी आदमी से सलाह ले सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल–मोल कर ही बोलें। वरिष्ठ सहकर्मी और रिश्तेदार मदद का हाथ बढाएंगे। आज के दिन यात्रा, मनोरंजन और लोगों से मिलना–जुलना होगा। आज आप अपने जीवनसाथी से काफ़ी आत्मीय वातचीत कर सकते हैं।

### धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

जल्दी ही बीमारी से उबरने की संभावना है। समय और धन की कद्र आपको करनी चाहिए नहीं तो आने वाला वक्त परेशानियों भरा रह सकता है। कारोबारी जितना हो अपने कारोबार से जुड़ी बातों को किसी से शेयर न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आप बड़ी मुश्किल में पड़ सकते हैं। इस राशि के उम्रदराज जातक आज के दिन अपने पूराने मित्रों से खाली समय में मिलने जा सकते हैं। आपके आस–पास के लोग कुछ ऐसा कर सकते हैं, जिसके चलते आपका जी–वनसाथी आपकी तरफ़ फिर से आकर्षित महसूस करेगा।

### मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

क़िस्मत के भरोसे न बैठें और अपनी सेहत सुधारने के लिए ख़ुद मेहनत करें, क्योंकि हाथ पर हाथ रखे रहने से कुछ नहीं होने वाला। अब वक़्त आ गया है कि आप अपना वज़न क़ाबू में करें और स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम का सहारा लें। दिन के उत्तरार्ध में ज़्यादा तनाव न लें और आराम करें। कामकाज के मोर्चे पर आज का दिन काफ़ी अच्छा रहने वाला है। ज़रूरत के वक़्त आपका जीवनसाथी आपके परिवार की अपेक्षा अपने परिवार को ज़्यादा तरजीह देता हुआ नज़र आ सकता है

### कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें और सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। इस राशि के कारोबारियों को आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं। ऐसे दोस्तों के साथ बाहर जाएँ जो आपके हालात और ज़रूरतों को समझते हैं। यात्राओं से व्यावसायिक संबंधों में सुधार होगा। आज आपको अपने ससुराल पक्ष से कोई बुरी खबर मिल सकती है जिसके कारण आपका मन दुखी हो सकता है और आप काफी समय सोच विचार करने में गंवा सकते हैं। आपका जीवनसाथी आज आपके लिए कुछ बहुत ख़ास करने वाला है।

### मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ़ खींचेगा। आज आपकी कोई चल संपत्ति चोरी हो सकती है इसलिए जितना हो सके इनका ध्यान रखें। ऐसे दोस्तों के साथ बाहर जाएँ, जो सकारात्मक और मददगार स्वभाव के हैं। आज प्यार के मामले में सामाजिक बंधन तोड़ने से बचें। कार्यालय में सबकुछ आपके पक्ष में जाता नज़र आ रहा है। यह ऐसा दिन है जब आप खुद को समय देने की कोशिश करते रहेंगे लेकिन आपको अपने लिए समय नहीं मिल पाएगा। आप अपने जीवनसाथी को समझने में आपसे ग़लती हो सकती हैं।

## आज का पंचांग

दिनांक : 22 मार्च 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2083
मास : चैत्र , शुक्ल पक्ष
तिथि : चतुर्थी रात्रि 09:19 तक
नक्षत्र : भरणी रात्रि 10:43 तक
योग : वैधृति सायं 03:40 तक
करण : वणिज प्रातः 10:39 तक
चन्द्रराशि : मेष रात्रि 04:14 तक
सूर्योदय : 06:18, सूर्यास्त 06:27 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:22, सूर्यास्त 06:30 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:15, सूर्यास्त 06:23 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:10, सूर्यास्त 06:18 ( विजयवाडा )

### शुभ चौघड़िया

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : विनायक चतुर्थी,
कूष्माण्डा पूजन , भद्रा प्रातः 10:41 से रात्रि 09:19

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गिरिराज महाराज की लगाई परिक्रमा

## गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने किया स्वागत



**भरतपुर, 21 मार्च (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नें शनिवार को गिरिराज महाराज की परिक्रमा की। उनका उत्तरप्रदेश से राजस्थान पहुंचने पर जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने स्वागत किया। राष्ट्रपति के राजस्थान सीमा में पंहुचने पर ब्रज के प्रसिद्ध मयूर लोकनृत्य कलाकारों के दल ने भव्य प्रस्तुति देकर स्वागत किया। राष्ट्रपति नें राजस्थान सीमा में प्रवेश कर पैदल परिक्रमा की तथा लोक कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से प्रफुल्लित दिखाई दी।

उन्होने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया और उनके साथ फोटो खिचवायें। इस अवसर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई, जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल, जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ, भरतपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुलसिह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लख्खी मेले को लेकर प्रशासन चाक–चौबंद, व्यवस्थाओं की समीक्षा




**लालसोट, 21 मार्च (एजेंसियां)।** पपलाज माता के 23 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले लख्खी मेले को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मेले की तैयारियों के मद्देनजर एएसपी विनोद सिपा व डीएसपी दिलीप सिंह मीणा की अगुवाई में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रूट चार्ट तैयार किया गया।

आवागमन को सुगम बनाने के लिए आने–जाने के मार्ग निर्धारित किए गए, साथ ही ड्यूटी पॉइंट, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग व बैरिकेडिंग को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। अतिरिक्त पुलिस जाप्ता उपलब्ध कराने के लिए एसपी को पत्र लिखने की कार्रवाई भी की जा रही है।

डीएसपी दिलीप सिंह मीणा ने बताया कि एनएच किनारे लगी अस्थायी दुकानों को हटाने के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। निर्देशों की अवहेलना करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही हाईवे पर अवैध पार्किंग पर पूर्ण रोक लगाने और लेन सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यातायात सुचारू बना रहे।

# मोटर साइकिल में सीक्रेट टैंक से अफीम तस्करी का पर्दाफाश

## एमपी का शातिर तस्कर गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़, 21 मार्च (एजेंसियां)।** जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिला स्पेशल टीम और निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मोटरसाइकिल में बनाई गई गुप्त स्कीम का खुलासा करते हुए 9 किलो 864 ग्राम अवैध अफीम जब्त कर एमपी के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इंटरस्टेट तस्करी कनेक्शन की आशंका जताते हुए पुलिस की सतर्कता से बड़ी तस्करी नाकाम हुई हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि आईजीपी रेंज उदयपुर गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। तस्करों के खिलाफ सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी हैं।इसी क्रम में निम्बाहेड़ा कोतवाली इंचार्ज थाना कन्हैयालाल उनि के नेतृत्व में जिला स्पेशल टीम हैड कानि. प्रमोद कुमार, कानि रतन सिंह, अमित कुमार, मनोज कुमार, दूर्गाराम, बलराम, प्रीतम, अजय, शिशराम व थाना कोतवाली निम्बाहेडा से कानि. विजयसिंह, जगदीश, सुभाष, विजय कुमार, गोविन्द सिह के द्वारा जलिया चैकपोस्ट पर नाकाबंदी की जा रही थी।

इसी दौरान नीमच की तरफ से आई मोटर साईकिल होण्डा यूनिकोन के चालक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने से मोटर साईकिल को रोककर गहनता से चैकिंग की गई तो मोटर साईकिल की पेट्रोल टंकी की नीचे बोल्ट लगा टंकी के नीचे की तरफ स्कीम बनाकर स्कीम के अंदर छुपाकर 06 पारदर्शी प्लास्टिक की थैलियो मे भरी अवैध अफीम 9 किलो 864 ग्राम को जब्त किया जाकर अवैध मादक पदार्थ की गुप्त स्कीम बनाकर तस्करी करने वाले आरोपी 27 वर्षीय रितुराज सिह राठोड पुत्र टीकम सिह राजपुत निवासी पिपल्यारावजी थाना मनासा जिला नीमच मध्यप्रदेश हाल राजपुत कॉलोनी टेम्पु स्टेण्ड के पास एफ 149 भीलवाडा थाना प्रतापनगर जिला भीलवाडा को गिरफतार किया गया। अवैध अफीम खरीद फरोख्त के संबंध में विस्तृत अनुसंधान जारी है।

पुलिस अब इस मामले में तस्करी नेटवर्क, सप्लाई चेन और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# कुएं में गिरने से 14 वर्षीय बालक की मौत

**बानसूर, 21 मार्च (एजेंसियां)।** कोटपूतली–बहरोड़ जिले के बानसूर क्षेत्र में एक मांगलिक कार्यक्रम की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब कुआं पूजन के दौरान एक 14 वर्षीय बालक की खुले कुएं में गिरने से जान चली गई। घटना ग्राम चूल्हा की है, जहाँ कांजीपुरा निवासी हेमंत कुमार मेघवाल (पुत्र सुरेश कुमार) परिवार के साथ कार्यक्रम में आया था। देर रात करीब 11 बजे बालक अचानक खुले कुएं में जा गिरा। सूचना मिलते ही रोटी बैंक की निशुल्क एंबुलेंस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद बालक को बाहर निकालकर उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हरसौरा पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने जिला कलेक्टरों को

# बारिश से फसलों को हुए नुकसान का सर्वेक्षण करने का दिया निर्देश

**जयपुर, 21 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान सरकार ने शनिवार को सभी जिला कलेक्टरों को राज्य के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में हुई भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रभावित किसानों को समय पर राहत पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण करने और जल्द से जल्द विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण किसान भाइयों को हुए नुकसान का उचित आकलन करने के लिए सभी जिला कलेक्टरों को तत्काल सर्वेक्षण करने और जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

अधिकारियों को वर्षा प्रभावित जिलों में फसलों के नुकसान का व्यापक मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि मुआवज़ा और राहत उपायों को बिना किसी देरी के लागू किया जा सके।



मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, राजस्थान की समृद्धि हमारे किसान भाइयों और बहनों की नींव पर टिकी है। राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ आपके साथ मजबूती से खड़ी है। प्रभावित किसानों को समय पर सहायता प्रदान करना राज्य प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक प्रभावित किसान को शीघ्र और पर्याप्त सहायता प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कई क्षेत्रों में खड़ी फसलों को भारी बारिश से हुए नुकसान की खबरों के बीच यह कदम उठाया गया है, जिससे किसानों में संभावित नुकसान को लेकर चिंता बढ़ गई है।

राज्य सरकार के इस निर्देश का उद्देश्य कृषि समुदाय पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए राहत सामग्री का त्वरित आकलन और वितरण सुनिश्चित करना है।उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों से शक्तिशाली और असामान्य पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव बना हुआ है। इसके चलते जयपुर, कोटा, भरतपुर और सीकर सहित कई क्षेत्रों में आंधी व बारिश हो रही है। कुछ इलाकों से ओलावृष्टि की भी खबरें मिली हैं।

हिमालयी क्षेत्र में हुई बर्फबारी से तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है, जिससे हाल की गर्मी से राहत मिली है और वातावरण में ठंडक बढ़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिससे 21 व 22 मार्च को उत्तर–पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।हालांकि, बेमौसम बारिश ने राज्यभर में फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों की उम्मीदें टूट गई हैं। कृषि नुकसान को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

# एसटीएफ ने मुठभेड़ के बाद 5 अपहरणकर्ताओं को किया गिरफ्तार, गोली लगने से 2 घायल



**सोनीपत, 21 मार्च (एजेंसियां)।** सोनीपत के बहादुरगढ़ में एसटीएफ और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से 2 बदमाश घायल हो गए। वहीं, 3 अन्य आरोपियों को मौके से दबोच लिया। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। एसटीएफ के मुताबिक, बहादुरगढ़ स्थित बीडीएम कॉलेज के मालिक के बेटे हुनरजीत का अपहरण कर बदमाशों ने पांच करोड़ की फिरौती वसूली थी। फिरौती वसूलने वाले सोनीपत के मेहंदीपुर गांव के पास बदमाशों की सूचना मिलने पर एसटीएफ की टीम ने जाल बिछाया था। इसी बीच रात दो बजे के करीब बोलेरो में सवार पांच संदिग्धों को पुलिस ने रोका।इस पर आरोपियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने बचाव में फायरिंग की। पुलिस की गोली लगने से चित्रंदन उर्फ मनजीत और विन्नी घायल हो गए, वहीं, तीन अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने घायल बदमाशों को सोनीपत के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो पिस्तौल, चार खाली कारतूस और बोलेरो गाड़ी बरामद की है। मुरथल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।परिजनों के मुताबिक, अपहरणकर्ताओं के निर्देश पर फिरौती की रकम 5 करोड़ रुपये बीडीएम कॉलेज के मालिक की ओर से रोहतक आईएमटी क्षेत्र में एक नहर के पुल के पास दी गई थी।

# जागरूक युवा ही सशक्त लोकतंत्र और विकसित राष्ट्र की आधारशिला : हरविन्द्र

**सोनिपत, 21 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा विधान सभा के सौजन्य से दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के सभागर में संविधान के सिद्धांत, विशेषताएं एवं विधायिका के कार्य विषय पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राज्यसभा के उप–सभापति हरिवंश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उप–सभापति ने कहा कि विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में सचिवालय अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण योजना, विधायी प्रारूपण कार्यशालाएं, नगर



निकाय प्रतिनिधियों के सम्मेलन, मीडिया संवाद तथा युवाओं के लिए युवा संसद जैसे किए गए कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने हरियाणा विधान सभा द्वारा किए जा रहे नवाचारों और सकारात्मक पहलों की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए विधानसभा द्वारा उठाए गए कदम अत्यंत सराहनीय हैं। हरिवंश ने कहा कि हरियाणा एक युवा शक्ति से परिपूर्ण प्रदेश है और यहां के युवाओं ने खेल, कृषि, सुरक्षा, उद्यमिता और सांस्कृतिक क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि वे अपने जीवन में दृढ़ संकल्प और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें, तो वे न केवल अपना भविष्य संवार सकते हैं, बल्कि देश को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

उन्होंने दीनबंधु छोटू राम के जीवन और उनके संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी किसान नेता थे, जिन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी।

# हरियाणा और अफ्रीका की साझेदारी से विकास को मिलेगी गति : सैनी

**चंडीगढ, 21 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वैश्विक सहयोग के नए दौर में हरियाणा अफ्रीकी देशों के साथ अपने संबंधों को और अधिक मजबूत एवं व्यापक बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा न केवल औद्योगिक और आर्थिक क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है, बल्कि कृषि, पशुपालन, डेयरी, बागवानी तथा अन्य एलाइड सेक्टर में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है। इन क्षेत्रों में दोनों मिलकर परस्पर आपसी सहयोग से एक दूसरे का अनुभव और विशेषज्ञता साझा करते हुए विकास में रफ्तार पकड़ेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट- 2026 के अंतर्गत नई दिल्ली में आयोजित भारत–अफ्रीका सामरिक साझेदारी बैठक को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय उर्जा एवं आवासन मंत्री मनोहर लाल ने की, जबकि केंद्रीय ऊर्जा एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येस्सो नाइक ने भी समिट को संबोधित किया। अफ्रीकी देशों के मंत्रियों, प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों को




संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा और अफ्रीका के बीच संबंध केवल व्यापारिक लेन–देन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह रिश्ते बिजनेस टू बिजनेस से आगे बढ़कर हार्ट टू हार्ट के हैं। उन्होंने कहा कि कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में हरियाणा और अफ्रीका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई प्रबंधन, डेयरी विकास तथा कृषि–आधारित उद्योगों के क्षेत्र में साझेदारी से दोनों पक्षों को लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार इस दिशा में संस्थागत सहयोग, निवेश प्रोत्साहन और ज्ञान के आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में हरियाणा और अफ्रीकी देशों के बीच सहयोग के नए आयाम स्थापित होंगे, जिससे न केवल आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी, बल्कि वैश्विक स्तर पर साझा विकास और समृद्धि के लक्ष्य को भी साकार किया जा सकेगा।

# रमजान त्यौहार धार्मिक भाईचारे का प्रतीक

## विधायक ने मुस्लिम भाइयों को रमजान की बधाई दी

**आसिफाबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

कोवलक्ष्मी ने कहा कि त्यौहारों को धार्मिक मेलजोल का प्रतीक मानकर मनाना चाहिए।

आसिफाबाद विधायक कोवलक्ष्मी ने शुक्रवार को आसिफाबाद शहर के नूरनगर ईदगाह में रमजान के पवित्र त्योहार के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष नमाज में हिस्सा लिया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि रमजान का त्योहार अनुशासन, सहनशीलता, दान और भाईचारे का प्रतीक



है। उन्होंने कामना की कि अल्लाह की कृपा से क्षेत्र के सभी लोग अच्छी सेहत और खुशियों से भरपूर रहें।

बाद में विधायक ने ईदगाह आए मुस्लिम भाइयों का दिल से स्वागत किया और त्योहार की बधाई दी। इस कार्यक्रम में म्युनिसिपल चेयरमैन मेंग्रे आकाश, वाइस चेयरमैन एम डी अहमद, सीनियर नेता मरसुकोला सरस्वती, नेता अली बिन हैमद, अंसार, हैमद, निसार, रवि, अशोक, सलमान, साथ ही उमादेवी, सुप्रजा और अन्य लोग शामिल हुए।

# एमआरए से ऊपर की वसूली, आबकारी विभाग पर उठ रहे सवाल

**आसिफाबाद / मंचेरियाल, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** लकी ड्रॉ में लाखों रुपये जीतकर दुकानें पाने वाले सभी शराब व्यापारी एकजुट हो गए हैं। अधिकारियों के वेतन बढ़ने के साथ ही वे एक गिरोह में शामिल हो गए और शराब बेचना शुरू कर दिया। 32 दुकानों को 2025-27 की दो साल की अवधि के लिए लाइसेंस दिया गया था और वे पिछले दिसंबर से शराब बेच रहे हैं। वे अधिकारियों से बड़ी मात्रा में रिश्वत ले रहे हैं और यह कहकर अपराध कर रहे हैं कि अगर वे ईमानदारी से दुकानें चलाएंगे तो वेतन और अन्य खर्चों के लिए कुछ नहीं बचेगा। आबकारी विभाग को लाखों रुपये का लाइसेंस शुल्क देने में असमर्थ होने के कारण, उन्होंने अंततः वेतन और खर्चों का भुगतान करने के लिए पैसे कमाने के लिए एक गिरोह का रूप धारण कर लिया। इसके साथ ही, वे शराब को एमआरपी से 10 रुपये प्रति बोतल अधिक दर पर बेच रहे हैं। इसके अलावा, वे इसे बेल्ट दुकानों को 103 रुपये प्रति बोतल की अधिक कीमत पर बेच रहे हैं। पिछले दिसंबर से दुकानें शुरू होने के बाद से, वे जिसे चाहें उसे शराब बेच रहे हैं। हालांकि, पिछले चार महीनों से दुकानों को हो रहे नुकसान के कारण, आसिफाबाद जिला मुख्यालय इस महीने की 15 तारीख से बंद है।



आसिफाबाद में छह शराब की दुकानों का लाइसेंस है।वांकिडी केरामेरी मंडलों में पहले से ही सिंडिकेट गिरोह बन चुके हैं और ऊंची कीमतों पर शराब बेच रहे हैं। महाराष्ट्र सीमा से लगे गुडेला, चिंतलमनेपल्ली मंडल में भी वे ऊंची कीमतों पर शराब बेच रहे हैं। कागजनगर कस्बे में मिलावट के आरोप लगे हैं।

पुलिस अधिकारियों के वेतन में पहले से कहीं अधिक वृद्धि हो रही है। इसके चलते शराब व्यापारियों को हर महीने लाखों रुपये का भुगतान करना पड़ रहा है। पहले वे 10,000 रुपये देते थे, जो अब बढ़कर 16,000 रुपये हो गया है। इसके अलावा, ऐसा लगता है कि वे निचले स्तर के, मंडल स्तर के और फिर उच्च स्तर के अधिकारियों को भी इतनी ही राशि का भुगतान कर रहे हैं। प्रत्येक दुकान पर पुलिस विभाग का लगभग 1000 रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक का खर्च आता है।

**अगर नहीं दिया गया तो ....**

मासिक भुगतान न होने पर, बिचौलियों की आय का मुख्य स्रोत माने जाने वाली इन दुकानों को बंद करने की धमकी दी गई है। साथ ही, उपद्रव, शराब पीकर गाड़ी चलाने और पार्किंग नियमों के उल्लंघन के तहत अवैध रूप से बिक्री करने के लिए दुकानों के खिलाफ मामले दर्ज करने की चेतावनी भी दी गई है। पहले एक अधिकारी ने चेतावनी दी कि कुल छह दुकानों को 12 लाख रुपये देने होंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि वे यह राशि नहीं दे पाएंगे। अंत में वे प्रत्येक दुकान से 16 हजार रुपये देने पर सहमत हो गए। पिछले दिसंबर से वे जिसे चाहें उसे सामान बेच रहे हैं। एक हफ्ते पहले, कारोबारी समुदाय में यह चर्चा चल रही है कि वे गलत परिस्थितियों में एक गिरोह बन गए हैं।

आबकारी अधिकारियों को ऊपर से नीचे तक 30,000 रुपये की अतिरिक्त रकम मिल रही है। इसके साथ ही, राजनेता भी इसकी मांग कर रहे हैं, इसलिए उन्हें शराब व्यापारियों को हर महीने लाखों रुपये देने पड़ते हैं। इन खर्चों के चलते शराब एमआरसी से अधिक कीमत पर बिक रही है, जिससे अंतिम उपभोक्ताओं, यानी नशीले पदार्थों के डीलरों की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है।

# मदनूर में गणगौर उत्सव भक्ति भाव से मनाया गया



**मदनूर, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** गणगौर उत्सव राजस्थान और मध्य प्रदेश का प्रमुख त्योहार है, जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया (मार्च-अप्रैल) को पार्वती (गौर) और शिव (गण) को समर्पित होकर मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा पति की लंबी उम्र, अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि के लिए 16-18 दिनों तक श्रद्धापूर्वक मनाया मदनूर मंडल केंद्र के राजस्थानी समाज महिला की और से मनाया गया

गणगौर उत्सव की मुख्य विशेषताएं: 'गण' का अर्थ शिव और 'गौर' का अर्थ पार्वती है, यह दाम्पत्य सुख का प्रतीक है।

उन्होंने पत्रकार से बताया कि होली के अगले दिन से शुरू होकर चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन तक (लगभग 16-18 दिन) उत्सव चलता है। महिलाएं (शिव) और पार्वती जी की मूर्तियां बनाती हैं और प्रतिदिन उनकी पूजा, गीत गाकर करती हैं। इस समय उन्होंने बालाजी मंदिर से लेकर हनुमान मंदिर तक भगवान के गुण गान करते हुए शोभा यात्रा निकाला गया।



**मंचेरियाल में आरटीसी द्वारा रामुलोरी डिपो मैनेजर श्रीनिवास ने बताया कि भद्राडी श्री रामुलवारी तालमब्रा की डिलीवरी आरटीसी कार्गो के माध्यम से की जाएगी। इससे संबंधित पर्चे शनिवार को डिपो में जारी किए गए। उन्होंने बताया कि कार्गो के माध्यम से लोगों को विशेष सेवाएं प्रदान की जा रही हैं और मेडाराम सम्मक्का सरलाम्मा गोल्ड (गुड़) की डिलीवरी भी हो चुकी है। उन्होंने श्री रामुलवारी तालमब्रा के लिए आरटीसी कार्गो से संपर्क करने का अनुरोध किया।**

# नेत्रदान से दो लोगों की जिंदगी में लौटेगी रोशनी : सदाशया फाउंडेशन



**बेल्लमपल्ली, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** बेल्लमपल्ली मंडल के कन्नाला गांव के ऐला मल्लेश (55) का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। जनहित सेवा समिति के जागरूकता कार्यक्रम के जरिए उनके परिवार ने दुख की इस घड़ी में नेत्रदान का निर्णय लिया ताकि उनकी आंखें दो जरूरतमंदों को रोशनी दे सकें। सदाशया फाउंडेशन की मदद से एल.वी. प्रसाद आई बैंक को मल्लेश की आंखें सौंपी गईं। जनहित सेवा समिति के अध्यक्ष अडेपु सतीश ने परिवार की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। यह जनहित सेवा समिति का 13वां नेत्रदान कार्यक्रम था। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि मृत्युपरांत अंग, आंखें और शरीर दान करने से पहले की गलतफहमियों को छोड़कर समाज के भले के लिए दान करने की सोच अपनाएँ। नेत्रदान के दौरान कॉर्निया मृत्यु के आठ घंटे के भीतर ही संग्रहित किया जाता है और इससे दो लोगों को दृष्टि मिलने का अवसर प्राप्त होता है।

कार्यक्रम में एल.वी. प्रसाद आई बैंक ने परिवार को नेत्रदान प्रमाणपत्र प्रदान किया। मौके पर लीडर नथारी मूर्ति, जनहित सेवा समिति के जनरल सेक्रेटरी इप्पा रवि, असिस्टेंट सेक्रेटरी गोडिसेला शेखर, कार्यकारिणी सदस्य गुम्मुला चंदू, भीमिनी कनकैया तथा परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और गांव व दोस्तों की उपस्थिति रही।

# मदनूर पुलिस ने चार जुआरियों को गिरफ्तार किया



**मदनूर, 21 मार्च ( शुभ लाभ ब्यूरो)।**

स्थानिक पोलिस उप निरीक्षक मोहन रेड्डी ने एक प्रेस विज्ञापन में बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर, अपने कर्मचारियों के साथ मदनूर मंडल के थड़ी हीपरगा गांव में स्थित दिगंबर टिन शेड पर छापा मारा और ताश खेलते हुए चार जुआरियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 3660 रुपये, 3 मोबाइल फोन और 1 बाइक जब्त की गई। उन पर कानूनी कार्य वाही दर्ज किया है। उन्होंने आगे बताया कि मदनूर व डोंगली मंडल में अवैध व्यापार व ताश के साथ अवैध रेती परिवहन करने वालो पर कानूनी कार्यवाही की ज्यायगी स्थानिक जनता ने अवैध कारोबार करने वाले का नाम बताने पर उनका नाम गुप्त रखा जायगा




**मंचेरियाल डॉ. रघुनांदन नेत्र अस्पताल में मुफ्त नेत्र शल्य चिकित्सा की गई। हमारी 58वीं डिवीजन को ऑपरेशन कैंप में रखा जाना चाहिए। मैं डॉक्टर को कमला की आँखों की सर्जरी निःशुल्क करने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ। हम डॉक्टर से अनुरोध करते हैं कि भविष्य में भी इसी तरह की आँखों की समस्याओं से पीड़ित लोगों की सर्जरी निःशुल्क करें। हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। धन्यवाद, वार्ड 58 पार्षद अनीता सत्यम।**

# संयुक्त मंडल में विधायक ने चना फसल खरीदी केंद्र का प्रारंभ किया





**मदनूर, 21 मार्च ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के तत्वावधान में स्थापित चना खरीद केंद्र का उद्घाटन माननीय स्थानीय विधायक श्री तोटा लक्ष्मी कांतराव सर ने मदनूर कृषि बाजार समिति अध्यक्ष सौजन्या, उपाध्यक्ष परमेश पटेल, सरपंच उषा संतोष, उप सरपंच वटनालवार रमेश, मदनूर मंडल कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष दरास वार सायलु सोसायेटी, के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास पटेल, हनमंडलु गुरुस्वामी बांदी गोपी संगय्यप्पा कोंडा गंगाधर सोसाइटी, जन प्रतिनिधि, किसान भाई, अधिकारी और सोसाइटी के कर्मचारियों के साथ मिलकर किया इस समय विधायक ने किसानों को बताया कि चना फसल प्राथमिक कृषि सहकार समिति खरीदी केंद्र पर ही विक्री करे इसी के साथ विधायक ने डोंगली समिति परिसर में चना फसल खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया ।

# विधायक ने सभी मुस्लिम भाईयों को ईद की शुभ कामनाएं दी



**मदनूर, 21 मार्च ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** जुक्कल विधायक लक्ष्मी कांथा राव ने शनिवार के दिन स्थानिक मंडल केंद्र में रमजान त्यौहार में भाग लिया इस अवसर पर उन्होंने मुस्लिम भाइयों को ईद मुबारक के शुभकामनाएं देते हाय एक दूसरे गले लगाया और उन्हेंने हर को आपने और से हार्दिक रमजान त्यौहार के शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान से कामना की कि रमजान त्यौहार सभी के जीवन में सुख और आनंद लेकर आए। त्यौहार के अवसर पर विधायक ने स्थानिक अल्पसंख्यक नेता जावेद पटेल के घर पर शिर कुरमा का आनंद लिया। इस समय मदनूर मंडल कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष दरास सायलु, कांग्रेस पार्टी जेष्ठ नेता साईं पटेल, संतोष मेस्त्री हणमलू चैवलावार, अन्य लोग उपस्थित थे।

# कपास के खेत में नवजात शिशु मिला



**आसिफाबाद , 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कागजनगर मंडल के वल्लागोंडा ग्राम पंचायत के सीतानगर के बाहरी इलाके में कपास के खेत में कपड़े से बंधे बच्चे की घटना सामने आई है।

स्थानीय लोगों ने देखा और तुरंत पुलिस को बताया। बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालकर कस्टडी में ले लिया गया। पुलिस अनजान लोगों की तलाश कर रही है।



# आईपीएल 2026 : विराट कोहली ने आरसीबी खिलाड़ियों को दी चेतावनी, कहा–चुनौतियां और ज्यादा कठिन

बेंगलूरू, 21 मार्च (एजेंसियां)।

**इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत से पहले डिफेंडिंग चैंपियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने साथियों को आगाह किया है कि इस सीजन में टीम के सामने चुनौतियां और ज्यादा कठिन होने वाली हैं।**

आरसीबी, जिसने 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था, 28 मार्च को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद टीम 5 अप्रैल को पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से घरेलू मैदान पर भिड़ेगी।

शनिवार को आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपना पहला अभ्यास सत्र किया। इस दौरान कोहली ने खिलाड़ियों के एक छोटे समूह से बातचीत करते हुए कहा कि पिछले दो–तीन सीजन की कड़ी मेहनत के बाद टीम ने जो हासिल किया, उसे बनाए रखना अब और कठिन होगा क्योंकि बाकी टीमें उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगाएंगी।

कोहली ने खिलाड़ियों से अपील की कि वे शुरुआत से ही पूरी गंभीरता दिखाएं। उन्होंने कहा, हम इन दिनों को बेकार नहीं जाने दे सकते। हमें हर सत्र में अपना 120 प्रतिशत देना होगा और एक भी मिनट की बर्बादी नहीं करनी चाहिए।

टीम के नए खिलाड़ियों का स्वागत हेड कोच एंडी फ्लावर ने किया, जिसके बाद कोहली ने सभी को प्रेरित किया।

नीलामी में आरसीबी ने वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, जार्डन काक्स, विक्की ओस्टवाल और सात्विक देसवाल जैसे खिलाड़ियों को शामिल कर टीम को और मजबूत किया है।

कोच फ्लावर ने टीम संयोजन पर संतोष जताते हुए कहा कि इस बार स्क्वाड पहले से ज्यादा संतुलित है। उन्होंने कहा, हमारे पास अब जर्सी पर स्टार है, जो गर्व की बात है, लेकिन पिछला सीजन खत्म हो चुका है। अब हमारे सामने नई चुनौती है और हम इसे जीतने के इरादे से मैदान में उतरेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्जेंटीना फीफा विश्व कप 2026 से पहले 31 मार्च को ज़ाम्बिया से खेलेगा फ्रेंडली मैच

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना फीफा विश्व कप 2026 की तैयारियों के तहत मैत्री मैच खेलेगा। अर्जेंटीना फुटबाल संघ ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए बताया कि टीम जाम्बिया से भिड़ेगी, जबकि पहले यह मैच ग्वाटेमाला के खिलाफ प्रस्तावित था। पहले अर्जेंटीना को इस महीने कतर में स्पेन के खिलाफ फाइनलिसिमा और मेजबान टीम के खिलाफ मुकाबला खेलना था। ये दोनों मुकाबले कतर फुटबाल उत्सव का हिस्सा थे और फाइनलिसिमा मैच लुसैल स्टेडियम में आयोजित होना था, जहां लियोनेल मेसी ने पिछला विश्व कप जीता था। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण इस टूर्नामेंट को रद्द कर दिया गया, जिसके बाद अर्जेंटीना को अपनी योजना में बदलाव करना पड़ा। इसके बाद विश्व चैंपियन टीम ने तय किया कि वह अपने दोनों मैत्री मुकाबले घरेलू मैदान पर ही खेलेगी। ये मुकाबले 27 और 31 मार्च को ब्यूनस आयर्स में आयोजित होंगे। फीफा के नियमों के अनुसार, कोई भी टीम एक ही अंतरराष्ट्रीय अवधि में दो अलग–अलग महाद्वीपों में मुकाबले नहीं खेल सकती। इसी वजह से ग्वाटेमाला की जगह अब जाम्बिया को शामिल किया गया है। अर्जेंटीना फुटबाल संघ के अनुसार, मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी के मार्गदर्शन में टीम 31 मार्च को रात 8:15 बजे ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में जाम्बिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। साथ ही संघ ने ग्वाटेमाला फुटबाल महासंघ का आभार व्यक्त किया, जिसने नियमों की बाधाओं के बावजूद सहयोग की इच्छा जताई।



### इरफान पठान की पसंदीदा सीएसके टीम में धोनी को नहीं मिली जगह, सरफराज शामिल

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने आईपीएल के 19 वें सत्र के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की अपनी पसंदीदा अंतिम ग्यारह चुनी है। हैरानी की बात है कि इरफान ने इस टीम में पांच बार टीम को खिताब जिताने वाले कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को शामिल नहीं किया है। इरफान ने इसमें धोनी की जगह पर सरफराज खान को रखा है। रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया है पर जिस प्रकार से उन्होंने टीम में धोनी को जगह नहीं दी है उससे सभी हैरान हैं।सीएसके टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में राजस्थान रायल्स से खेलेगी। इरफान का कहना है कि नंबर–6 पर बल्लेबाजी के लिए सरफराज सही विकल्प हैं। साथ ही कहा कि धोनी अगर बल्लेबाजी में कोई बड़ी जिम्मेदारी उठाने को तैयार हैं तो ठीक है नहीं तो सरफराज को नंबर–6 पर अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर धोनी कहते हैं कि वो नियमित खेलेंगे तो बात अगल है पर अगर उनका खेलना तय नहीं है तो विकल्प जरुरी है। सवाल उठता है कि क्या वो हर मैच खेलेंगे या नहीं मैं काफी समय से कह रहा हूं कि उनका केवल दो ओवर के लिए मैदान में आना उनके प्रशंसकों को तो अच्छा लगता है, लेकिन टीम को इसका ज्यादा लाभ नहीं मिलता। अगर धोनी को खेलना है, तो उन्हें चार ओवर खेलने चाहिए, तभी टीम को लाभ होगा। अगर वो नहीं खेलते हैं, तो वह भी ऐसी टीम चाहेंगे जिसमें बल्लेबाजों को पूरा अवसर मिले इरफान पठान की पसंदीदा टीम आयुष म्हात्रे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, अकील हुसैन, मैट हेनरी, नूर अहमद, खलील अहमद (इम्पैक्ट प्लेयर)।



### अवार्ड समारोह में जो इलेक्ट्रिक ब्लू रंग की ड्रेस पहनकर पहुंची थी मंधाना वह है विशेष



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना खेल के साथ ही अपने स्टायलिश अंदाज के कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। मंधाना हाल ही में बीसीसीआई के साल 2024–25 सत्र के अवार्ड समारोह में जब पहुंची थीं तब उनकी 4.50 लाख रुपये की खास ड्रेस सभी देखते रह गये थे। मंधाना जब सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर के अवार्ड के लिए मंच पर पहुंची तो उन्होंने इलेक्ट्रिक ब्लू रंग की चमकती ड्रेस पहनी हुई थी। ये उनकी ऊर्जा और आत्मविश्वास को बताती है। इस ड्रेस को सिल्क नहीं, बल्कि मेटल वायर से तैयार किया जाता है। ये ड्रेस पिघली धातु जैसी चमकती नजर आती है। इसे बनाने में कार्डेड टेक्स्चर तकनीक इस्तेमाल होती है, जिससे सतह पर उभरा हुआ स्ट्रक्चर बनता है और रोशनी पड़ने पर बिजली जैसी लकीरें दिखती हैं। इसकी कीमत तकरीबन 4.50 लाख रुपए पड़ती है। कई सप्ताह की मेहनत के बाद फैब्रिक बेस पर सिलकर तैयार किया जाता है।

# बीसीसीआई ने चयन समिति को अगले एक दिवसीय विश्वकप की तैयारियों में लगाया

मुम्बई, 21 मार्च (एजेंसियां)।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी से अगले एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम की तैयारियों पर नजर रखना शुरु कर दिया है। इसी के तहत ही इस बार अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति को आईपीएल में खेल रहे उन खिलाड़ियों पर नजर रखने को कहा है जो एकदिवसीय विश्वकप के लिए संभावितों में शामिल हैं। इससे साफ है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के प्रदर्शन पर भी नजरें रहेंगी। ये दोनो ने ही एकदिवसीय विश्वकप खेलने की इच्छा जतायी है।

पांच राष्ट्रीय चयनकर्ता इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखेंगे। चयनसमिति में एस.एस दास, आर.पी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा शामिल हैं। एकदिवसीय विश्वप अक्टूबर और नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाने वाला है। इसी के लिए चयनकर्ता अपने–अपने क्षेत्रों में मैच देखेंगे।

अगरकर मुंबई में रहते हैं, दास कोलकाता में जबकि आरआर सिंह और रात्रा एनसीआर में, और ओझा बेंगलुरु और हैदराबाद में आईपीएल मैच देखेंगे। बोर्ड चाहता है कि हर चयनकर्ता सप्ताह में कम से कम एक मैच देखे, वहीं बेच हुए मैच टीवी पर देखे जा सकते हैं। इस दौरान चयनकर्ता किसी नए आईपीएल स्टार को एकदिवीसय कप के लिए नहीं देखेंगे। वे केवल उन विशेष खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे जो एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में रखे जाने है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा अभी तक फिट नहीं होने के कारण आईपीएल से बाहर हैं ऐसे में बचे हुए चार तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह और आलराउंडर हार्दिक पंड्या पर सबकी नजरें रहेंगी।

चयन पैनल बीसीसीआई की उपसमिति और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अगरकर का अनुबंध सितंबर में समाप्त होना है। ऐसे में बीसीसीआई देखेगा कि अगरकर को आगे भी रखा जाये या किसी अन्य को ये जिम्मेदारी दी जाये। नियमों के अनुसार एक वरिष्ठ चयनकर्ता चार साल तक रह सकता है और उसे करार आगे बढ़ाने के लिए अनुरोध करने की जरूरत नहीं होती है। अगरकर जुलाई 2023 में चयनसमित के अध्यक्ष बने थे ऐसे में अगले साल सितबंर में उनके चार साल हो जाएंगे।

### वैभव को मीडिया से दूर रहते हुए खेल पर ही ध्यान देना चाहिये : रियान



**जयपुर।** राजस्थान रायल्स के नये कप्तान रियान पराग ने कहा है कि टीम के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल सत्र में मीडिया से दूरी बनाये रखते हुए अपनी बल्लेबाजी पर ही ध्यान देना चाहिये। रायल्य की टीम 30 मार्च को अपने आईपीएल अभियान की शुरुआत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले से करेगी। आईपीएल में पिछले सत्र में वैभव ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था और रियान को उम्मीद है कि वह इस बार भी ऐसा ही प्रदर्शन करेंगे। पराग के अनुसार वैभव पर सभी की नजरें रहेंगी। ऐसे में उन्हें दबाव से बचना होगा। उन्होंने कहा, इस साल स्वाभाविक रूप से इस उभरते खिलाड़ी पर दबाव रहेगा पर मेरा मानना है कि उसे किसी भी बात पर ध्यान दिये बिना निडर होकर खेलना चाहिये। उसे किसी बात की चिंता नहीं करते हुए अपना स्वाभाविक खेल खेलना है। कप्तान के तौर पर मैं उसे कहूंगा कि वह मीडिया से दूर रहकर खेल पर ही ध्यान दें। उन्होंने पिछले आईपीएल सत्र में पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। इसके बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक लगाया था। इसके अलावा अंडर–19 विश्व कप में भी बेहतर प्रदर्शन किया था। वैभव के लिए ये सत्र आसान नहीं रहेगा। इसका कारण है कि विरोधी टीमों के निशाने पर वह रहेंगे। उनकी कमजोरियों पर इन टीमों के गेंदबाज प्रहार करेंगे। पूर्व क्रिकेटर लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा, दूसरा सत्र किसी भी बल्लेबाजी के लिए हमेशा कठिन होता है। वहीं वैभव का लक्ष्य इस बार सबसे अधिक स्कोर का क्रिस गेल का रिकार्ड तोड़ना रहेगा।

# भारतीय टीम जून में करेगी आयरलैंड का दौरा, खेलेगी 2 टी 20 मैचों की सीरीज



नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां)।

**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को घोषणा की कि ट्वेंटी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम जून में आयरलैंड दौरे पर जाएगी, जहां दोनों टीमों के बीच दो मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेली जाएगी।**

यह सीरीज विश्व कप जीत के बाद भारत की पहली ट्वेंटी–20 श्रृंखला होगी। भारत ने 8 मार्च को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया था। भारत ने पिछले आठ वर्षों में (2018, 2022 और 2023) तीन बार आयरलैंड का दौरा किया है। वहीं, 2007 के बाद यह पहला मौका होगा जब भारतीय टीम बेलफास्ट में मुकाबला खेलेगी।

दूसरी ओर, आयरलैंड के लिए यह दौरा व्यस्त 2026 कार्यक्रम का हिस्सा है। उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मुकाबला और अफगानिस्तान के खिलाफ पांच एकदिवसीय मुकाबले भी खेलने हैं।

### भारत बनाम आयरलैंड श्रृंखला का कार्यक्रम

**पहला ट्वेंटी–20 मुकाबला:** 26 जून, दोपहर 3:00 बजे (स्थानीय समय), स्टार्मोंट क्रिकेट मैदान, बेलफास्ट।

**दूसरा ट्वेंटी–20 मुकाबला:** 28 जून, दोपहर 3:00 बजे (स्थानीय समय), स्टार्मोंट क्रिकेट मैदान, बेलफास्ट।

### आईपीएल में अब तक सबसे अधिक छक्के मारने वाली टीम है मुम्बई इंडियंस





**मुम्बई।** इस माह के अंत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19 वां सत्र शुरु होगा। आईपीएल के इस सत्र में एक बार फिर दुनिया भर के क्रिकेटर भारत में खेलते दिखेंगे। विश्व क्रिकेट की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग के तौर पर पहचान बनाने वाली आईपीएल में जमकर चौके, छक्के लगते हैं। इस बार भी प्रशंसकों को इसमें बड़े शाट देखने को मिलेंगे। इस लीग में हमेशा ही नये रिकार्ड बनते रहे हैं। इसी में से एक है सबसे अधिक छक्के का रिकार्ड। ये रिकार्ड पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस के नाम है। मुंबई की टीम ने साल 2008 से 2025 तक कुल 1823 से अधिक छक्के लगाये हैं। टीम ने अब तक कुल 277 मैचों खेलते हुए हर मैच में औसतन 6.44 छक्के लगाए गए हैं। वहीं मुम्बई की ओर से खेलते हुए रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या ने काफी छक्के लगाए हैं। रोहित ने ही अकेले 300 से अधिक छक्के लगाये हैं। रोहित की कप्तानी में टीम ने पांच बार खिताब भी जीता है पर अब टीम की कप्तानी हार्दिक पंड्या के पास है। वहीं सबसे ज्यादा छक्के मारने के मामले में दूसरे नंबर पर रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) है। अब तक खेले गए 271 मैचों में आरसीबी ने 1774 छक्के लगाए हैं।

# मियामी ओपन 2026 : अल्कराज और साबालेंका ने जीते अपने शुरुआती मुकाबले, रुड बाहर

मियामी, 21 मार्च (एजेंसियां)।

**मियामी ओपन 2026 में शुक्रवार को हुए मुकाबलों में पुरुष और महिला वर्ग के शीर्ष खिलाड़ियों ने जीत के साथ शानदार शुरुआत की, जबकि एक बड़े उलटफेर में नार्वे के कैस्पर रुड को हार का सामना करना पड़ा।**



कार्लोस अल्कराज ने आसानी से बनाई तीसरे दौर में जगह विश्व नंबर एक स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने ब्राजील के युवा खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका को 6–4, 6–4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। अल्कराज ने दोनों सेट में शुरुआती बढ़त बनाकर मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा और अपने सामने आए सभी ब्रेक प्वाइंट बचाए। अब उनका अगला मुकाबला अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा से होगा।

महिला वर्ग में विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने अमेरिका की ऐन ली को 7–6, 6–4 से हराकर अपने खिताब बचाने के अभियान की सफल शुरुआत की।

अमेरिका की कोको गाफ ने शानदार वापसी करते हुए एलिसाबेट्टा कोच्चियारेत्तो को 3–6, 6–4, 6–3 से हराया। वहीं अमांडा एनीसिमोवा ने अजला टोमल्यानोविच को 6–1, 5–7, 6–4 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

अमेरिका के ईथन क्विन ने कैस्पर रुड को 6–4, 7–6 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं जापान के रेई साकामोटो ने अलेक्जेंडर कोवाचेविच को हराकर अपने करियर की पहली बड़ी जीत दर्ज की। अब साकामोटो का अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा, जिससे एक और रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

# विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप कुजावी-पोमोर्जे 2026 : पहले दिन अमेरिका का दबदबा

कुजावी–पोमोर्जे, 21 मार्च (एजेंसियां)।

विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप कुजावी–पोमोर्जे 2026 के पहले दिन (शुक्रवार) चार रोमांचक फाइनल मुकाबलों में खिताबों का फैसला हुआ। उद्घाटन दिवस पर खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को शानदार शुरुआत दी।

60 मीटर दौड़ में जार्डन एंथनी का स्वर्ण अमेरिका के 21 वर्षीय धावक जार्डन एंथनी ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में ही शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 60 मीटर दौड़ 6.41 सेकंड में पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अनुभवी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की।




### गोला फेंक में चेस जैक्सन बनीं विजेता

अमेरिका की चेस जैक्सन ने गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश को दिन का दूसरा स्वर्ण दिलाया। बाहरी प्रतियोगिताओं की दो बार की विश्व विजेता जैक्सन का यह पहला इंडोर वैश्विक खिताब है।

### ऊंची कूद में यारोस्लावा महुचिख का दबदबा कायम

ओलंपिक चैंपियन यारोस्लावा महुचिख ने 2.01 मीटर की छलांग लगाकर ऊंची कूद का खिताब अपने नाम किया। इस स्पर्धा में तीन खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से रजत पदक जीता।

### तिहरी कूद में एंडी डियाज ने खिताब बरकरार रखा

तिहरी कूद में एंडी डियाज ने 17.47 मीटर की शानदार छलांग लगाकर अपना खिताब बचाया। वह 2004 के बाद लगातार दो बार यह खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। पहले दिन के मुकाबलों ने यह स्पष्ट कर दिया कि इस प्रतियोगिता में आगे भी कड़े और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

### ब्राजील के गोलकीपर एलिसन मार्च में होने वाले ब्राजील के अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों से बाहर

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील फुटबाल टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार गोलकीपर एलिसन बेकर चोट के कारण मार्च में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों से बाहर हो गए हैं। इस बात की पुष्टि ब्राज़ीलियन फुटबाल फेडरेशन ने शुक्रवार को की। ब्राजील को 26 मार्च को फ्रांस फुटबाल टीम और 31 मार्च को क्रोएशिया फुटबाल टीम के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं, जो क्रमश: बोस्टन और आरलैंडो में आयोजित होंगे। ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने गुरुवार को घोषित टीम में एलिसन को शामिल किया था, लेकिन अब उनकी जगह ह्यूगो सूज़ा को टीम में शामिल किया गया है। 33 वर्षीय एलिसन अपने क्लब लिवरपूल एफसी के लिए भी अगला मुकाबला नहीं खेल पाएंगे। शनिवार को ब्राइटन एंड होव एल्बियन के खिलाफ होने वाले मैच में उनकी जगह जार्जी मामार्दाशविली के गोलकीपिंग करने की संभावना है। इस सीजन में एलिसन लगातार चोटों से जूझते रहे हैं। वह 10 मार्च को यूईएफए चैंपियंस लीग के राउंड आफ–16 के पहले लेग में गालतासराय के खिलाफ मुकाबला भी नहीं खेल पाए थे, हालांकि उससे पहले के दो मैचों में उन्होंने हिस्सा लिया था। इसके अलावा हैमस्ट्रिंग चोट के चलते वह अक्टूबर से नवंबर के बीच लिवरपूल के आठ मैचों से भी बाहर रहे थे। फिलहाल प्रीमियर लीग में लिवरपूल 49 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है और टाप–4 में जगह बनाने की जंग लड़ रहा है।



# ओप्पो फाइंड एन 6 फोल्डेबल स्मार्टफोन हुआ लांच

**नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

चाइनीज कंपनी ओप्पो ने अपना नया फोल्डेबल स्मार्टफोन ओप्पो फाइंड एन 6 लान्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि इस तकनीक की मदद से फोन को खोलने पर स्क्रीन पर फोल्ड लाइन बेहद कम दिखाई देती है, जिससे यूजर्स को ज्यादा स्मूद और प्रीमियम विजुअल अनुभव मिलता है। यह बुक-स्टाइल फोल्डेबल फोन अपने खास झीरो फील क्रेज डिस्प्ले के कारण सुर्खियों में है। फोन में 8.12 इंच का फोल्डेबल ओलेड मेन डिस्प्ले और 6.62 इंच का अमोलेड कवर स्क्रीन दिया गया है। दोनों डिस्प्ले 120 एचझेड तक की एडैप्टिव रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करते हैं, जिससे स्क्रालिंग और वीडियो देखने का अनुभव अधिक बेहतर हो जाता है। यह स्मार्टफोन स्नैपड्रेगन 8 इलाइट जेन 5 प्रोसेसर पर आधारित है, जो 3 एनएम तकनीक के साथ तेज और शक्तिशाली परफार्मेंस देने में सक्षम है। स्मार्टफोन में 16जीबी तक एलपीडीडीआर5एक्स रैम और 1 टीबी तक यूएफएस 4.1 स्टोरेज का विकल्प मिलता है। यह डिवाइस एंड्राएड 16 आधारित कलरओएस 16 आपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है। फोटोग्राफी के लिए इसमें हैसलब्लैड ट्यूनिंग के साथ क्वाड रियर कैमरा सेटअप दिया गया है, जिसमें 200 मेगापिक्सल का प्राइमरी सेंसर शामिल है।

चीन में इसके 12जीबी प्लस 256जीबी वेरिएंट की कीमत करीब 9,999 युआन (लगभग 1.34 लाख रुपये) रखी गई है, जबकि 16जीबी प्लस 512जीबी और 1टीबी वेरिएंट की कीमत इससे अधिक है।

### नया स्मार्टफोन ओप्पो ए6एस 5जी लान्च

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में ओप्पो ने अपनी ए सीरीज का नया स्मार्टफोन ओप्पो ए6एस 5जी लान्च कर दिया है। नए स्मार्टफोन में आधुनिक फीचर्स के साथ 5जी सपोर्ट दिया गया है, जिससे यूजर्स को तेज इंटरनेट स्पीड और बेहतर परफार्मेंस का अनुभव मिल सके। कंपनी ने इस फोन को खास तौर पर उन यूजर्स के लिए पेश किया है जो लंबी बैटरी लाइफ, बेहतर कैमरा और तेज कनेक्टिविटी चाहते हैं। फोन में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 चिपसेट दिया गया है, जो रोजमर्रा के इस्तेमाल और मल्टीटास्किंग के दौरान स्मूद परफार्मेंस देने के लिए जाना जाता है। फोटोग्राफी के लिए इसमें डुअल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है, जिसमें 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी सेंसर शामिल है। यह कैमरा यूजर्स को बेहतर क्वालिटी की तस्वीरें और वीडियो कैप्चर करने में मदद करता है। कीमत की बात करें तो इसके 4जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज वाले वेरिएंट की कीमत 18,999 रुपये रखी गई है, जबकि 6जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज वाले माडल की कीमत 20,999 रुपये है। यह स्मार्टफोन औरोरा गोल्ड और प्लूम परपल रंगों में उपलब्ध है। लान्च आफर्स के तहत ग्राहकों को 1000 रुपये का इंस्टेंट कैशबैक भी दिया जा रहा है। इसके अलावा एसबीआई समेत कई बैंकों के कार्ड पर तीन महीने तक की नो-कास्ट ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### मस्क पर कानूनी शिकंजा, ट्वीट्स से निवेशकों को गुमराह करने का आरोप, एलन मस्क, लग सकता है 21000 करोड़ का जुर्माना




**नई दिल्ली।** एलन मस्क एक बार फिर कानूनी विवादों में घिर गए हैं। कैलिफोर्निया की एक संघीय जूरी ने 2022 में ट्विटर (अब एकस) के अधिग्रहण के दौरान उनके कुछ ट्वीट्स को भ्रामक माना है। इस मामले में मस्क पर करीब 2.6 अरब डालर (लगभग 21,000 करोड़ रुपये) तक का जुर्माना लग सकता है। जूरी के अनुसार मस्क के कुछ ट्वीट्स ने कंपनी के शेयरों की कीमत को प्रभावित किया। उन्होंने ट्विटर पर फर्जी (स्पैम) अकाउंट्स की संख्या को लेकर सवाल उठाए और एक समय पर अधिग्रहण को होल्ड पर बताने वाला ट्वीट भी किया। इन बयानों से निवेशकों में भ्रम फैला और कई लोगों ने अपने शेयर कम कीमत पर बेच दिए। हालांकि जूरी ने मस्क को किसी बड़ी धोखाधड़ी की साजिश का दोषी नहीं ठहराया, लेकिन यह जरूर माना कि उनके कुछ बयान प्रतिभूति कानूनों का उल्लंघन करते हैं। वहीं, उनके कुछ पाडकास्ट बयान व्यक्तिगत राय की श्रेणी में रखे गए। यह क्लास-एक्शन मुकदमा हजारों निवेशकों की ओर से दायर किया गया था। आरोप था कि मस्क ने जानबूझकर ऐसे बयान दिए जिससे कंपनी की बाजार कीमत गिरे और वे सौदे की शर्तों को बदल सकें या उससे पीछे हट सकें।

### रेमंड के चेयरमैन गौतम सिंघानिया मालदीव स्पीडबोट हादसे में घायल



**नई दिल्ली।** रेमंड ग्रुप के चेयरमैन गौतम सिंघानिया मालदीव में हुए एक स्पीडबोट हादसे में घायल हो गए. दुर्घटना के बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर मुंबई के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सिंघानिया के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी हालत अब खतरे से बाहर है। स्पीडबोट में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें से दो लापता हैं। पर्यटकों को ले जा रही एक तेज रफ्तार स्पीडबोट अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस नाव में सात लोग सवार थे, जिनमें रेमंड ग्रुप के चेयरमैन गौतम सिंघानिया भी शामिल थे। स्पीडबोट पर सवार पांच भारतीय पुरुषों में से दो अभी भी लापता हैं। इनमें प्रसिद्ध रैली ड्राइवर हरि सिंह का नाम भी शामिल है। मालदीव की कोस्ट गार्ड और बचाव दल लगातार लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च आपरेशन चला रहे हैं। गौतम सिंघानिया को एडवेंचर स्पोर्ट्स और तेज रफ्तार का शौकीन माना जाता है है। उन्हें दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती दाखिल कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक उन्हें कुछ खरोंच और मामूली चोटें हैं, लेकिन वह खतरे से बाहर हैं। रेमंड ग्रुप का कारोबार कपड़ा, रियल एस्टेट, इंजीनियरिंग और कंज्यूमर केयर जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है। गौतम सिंघानिया की नेटवर्थ 11,000 करोड़ रुपये है।

### कच्चे तेल में नरमी, भारत में प्रीमियम पेट्रोल और थोक डीजल महंगे

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू द्वारा ईरान की ईंधन सुविधाओं पर आगे हमले से बचने की प्रतिबद्धता जताने के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का भाव 119 डालर प्रति बैरल से घटकर 105 डालर प्रति बैरल तक आ गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ राहत देखने को मिली। हालांकि, वैश्विक कीमतों में नरमी के बावजूद भारत में तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए हैं। इंडियन आइल कारपोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2 से 2.35 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की है। नई दिल्ली में इंडियन आयल के एक्सपी 95 पेट्रोल की कीमत बढ़कर 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। यह ईंधन उच्च आक्टेन रेटिंग के कारण बेहतर प्रदर्शन वाले वाहनों के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अलावा कंपनियों ने थोक या औद्योगिक डीजल की कीमतों में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। इंडियन आयल ने थोक डीजल की कीमत 22 रुपये बढ़ाकर 109.59 रुपये प्रति लीटर कर दी है, जबकि भारत पेट्रोलियम ने 18.75 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। इसका असर उद्योगों और परिवहन क्षेत्र पर पड़ सकता है। सरकार के अनुसार, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है।




# मारुति डिजायर की बिक्री 30 लाख यूनिट के पार, बनाया रिकार्ड

**नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

**भारतीय बाजार में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की लोकप्रिय सेडान मारुति सुजुकी डिजायर ने एक नया रिकार्ड कायम किया है। इस कार की कुल बिक्री 30 लाख यूनिट के आंकड़े को पार कर चुकी है। यह उपलब्धि काम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में डिजायर की मजबूत पकड़ और लगातार बनी हुई लोकप्रियता को दर्शाती है। कंपनी के मुताबिक वर्ष 2025 में भी डिजायर ने शानदार प्रदर्शन किया।**




पूरे साल में इसकी 2,14,488 से अधिक यूनिट्स की बिक्री दर्ज की गई, जिसके साथ यह भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार बन गई। खास बात यह है कि देश में एसयूवी वाहनों की बढ़ती मांग के बावजूद डिजायर की बिक्री पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा और इसकी लोकप्रियता बरकरार रही। इस कार को पहली बार वर्ष 2008 में भारतीय बाजार में पेश किया गया था। तब से लेकर अब तक यह चार पीढ़ियों में विकसित हो चुकी है और समय के साथ इसमें कई आधुनिक फीचर्स जोड़े गए हैं। किफायती कीमत, बेहतर माइलेज और भरोसेमंद प्रदर्शन के कारण यह कार लंबे समय से ग्राहकों की पसंद बनी हुई है। इसके अलावा कनेक्टेड कार टेक्नोलाजी भी दी गई है। माइलेज के मामले में भी यह कार मजबूत मानी जाती है।

पेट्रोल मैनुअल वर्जन में लगभग 24.79 किमी प्रति लीटर और सीएनजी विकल्प में करीब 33.73 किमी प्रति किलोग्राम तक माइलेज देने का दावा किया गया है। सुरक्षा के लिहाज से इसमें छह एयरबैग, एबीएस और इलेक्ट्रानिक स्थिरता नियंत्रण जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं। कंपनी का कहना है कि डिजायर खरीदने वाले करीब 50 प्रतिशत ग्राहक ऐसे हैं जो पहली बार कार खरीद रहे हैं। नई डिजायर में कई आधुनिक सुविधाएं भी दी गई हैं। इसमें इलेक्ट्रिक सनरूफ, 360 डिग्री कैमरा, 9 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम और वायरलेस एंड्रायड आटो व एप्पल कारप्ले जैसी तकनीक शामिल हैं।

### बेस्टून की माइक्रो इलेक्ट्रिक कार बेस्टून शाओमा चर्चा में



**नई दिल्ली।** चाइनीज कंपनी बेस्टून की माइक्रो इलेक्ट्रिक कार बेस्टून शाओमा चर्चा में बनी हुई है। साल 2023 में चीनी बाजार में लान्च हुई इस कार ने अपनी कम कीमत और दमदार रेंज के चलते खास पहचान बनाई थी। बेस्टून शाओमा की कीमत 30,000 से 50,000 युआन यानी लगभग 3.47 लाख से 5.78 लाख रुपये के बीच है, जो इसे बेहद किफायती बनाती है। कंपनी का दावा है कि यह कार फुल चार्ज पर 1200 किलोमीटर तक की रेंज दे सकती है, जो इस सेगमेंट में बेहद आकर्षक आंकड़ा है। चीन में माइक्रो ईवी की डिमांड काफी ज्यादा है और अब भारत में भी इस तरह की सस्ती इलेक्ट्रिक कारों की जरूरत महसूस की जा रही है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि भविष्य में इसे भारतीय बाजार में उतारा जा सकता है, जहां इसका मुकाबला टाटा टियागो ईवी और एमजी कामेट ईवी जैसी कारों से होगा। फीचर्स की बात करें तो शाओमा को हार्डटाप और कन्वर्टिबल दोनों वेरिएंट में पेश किया गया है, हालांकि फिलहाल हार्डटाप माडल ही बिक्री के लिए उपलब्ध है। इसमें 7-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, डुअल-टोन डैशबोर्ड और आकर्षक डिजाइन दिया गया है। इसके गोल किनारों वाले बड़े हेडलैंप और एयरोडायनामिक व्हील्स इसकी लुक को और खास बनाते हैं। यह कार एफएमई प्लेटफार्म पर आधारित है, जो खास तौर पर इलेक्ट्रिक और रेंज-एक्सटेंडर वाहनों के लिए तैयार किया गया है। इसमें 20 किलोवाट की सिंगल इलेक्ट्रिक मोटर दी गई है, जो रियर एक्सल पर लगी है। साथ ही, इसमें लिथियम-आयरन फास्फेट बैटरी का इस्तेमाल किया गया है। सेफ्टी के लिए ड्राइवर साइड एयरबैग भी मिलता है। कुल मिलाकर, बेस्टून शाओमा जैसी किफायती और लंबी रेंज वाली इलेक्ट्रिक कार भारत में लान्च होती है, तो यह बजट ईवी सेगमेंट में बड़ा बदलाव ला सकती है। बता दें कि भारत में इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट तेजी से विस्तार कर रहा है और विदेशी कंपनियां भी इस बाजार में लगातार अपनी मौजूदगी बढ़ा रही हैं।

# सीबीडीटी ने नए इनकम टैक्स नियम नोटिफाई किए, 1 अप्रैल से होंगे लागू




**नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर नियम, 2026 को अधिसूचित कर दिया है, जो नए आयकर अधिनियम, 2025 के तहत 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। इन नियमों में वेतन कराधान, अनुपालन खुलासा, ट्रांसफर प्राइसिंग और विदेशी कर क्रेडिट से जुड़े कई अहम बदलाव किए गए हैं। बसे बड़ा बदलाव हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) से जुड़ा है।

**बेंगलूरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद भी 50 फीसदी एचआरए छूट की श्रेणी में शामिल**

अब बेंगलूरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को भी 50 फीसदी एचआरए छूट की श्रेणी में शामिल किया गया है। इससे पहले यह सुविधा केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे मेट्रो शहरों तक सीमित थी। बाकी शहरों के लिए एचआरए छूट की सीमा 40 फीसदी ही रहेगी। इस कदम से उभरते महानगरों में बढ़ते किराये के बोझ को औपचारिक मान्यता मिली है। हालांकि, नोएडा और गुरुग्राम जैसे उच्च किराया वाले शहर अभी भी इस सूची से बाहर हैं।

नए नियमों में नियोक्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के कराधान को भी स्पष्ट किया गया है। अब इन्हें छोटी पेट्रोल या डीजल कार के बराबर माना जाएगा, जिससे परिक्विजिट टैक्स की गणना आसान होगी। इसके अलावा, बीमा प्रीमियम से जुड़े वित्तीय लेनदेन की रिपोर्टिंग सीमा में बदलाव किया गया है।

अब बीमा कंपनियों को 5 लाख रुपये से अधिक के प्रीमियम (जहां पैन उपलब्ध है) और 2.5 लाख रुपये से अधिक (जहां पैन उपलब्ध नहीं है) के मामलों की जानकारी देनी होगी। कुल मिलाकर, नए नियम कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाने और शहरी आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप ढालने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं।

### नई जनरेशन ईवी बीएमडब्ल्यू आई3 नेयू क्लासे वैश्विक स्तर पर पेश




**नई दिल्ली।** लग्जरी कार निर्माता बीएमडब्ल्यू कंपनी ने अपनी नई जनरेशन ईवी बीएमडब्ल्यू आई3 नेयू क्लासे को वैश्विक स्तर पर पेश कर दिया है। यह कार न सिर्फ डिजाइन के मामले में पूरी तरह नई है, बल्कि इसकी रेंज और एडवांस टेक्नोलाजी इसे मौजूदा इलेक्ट्रिक कारों से अलग बनाती है। इस नई आई3 की सबसे बड़ी खासियत इसकी लंबी रेंज है। कंपनी के मुताबिक यह कार एक बार फुल चार्ज होने पर करीब 900 किलोमीटर तक चल सकती है, जो इसे मौजूदा कई लोकप्रिय ईवी से आगे ले जाती है। तुलना करें तो टेसला माडल वाय की रेंज करीब 500 किलोमीटर के आसपास मानी जाती है। ऐसे में बीएमडब्ल्यू की यह नई पेशकश लंबी दूरी की ड्राइव को काफी आसान बना सकती है। परफार्मेंस के मामले में भी यह कार काफी दमदार है। इसमें ड्यूल मोटर सेटअप दिया गया है, जो आल-व्हील ड्राइव सिस्टम के साथ आता है। यह सेटअप लगभग 463 हार्सपावर की ताकत और 633 एनएम का टार्क जनरेट करता है, जिससे यह कार न सिर्फ इको-फ्रेंडली बल्कि हाई-परफार्मेंस ड्राइविंग का अनुभव भी देती है। चार्जिंग टेक्नोलाजी इसकी एक और बड़ी खासियत है। 800-वोल्ट आर्किटेक्चर के चलते यह कार सिर्फ 10 मिनट की चार्जिंग में लगभग 400 किलोमीटर तक की रेंज हासिल कर सकती है। इसका मतलब है कि लंबी यात्राओं के दौरान बार-बार चार्जिंग के लिए रुकने की जरूरत काफी कम हो जाएगी। डिजाइन की बात करें तो बीएमडब्ल्यू आई3 नेयू क्लासे में नया 2.5-बाक्स डिजाइन देखने को मिलता है, जो इसे मार्डन और एयरोडायनामिक लुक देता है। लंबा व्हीलबेस और स्लिम प्रोफाइल इसे और आकर्षक बनाते हैं।

# माइक्रोफाइनैंस क्षेत्र के लिए 20 हजार करोड़ की क्रेडिट गारंटी योजना शुरू

**सरकार ने छोटे और मध्यम एमएफआई को ध्यान में रखकर बनाई योजना**



**नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां)।**

केंद्र सरकार ने माइक्रोफाइनैंस संस्थानों (एमएफआई) के लिए 20,000 करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटी योजना शुरू की है। यह योजना 20 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक या कुल गारंटी सीमा पूरी होने तक लागू रहेगी। इसका मुख्य उद्देश्य एमएफआई सेक्टर में नकदी की कमी को दूर करना और बैंकों के माध्यम से ऋण प्रवाह को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी बैंकों को एमएफआई को दिए गए ऋण पर गारंटी कवर प्रदान करेगी। छोटे एमएफआई (500 करोड़ रुपए से कम एयूएम) को 80 फीसदी तक, मध्यम (500-2000 करोड़ रुपए) को 75 फीसदी और बड़े संस्थानों को 70 फीसदी तक गारंटी मिलेगी। यह व्यवस्था खास तौर पर छोटे और मध्यम एमएफआई को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जिन्हें ऋण प्राप्त करने में अधिक कठिनाई होती है। योजना के तहत मिलने वाली फंडिंग केवल नए ऋणों के लिए होगी और इसका उपयोग पुराने कर्ज चुकाने में नहीं किया जा सकेगा। इससे वास्तविक आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पिछले कुछ समय में एमएफआई को बैंकों से मिलने वाले ऋण में लगभग 70 फीसदी की गिरावट आई है। इसके चलते करीब 50 लाख उधारकर्ता औपचारिक वित्तीय सेवाओं से वंचित हो गए हैं। हालांकि पोर्टफोलियो गुणवत्ता में सुधार हुआ है, फिर भी नकदी संकट बना हुआ है। सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए ब्याज दरों पर सीमा तय की है कि लाभ अंतिम उधारकर्ताओं तक पहुंचे। बैंकों द्वारा दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज दर बाह्य बेंचमार्क या 1-वर्षीय एमसीएलआर में अधिकतम 2 फीसदी अतिरिक्त तक सीमित रहेगी। यह योजना बैंकों का भरोसा बढ़ाने, ऋण प्रवाह सुधारने और वित्तीय समावेशन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ईरान...

उन्होंने अमेरिका और इज़राइल की कार्रवाइयों को अमानवीय और अनैतिक बताते हुए उनकी कड़ी निंदा की।ईरानी राष्ट्रपति ने पश्चिम एशिया के देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग के जरिए शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचा बनाने का प्रस्ताव भी रखा, जिसमें बाहरी हस्तक्षेप न हो। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि क्षेत्र में शांति के लिए जरूरी है कि अमेरिका और इज़राइल तत्काल अपने हमले रोकें और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसकी गारंटी दें।पीएम मोदी से बातचीत के दौरान भारत की ब्रिक्स की अध्यक्षता का जिक्र करते हुए पेजेश्कियान ने इस संगठन से ईरान के खिलाफ हमलों को रोकने और क्षेत्रीय शांति बनाए रखने में स्वतंत्र भूमिका निभाने की अपील की।

**युद्ध किसी के हित में नहीं : पीएम मोदी**

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद-उल-फितर और नवरोज के अवसर पर ईरान के राष्ट्रपति, सरकार और जनता को शुभकामनाएं दीं और शांति व समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ईरान के ऊर्जा ढांचों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की।उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे हमले वैश्विक खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित कर सकते हैं। पीएम मोदी ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की सुरक्षा और फारस की खाड़ी में जहाजों के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि युद्ध किसी के हित में नहीं है और सभी पक्षों को जल्द से जल्द शांति के रास्ते पर लौटना चाहिए।

### ईरान ने ब्रिटेन...

रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति पर जहाँ हजारों श्रद्धालु तेहरान की जामा मस्जिद में एकत्र हुए थे, वहीं निवासियों के अनुसार राजधानी तेहरान में रात भर और सुबह तक भारी हवाई हमले जारी रहे। इस बीच, इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने घोषणा की है कि अगले सप्ताह से हमलों में ''काफी वृद्धि'' की जाएगी। उन्होंने यह बयान तब दिया जब एक ईरानी मिसाइल के टुकड़े तेल अवीव के पास एक खाली किंडरगार्टन (बालवाड़ी) पर गिरे।

### नाइट-टाइम ...

स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को हाईटेक सिटी जैसे क्षेत्रों में रात के समय व्यवसाय संचालित करने के लिए सशक्त बनाया जाएगा, जिससे पारिवारिक आय में वृद्धि होगी।

**पर्यटन और रोजगार में भारी निवेश का लक्ष्य**

राज्य की नई पर्यटन नीति (2025-30) के तहत अगले 5 वर्षों में 15,000 करोड़ रुपये का नया निवेश आकर्षित करने और 3 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार चाहती है कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का योगदान 10 प्रतिशत या उससे अधिक हो।

चूँकि तेलंगाना के सकल राज्य मूल्य वर्धित में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी 68.6% है, इसलिए 247 आर्थिक गतिविधियों, बेहतर गतिशीलता और सुरक्षा के साथ हैदराबाद को चौबीसों घंटे जीवंत रखने की तैयारी की जा रही है।

### केंद्र ने 20%...

की तेल कंपनियों के साथ पंजीकरण कराएं और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के लिए अप्लाई करें, तभी वे कॉमर्शियल एलपीजी ले सकेंगे। यह निर्णय लंबे समय में इन उपभोक्ताओं को पीएनजी की ओर धकेलने की रणनीति का हिस्सा है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य की चुनौती**

पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बीच जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने की बात सामने आई तो भारत में एलपीजी सप्लाई में रुकावट आने लगी थी। सरकार ने घरेलू रसोई गैस के उपभोक्ताओं के हित को देखते हुए कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की आपूर्ति को कम कर दिया था। भारत को जितनी एलपीजी चाहिए उसमें वह अपनी जरूरत का करीब 60% आयात करता है और इस एलपीजी आयात का लगभग 90% हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते आता है।स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने से भारत की प्राकृतिक गैस आपूर्ति पर भी असर हुआ है, लेकिन हालात एलपीजी जैसे चिंताजनक नहीं हैं। भारत अपनी प्राकृतिक गैस की जरूरत का लगभग आधा हिस्सा आयात करता है और इसका 55% से 60% हिस्सा इसी रास्ते से आता है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 22 मार्च, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

## गो सेवा के लिए गोवत्स फ़ाउण्डेशन द्वारा

# पुरुषोत्तम मास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प.पू. गोवत्स राधाकृष्ण महाराज (जोधपुर, राजस्थान) द्वारा आगामी पुरुषोत्तम मास में दि. 28 मई से 03 जून, 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गोसेवा के लिए गोवत्स फ़ाउण्डेशन व श्री गोवत्स फ़ाउण्डेशन द्वारा नुमाईश मैदान, नामपल्ली में आयोजन किया जा रहा है।प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार गोवत्स फ़ाउण्डेशन का कथा करवाने के पीछे मुख्य उद्देश्य नगरद्वय की गोशालाओं एवं श्रीगोधाम महातीर्थ पथमेडा गौशाला की सेवा हेतु धन राशि जुटाना है। ज्ञात हो कि गो-वत्स फ़ाउण्डेशन गोसेवा में सन् 2013 से जुड़ा है। गोवत्स फ़ाउण्डेशन ने पिछले 13 वर्षों में लगभग 13 करोड़ रुपये की गो सेवा तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र एवं राजस्थान स्थित गौशालाओं में चारा एवं कुट्टी के माध्यम से की है। गोवत्स फ़ाउण्डेशन का मुख्य उद्देश्य गौमाता की सेवा का प्रचार हो और वैष्णवजन गौ सेवा से जुडे। गोवत्स फ़ाउण्डेशन ने वर्ष 2022 में गो ग्राम कॉर्पस फंड योजना शुरू की थी जिसमें सर्वप्रथम कमलनारायण लीलादेवी राठी, ईसामिया बाजार, हैदराबाद दम्पत्ति ने एक करोड़ का अनुदान कर इसे शुरुआत करने की प्रेरणा दी।

आज वह कॉर्पस फ़ंड बढकर 5 करोड़ 40 लाख के लगभग हो गया है। गोवत्स फ़ाउण्डेशन द्वारा ईसीएस के माध्यम से सेवा की जा रही है। इस सेवा के अंतर्गत लगभग 42 लाख से अधिक वार्षिक सेवा प्राप्त हो रही है।







संस्था द्वारा वर्ष 2025-26 में एक करोड़ 50 लाख से अधीक की गौ सेवा की गई है।

संस्था द्वारा नगरद्वय की समर्थ कामधेनु गौशाला, जियागुड़ा, सत्यम् शिवम् सुंदरम् गौशाला, गगनपहाड़ एवं पालमाकुल, ध्याम फ़ाउण्डेशन पालमाकुला, श्रीगोपाल गौशाला ईब्राहीमपट्टनम, सहयोग नंदीशाला राजमपेटा आदि प्रमुख है। संस्था के सदस्यों की बैठक श्री समर्थ गौशाला जियागुड़ा पर आयोजित की गई।

जिसके अंतर्गत सदस्यों ने आगामी श्रीमद् भागवत कथा आयोजनार्थ बैठक कर समीक्षा की। संस्था के अध्यक्ष सीए मुरली मनोहर पलोड ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि गोवंश बढने से जितनी भी सेवा संस्था द्वारा की जा रही है वह पर्याप्त नहीं है। इसलिए आगामी श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से जनमानस को गोवंश की सेवा के लिए जोडने की चेष्टा होनी चाहिए। जिससे संस्था का कॉर्पस फंड व नियिमित सेवा का विस्तार हो और गोमाता की सेवा में कोई कमी न आये।

इस संदर्भ में पूज्य राजा कृष्ण जी महाराज द्वारा एक समीक्षा बैठक दि. 20 मार्च को आयोजित की गई। महाराज जी ने कार्यकर्ताओं को विशेष प्रोत्साहन देने हुए कहा कि गो सेवा के कार्य को निरंतर बढाने के लिए प्रयास को। बैठक में संस्था के अध्यक्ष सीए मुरली मनोहर पलोड, मंत्री बद्रीविशाल लोया, गोवत्स फ़ाउण्डेशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, सज्जनलाल, गोपाल सारडा, घनश्याम राठी, घनश्यामजी बजाज, गोपाल दरक, कैलाश बज़ाज, जगदीश लोया, श्रीनिवास दरक, रामप्रसाद शर्मा, दिनेश देवडा, प्रकाश तापडिया, रुपाराम कुमावत, नरसिंहदास मुंदडा, घनश्याम तिवारी, मिश्रिलाल, शशिकांत लाहोटी, अनिल कुमार अग्रवाल, घनश्याम लोया, प्रकाश राठी आदि ने भाग लिया।

कथा के अंतर्गत 31 मई को 14 वर्ष से ऊपर के बालक-बालिकाओं के लिए कैसे अपना जीवन सुंदर बनाएं विषय पर व्यख्यान एवं प्रश्न-उत्तर का विशेष कार्यक्रम प्रातः 9.00 से 11.00 बजे तक होगा। अतः सभी वैष्णवजन से निवेदन किया गया है कि उपरोक्थत कार्यक्रम में अपने परिवार सहित राष्ट्र निर्माण कार्य में भाग लेकर अपने जीवन को धन्य बनाएं। कथा में जो भी दैनिक यजमान बनना चाहता है वे सीए मुरली मनोहर पलोड, ओमप्रकाश अग्रवाल, बद्रीविशाल लोया, गोपाल सारडा से संपर्क कर सकते है।






बेदरवाडी स्थित अशोक कुमार मूंदड़ा के निवास पर गणगौर की पूजा करती हुईं तुलसी बाई मूंदड़ा, अनीता मूंदड़ा, वर्षा मूंदड़ा, मानकंवर मूंदड़ा, रेखा मूंदड़ा, संतोष मूंदड़ा, ऋषिका मूंदड़ा, अदिति मूंदड़ा, सेजल भूतड़ा, अंजली जैन, उमा मूंदड़ा, भूमिका मूंदड़ा, तनिशा मूंदड़ा, तनुश्री मूंदड़ा, उमा भूतड़ा, दिव्या सोनी, प्रिय पाराशर, प्रभा पाराशर, संगीता काकड़ा, शुभांगी काकड़ा, मेघा काकड़ा एवं अन्य।

## मंत्री तुम्मला का बीआरएस पर तीखा हमला

### 8.5 लाख करोड़ रुपये के कर्ज के लिए ठहराया जिम्मेदार



**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने शनिवार को सिद्दीपेट जिले के दौरे के दौरान पिछली भारत राष्ट्र समिति (इठड) सरकार पर जमकर निशाना साधा। नार्मेटा गांव में नई पाम ऑयल प्रोसेसिंग यूनिट के उद्घाटन की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पूर्व प्रशासन पर अराजकता और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।स्थानीय 'रायथू मेला' में स्टालों का भ्रमण करने के बाद मंत्री पोन्नम प्रभाकर के साथ मीडिया से बात करते हुए, राव ने कहा कि राज्य अभी भी पिछली सरकार द्वारा छोड़े गए वित्तीय बोझ से जूझ रहा है। उन्होंने दावा किया कि बीआरएस सरकार ने 8.50 लाख करोड़ रुपये का कर्ज इकट्ठा किया, जिसके कारण वर्तमान प्रशासन को हर महीने पुनर्भुगतान (ठशरि्राशपीं) पर 7,000 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। उन्होंने फसल ऋण माफी और दलित बंधु योजना सहित अधूरे वादों को लेकर भी विपक्ष पर सवाल उठाए।

## निस्वार्थ सेवा का संकल्प, अन्नदान से खिल उठे चेहरे : महेश अग्रवाल





**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने नियमित अन्नदान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को प्रेमपूर्वक भोजन वितरित किया गया, जिससे वहां उपस्थित लोगों के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। सेवा और समर्पण की भावना से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम ने समाज में मानवता का सशक्त संदेश दिया।

इस अवसर पर महेश अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अन्नदान को हमारे शास्त्रों में सर्वोच्च दान माना गया है। यह केवल भूख मिटाने का कार्य नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज का हर व्यक्ति संतुष्ट और सुरक्षित नहीं होगा, तब तक सच्ची प्रगति संभव नहीं है। राधे-राधे ग्रुप का उद्देश्य इसी भावना के साथ निरंतर सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना है।

उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य न केवल समाज को जोड़ते हैं, बल्कि युवाओं को भी प्रेरित करते हैं कि वे आगे आकर सामाजिक दायित्व निभाएं। अन्नदान जैसे कार्यों से समाज में प्रेम, सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है, जो एक सशक्त और संवेदनशील समाज की नींव है। कार्यक्रम में जगतनारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, गोविन्द राम पचेरिया, अनिल अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, विनोद तोष्णीवाल, अरुण विजयवर्गीय सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पूरे समर्पण भाव से सेवा कार्य में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।



हैदराबाद में सोमनाथ के हज़ारों वर्ष पुराने शिवलिंग अंशों का भक्तों ने भाग ले के दर्शन लाभ उठाया । इसमें श्री रवि किरन शिवा सिंह ,वरलक्ष्मी ,गौरव गुप्ता ,शालू ,कनिष्क व तन्वी आदि ने भाग लिया।

# नल्लागंडा में नवनिर्मित जैन चैत्यालय में वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव सम्पन्न

## दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में गावकों की सहभागिता



**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हाइटेक सिटी के नल्लागंडा स्थित नवनिर्मित जैन चैत्यालय में 19 और 20 मार्च को वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं जिनबिम्ब स्थापना का दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावकों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।स्वाती जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयोजन के मुख्य सूत्रधार जितेंद्र जैन ने बताया कि यह तेलंगाना के सकल दिगम्बर जैन समाज के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इस जिनालय के निर्माण के पीछे श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और समर्पण की भावना रही है। हाइटेक सिटी क्षेत्र में अब तक केवल एक ही जैन मंदिर था, जबकि आईटी क्षेत्र के विकास के साथ देशभर से बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग यहां आकर बस रहे हैं, जिन्हें जिनेन्द्र प्रभु के दर्शन के लिए असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

नल्लागंडा के एमआईजी रेजिडेंशियल क्षेत्र में निर्मित इस जैन चैत्यालय में दो दिनों तक ध्वजारोहण, घटयात्रा, वेदी शुद्धि, श्रीजी आगमनवाणी तथा इंद्र-इंद्राणी पात्र चयन जैसे कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। भगवान आदिनाथ, भगवान शांतिनाथ एवं भगवान महावीर की प्रतिमाओं की अगवानी के साथ ही पूरे परिसर में भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने सुमधुर भजनों के साथ भगवान की आराधना कर इस पावन क्षण को स्मरणीय बना दिया।

यह संपूर्ण धार्मिक आयोजन निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी के आशीर्वाद तथा ललितपुर से पधारे युवा प्रतिष्ठाचार्य विद्वान अमित शास्त्री जी के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में सभी विधि-विधान शास्त्रोक्त तरीके से सम्पन्न कराए गए।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मुख्य सूत्रधार जितेंद्र जैन के साथ अभिषेक जैन, विक्रांत जैन, स्वप्निल जैन, अपूर्व जैन और अंकित सिंघई का विशेष योगदान रहा, जिनके प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न हो सका।



बेगमबाजार स्थित गोविंद लाल राज गोपाल व्यास के निवास स्थान पर गणगौर की बडी पूजा करती हुईं कांता देवी व्यास, बसंती व्यास, वंदना व्यास, मिताली आसोपा, राजश्री राठी, मोनिका राठी एवं अन्य महिलाएं।

# वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की 168वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जुमेरात बाजार स्थित रानी अवंती बाई चौक पर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की 168वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस पावन अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने रानी अवंती बाई के चरणों में पुष्प अर्पित कर उनकी वीरता और बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में इतिहास की इस महान वीरांगना के जीवन संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया गया।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा तेलंगाना राज्य के महामंत्री डॉ. गौतम राव जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और रानी अवंती बाई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोध क्षत्रिय सदर पंचायत के अध्यक्ष महेश सिंह, सभी कैबिनेट के सदस्य, रामराज सिंह (पूर्व अध्यक्ष), राम सिंह (पूर्व कोषाध्यक्ष) सहित सभी 30 पंच कमिटी पंच सदस्यों ने भी इस अवसर पर विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा भाजपा गोलकुंडा जिला अध्यक्ष टी. उमा महेंद्र, पार्षद लाल सिंह जी, श्रीमति परमहेश्वरी जी, श्रीमती शशि कला कृष्ण जी, राकेश जायसवाल, सी. नरेश, चंद्रशेखर सिंह एडवोकेट, बद्रीनाथ सिंह पट्टेदार, गोपाल सिंह (सत्य सुंदर हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन), राम राव जी, डी. अनिल सिंह, सुशील सिंह, श्याम सिंह, डी. गोपाल, आनंद सिंह व शैलेंद्र यादव उर्फ लड्डू यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।



घांसी बाजार झूला स्थित श्री रानी सती दादी मंदिर में मुख्य पुजारी चिकेश महाराज के नेतृत्व में आयोजित गणगौर महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

# मानवता की राह पर कदम : सुरेश डालमिया



**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में शनिवार को नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर नंबर 1265 ए के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर मानवता और करुणा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सुरेश डालमिया ने कहा कि अन्नदान सबसे श्रेष्ठ सेवा है, जो सीधे जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि राधे-राधे ग्रुप निरंतर इस प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और परोपकार की भावना को बढ़ावा दे रहा है।

कार्यक्रम में राम प्रकाश अग्रवाल, संजय गोयल, जय प्रकाश सारडा, भाकर राम कुमावत, जगन एलाकुर्ती, रोहित अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल, राजेश पोत्रपल्ली, गुरबीर सिंह, किरण गोयल, प्रीतिका अग्रवाल, कमला देवी कुमावत एवं सुमन अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



कंदास्वामी बाग, सुल्तान बाजार स्थित देवेंद्र दवे के निवास पर महिलाओं द्वारा श्रद्धापूर्वक गणगौर उद्यापन पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वीणा दवे, मंजू मुणोत, उषा मुणोत, प्रीति जाजू, शिखा मंत्री, सीमा मुणोत, सोनालिका मुणोत, सोनू अग्रवाल ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

## एफएलओ और वाईएफएलओ हैदराबाद में नेतृत्व परिवर्तन:

# सीता रेड्डी गद्दाम और खुशबू डागा ने संभाली कमान

**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) हैदराबाद के वार्षिक सत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया गया। संगठन ने अपने 25वें वर्ष (रजत जयंती) में प्रवेश करते हुए नेतृत्व के औपचारिक परिवर्तन की घो-षणा की है। वर्ष 2026-27 के लिए सीता रेड्डी गद्दाम ने एफएलओ हैदराबाद की नई चेयरपर्सन के रूप में कार्यभार संभाला है, जबकि खुशबू डागा को वाईएफएलओ हैदराबाद की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। उन्होंने क्रमशः प्रतिभा कुंडा और पल्लवी जैन का स्थान लिया है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना दीपिका रेड्डी उपस्थित थीं। उन्होंने साधना (अभ्यास) के महत्व पर जोर देते हुए कहा, मैंने कभी पुरस्कारों का पीछा नहीं किया, मैंने ईमानदारी से अपने काम पर ध्यान केंद्रित किया और पहचान अपने आप मिली। जब महिलाओं का सम्मान होता है, तो राष्ट्र फलता-फूलता है।




निवर्तमान चेयरपर्सन प्रतिभा कुंडा ने अपने कार्यकाल की सफलताओं को साझा किया, जिसमें 12 सशक्तिकरण कार्यक्रम, 202 पशु सदस्यों का जुड़ना और डोक्रा क्राफ्ट के पुनरुद्धार के माध्यम से 15 लाख रुपये का राजस्व उत्पन्न करना शामिल है। वहीं, निवर्तमान YFLO चेयरपर्सन पल्लवी जैन ने निरंतर सीखने और व्यक्तिगत विकास के विजन पर संतोष व्यक्त किया।

सीता रेड्डी गद्दाम (एफएलओ चेयरपर्सन): उन्होंने जुड़ें, सशक्त बनाएं, ऊपर उठाएं का मंत्र दिया। उनका ध्यान स्टाइलतत्व, डिजिटल साथी और बंजारा सुई शिल्प जैसी पारंपरिक कलाओं को पुनर्जीवित करने पर रहेगा।

खुशबू डागा (वाईएफएलओ चेयरपर्सन): टुगेदर - वी प्रोग्रेस के दृष्टिकोण के साथ, उन्होंने क्षमता निर्माण और सदस्यों के समग्र विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया।

एफएलओ हैदराबाद अब अपने 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य रजत जयंती समारोह और पुरस्कार समारोह की योजना बना रहा है।

# डॉ. लोहिया कौशल विकास केंद्र के शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता करेंगे टी. गोपाल सिंह

**हैदराबाद 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा झारखंड के पूर्वी सिंहभूम ज़िले स्थित बहरागोड़ा में डॉ. राममनोहर लोहिया चैतन्यता एवं कौशल विकास केंद्र के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश एवं लोहिया विचार मंच, हैदराबाद के अध्यक्ष टी. गोपाल सिंह करेंगे। समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की 116वीं जयंती के अवसर पर बहरागोड़ा में 23 मार्च, 2026 को यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कौशल विकास केंद्र डॉ. लोहिया के समाजवादी मूल्यों को आगे बढ़ाने और स्थानीय युवाओं को कौशल से लैस करने के लिए प्रशिक्षण देने सहित रोज़गार के भी अवसर मुहैया कराने में मददगार होगा। साथ ही यहाँ डॉ. लोहिया एवं अन्य प्रखर समाजवादी नेताओं पर रिसर्च करने वाले रिसर्चरों के लिए भी उन्नत पुस्तकालय एवं अन्य ज़रूरी सामग्रियों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम के लिए राँची (झारखंड) रवाना होने से पहले लोहिया विचार मंच के अध्यक्ष टी. गोपाल सिंह ने बताया कि डॉ. राममनोहर लोहिया और बदरीविशाल पित्ती का सपना था कि भारत के सुदूर में समाजवादी प्रशिक्षण एवं कौशल विकास का एक केंद्र बने, ताकि ग्रामीण विकास और लोगों को स्वरोज़गार का एक अवसर उपलब्ध हो सके। डॉ. लोहिया की असामयिक मृत्यु के बाद सामाजिक स्वावलंबन का यह प्रकल्प पूरा नहीं हो सका। उनकी मृत्यु के 59 साल बाद ही सही, डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन, दिल्ली के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह और फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों के परिश्रम से डॉ. लोहिया का सपना पूरा हो रहा है।

इस समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के उद्योग, श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव होंगे। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि झारखंड के पूर्व मंत्री डॉ. दिनेश कुमार षड़ंगी एवं रामचंद्र केसरी, बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती, जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, महाराजा मयूरभंज एवं ओडिशा के पूर्व मंत्री प्रवीण चंद्र भंजदेव, राजनारायण के लोग ट्रस्ट के अध्यक्ष सैयद शाहनवाज क़ादरी, घाटशिला के विधायक सोमेश चंद्र सोरेन, प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजवादी विचारक गोविंद अग्रवाल दोदराजका होंगे। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि श्री अव्यक्त होंगे।

भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से समाजवादी विचारक एवं बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इनमें जैविक खेती अभियान, तिरहुत, बिहार के संस्थापक क्रांति प्रकाश, सतना के एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा, इंदौर से छतरामबाबू अग्रवाल, जौनपुर से परवेज़ आलम सिद्दीकी, कोलकाता से अमिताभ चक्रवर्ती एवं रमेश कुमार लोधा शामिल हैं।

# अग्रवाल समाज एबीसी भाग्यनगर शाखा का मिलन समारोह सम्पन्न

## समाज की मजबूती और एकता पर जोर



**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** अग्रवाल समाज एबीसी भाग्यनगर शाखा द्वारा बंजारा हिल्स स्थित एंग्री सरदार में एक विशेष बैठक और मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल समाज के सर्वांगीण विकास और भाग्यनगर शाखा में नए सदस्यों को जोड़ने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि अनिरुद्ध गुप्ता जी ने शाखा में शामिल हुए नए सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने सदस्यों को संबोधित करते हुए अग्रवाल समाज की एकता, संगठन से मिलने वाले लाभों, विशेषाधिकारों और भविष्य में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

बैठक के औपचारिक सत्र के बाद मनोरंजन का दौर चला, जिसमें उपस्थित दंपत्तियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लिया और एक-दूसरे के साथ खुशनुमा समय बिताया। समारोह का मुख्य उद्देश्य सामाजिक बंधनों को मजबूत करना और आपसी संवाद को बढ़ावा देना था।इस अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध जी गुप्ता के साथ टीम एबीसी के प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थापक उदय गुप्ता, अध्यक्ष श्रीमती मेघा अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री अजय गुप्ता, सचिव अनिल अग्रवाल, संयुक्त सचिव यश अग्रवाल, केएस प्रवीण अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अश्विन गुप्ता, रितेश अग्रवाल, पुनीत गोयल, मितेश गुप्ता, संजय अग्रवाल और मनोज अग्रवाल मौजूद थे।

महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए शीतल गुप्ता, काली गुप्ता, योगिता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, सारिका गुप्ता, आरती माला अग्रवाल और पूजा अग्रवाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।



साई अंश आर्केड, दुर्गा विहार, तिरुमलगिरी सिकंदराबाद में गणगोर पूजा में भाग लेती हुई पूजा राठौड।

# डॉ.शुभदा वांजपे सूत्रधार गार्गी सम्मान के लिए चयनित



**हैदराबाद 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सूत्रधार साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था, हैदराबाद, भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के परिप्रेक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम गार्गी सम्मान समारोह 2026 का आयोजन दिनांक 22 मार्च 2026, रविवार को किया जा रहा है। संस्थापिका सरिता सुराणा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम शहर के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक केन्द्र लामकान, बंजारा हिल्स में आयोजित किया जाएगा। इसका समय अपराह्न 2 बजे से रहेगा। यह कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों, विशेष वक्ताओं और संस्था की संरक्षक सदस्या श्रीमती तृप्ति मिश्रा का सम्मान किया जाएगा। गार्गी सम्मान ग्रहीता 2026, डॉ. शुभदा वांजपे इस सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्था की संरक्षक श्रीमती किरन सिंह मुख्य अतिथि होंगी। आकाशवाणी हैदराबाद में असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ प्रोग्राम सुश्री सीमा कुमारी विशिष्ट अतिथि होंगी।

# भैंसा में राजस्थानी महिला मंडल द्वारा निकाली गई गणगौर की भव्य सवारी



**भैंसा, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भैंसा शहर में गणगौर सिंजारे के अवसर पर परंपरा और संस्कृति के रंग देखने को मिले। राजस्थानी महिला मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर में गणगौर की भव्य सवारी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गणगौर पर्व के अंतर्गत अठारह दिनों तक विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान ज्वार बोकर ईसर (भगवान शिव) और गौर (माता पार्वती) की स्थापना कर नियमित पूजा-अर्चना की गई। शनिवार को सिंजारे के दिन परंपरानुसार नवविवाहित बेटियों और बहुओं ने पूजित गणगौर की प्रतिमा को कलश सहित सिर पर रखकर शोभा यात्रा में भाग लिया।

सवारी में शामिल होने से पूर्व महिलाओं द्वारा परंपरानुसार दो पंक्तियों के गीत में अपने पति का नाम लिया गया। सामान्यतः पति का नाम लेना वर्जित माना जाता है, किंतु इस विशेष अवसर पर सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार यह रस्म निभाई जाती है, जो इस उत्सव की विशेष पहचान है।

इस अवसर पर गणगौर को सोलह श्रृंगार से सजाया गया। शोभा यात्रा राजस्थानी भवन से प्रारंभ होकर पुराना बाजार होते हुए मारवाड़ी गली तक निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा से यात्रा में भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी भवन में महिलाओं ने पारंपरिक घूमर नृत्य प्रस्तुत किया तथा गणगौर से जुड़े गीत और कथाओं का गायन किया। इस आयोजन में राजस्थानी महिला मंडल की सभी महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

यह गणगौर पूजन का अंतिम दिन था। परंपरा के अनुसार पूजे गए ज्वार और अन्य पूजन सामग्री का अगले दिन किसी बहती नदी या तालाब में विधिवत विसर्जन किया जाएगा।

# एचआईसीसी में हाईलाइफ प्रदर्शनी आरंभ

**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हाईलाइफ की तीन दिवसीय प्रदर्शनी शनिवार को माधापुर नोवोटेल स्थित हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एचआईसीसी) में आरंभ हुई। लाइफ स्टाइल और फैशन प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदर्शनी के आयोजक अबे डोमनिक, अभिनेत्री ऋतु चौधरी और श्रवंति चोकारोपु ने किया। समारोह में विभिन्न मॉडलों ने डिज़ाइनर परिधानों और आभूषणों का प्रदर्शन किया।



हाईलाइफ प्रदर्शनी के आयोजक अबे डोमनिक ने उद्घाटन के बाद कहा कि फेस्टिव सीजन को समर्पित इस प्रदर्शनी में 350 से अधिक डिजाइनर भाग लेर हे हैं। उन्होंने कहा कि यह त्यौहारों का समय है और त्यौहारों के मौसम के साथ ही कुछ शादी ब्याह के समारोह शुरू होंगे। इस बात को ध्यान में रखते हुए फ़ैशन प्रेमियों को उत्सव और शादी की शरीददारी का असाधारण अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

फैशन प्रेमियों द्वारा डिज़ाइनरों को अच्छा प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी 23 मार्च तक जारी रहेगी। प्रदर्शनी में फैशन, ग्लैमर, लाइफ स्टाइल और लक्जरी जीवनशैली से जुड़ी रचनात्मक वस्तुओं के कई स्टॉल यहाँ स्थापित किये गये हैं।डोमिनिक ने कहा कि हाईलाइफ फैशन परिधान, दुल्हनों के लिए विशेष कलेक्शन, डिज़ाइनर वियर, एक्ससरीज़, आभूषण एवं अन्य आकर्षक सामग्री के लिए हैदराबादी फैशन प्रेमियों की पहली पसंद है। दुल्हनों के लिए उपयोगी पारंपरिक एवं फैशन परिधान के अलावा विभिन्न प्रकार की सामग्री एक ही मंच से प्राप्त की जा सकती है।


**दक्षिण मध्य रेलवे**
हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**निविदा सूचना सं.: 24-Mech-PU-WET-TPTY-25-26 दि. 17.03.2026** PUB/2163/26

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (Dy.CME)/कैरिज रिपेयर शॉप (CRS)/तिरुपति द्वारा निम्नलिखित निविदा संख्या के प्रति ई-निविदाएं आमंत्रित हैं, जो नीचे बताई गई समापन तिथि को 11:00 बजे तक बंद होंगी। बोलीदाता समापन तिथि और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के प्रति मैनुअल (हस्तलिखित/कागजी) प्रस्तावों स्वीकार नहीं होंगे और अगर कोई ऐसा मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**क्रम सं.: 1, कार्य का विवरण:** 24- Mech-PU-WET-TPTY-25-26 दि. 17.03.2026 कैरिज रिपेयर शॉप, तिरुपति में ICF डिजाइन के कोचों पर PU पेंटिंग की आपूर्ति और अनुप्रयोग , LHB कोचों पर WET ON WET PU पेंटिंग, और ICF/LHB कोचों के आंतरिक एवं अंडर-फ्रेम की पेंटिंग। **अनुमानित लागत:** रु. 13,17,40,473.26/- **पूर्व धरोहर राशि :** रु. 26,34,800/- **पूर्ण होने की अवधि:** 12 महीने. **समापन की तिथि:** 08.04.2026 को 11.00 बजे

वेबसाइट विवरण: **www.ireps.gov.in**

सूचना पट्ट का स्थान : जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, कैरिज रिपेयर शॉप, तिरुपति। निविदा की अन्य शर्तों/विवरणों (निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध) और निविदा दस्तावेजों, शुद्धिपत्र को डाउनलोड करने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर जाएँ।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/ कैरिज रिपेयर शॉप/ तिरुपति**

**निविदा सं.: 44_2025-26_Sr. DEE_TRD_HYB, दिनांक: 18.03.2026** PUB/2164/26

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत Sr.DEE/TRD/HYD द्वारा निविदा संख्या 44_2025-26_Sr.DEE_TRD_HYD, दि. : 18.03.2026 के प्रति ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। समापन तिथि: 10.04.2026 को 15:00 बजे। बोलीदाता समापन तिथि और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्तावों स्वीकार नहीं होंगे और अगर कोई ऐसा मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**क्रम सं.: 1, कार्य का विवरण:** हैदराबाद मंडल – हैदराबाद मंडल के IOL स्थानों पर जी जम्पर का 105 वर्ग मिमी से 160 वर्ग मिमी में उन्नयन (Upgradation)। **निविदा विज्ञापित लागत:** रु. 1,30,85,533.00/- **पूर्व धरोहर राशि:** रु. 2,15,400.00/- **पूर्ण होने की अवधि:** 06 महीने. **समापन की तिथि:** 10.04.2026

वेबसाइट विवरण: **www.ireps.gov.in**

सूचना पट्ट का स्थान जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: कार्यालय Sr.DEE/TrD/HYD, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद 500025

**वरिष्ठ मंडलीय विद्युत अभियंता/ कर्षण वितरण/ हैदराबाद**

**निविदा सं.: 45_2025-26_Sr.DEE_TRD_HYB, दि. : 18.03.2026** PUB/2165/26

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत Sr.DEE/TRD/HYD द्वारा निविदा संख्या 45_2025-26_Sr.DEE_TRD_HYD, दि. : 18.03.2026 के प्रति ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। समापन तिथि: 10.04.2026 को 15:00 बजे। बोलीदाता समापन तिथि और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्तावों स्वीकार नहीं होंगे और अगर कोई ऐसा मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**क्रम सं.: 1, कार्य का विवरण:** हैदराबाद मंडल SW(i): हैदराबाद मंडल के KCG डिपो अधिकार क्षेत्र में प्लेटफॉर्म पर लाइव OHE हिस्से से बचने के लिए OHE व्यवस्था का संशोधन। SW(ii): KCG डिपो अधिकार क्षेत्र में आइसोलेटर के लिए एल्युमीनियम (Al) बस बार के स्थान पर तांबे (copper) के बस बार का प्रतिस्थापन और जंग लगे कैंटिलीवर को बदलना।
**निविदा विज्ञापित लागत:** रु. 1,51,95,553.00/- **पूर्व धरोहर राशि :** रु. 2,26,000.00/- **पूर्ण होने की अवधि:** 06 महीने **समापन की तिथि:** 10.04.2026

वेबसाइट विवरण: **www.ireps.gov.in**

सूचना पट्ट का स्थान जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: कार्यालय Sr.DEE/TrD/HYD, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद 500025

**वरिष्ठ मंडलीय विद्युत अभियंता/ कर्षण वितरण/ हैदराबाद**

**निविदा सं.: 46_2025-26_Sr.DEE_TRD_HYB, दि. : 18.03.2026** PUB/2166/26

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत Sr.DEE/TRD/HYD द्वारा निविदा संख्या 46_2025-26_Sr.DEE_TRD_HYD, दि. : 18.03.2026 के प्रति ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। समापन तिथि: 10.04.2026 को 15:00 बजे। बोलीदाता समापन तिथि और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्तावों स्वीकार नहीं होंगे और अगर कोई ऐसा मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**क्रम सं.: 1, कार्य का विवरण:** हैदराबाद मंडल- SW(i): कौकुंतला स्टेशन पर बैलास्ट साइडिंग के लिए कर्षण (traction) का प्रावधान – इलेक्ट्रिकल TRD व्यवस्था। SW(ii): महबूबनगर (MBNR) अधिकार क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी यार्ड सुधार और विभिन्न यार्डों में उन्नयन कार्य। SW(iii): कुरनूल टाउन (KRNT) अधिकार क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी यार्ड सुधार और विभिन्न यार्डों में इलेक्ट्रिकल TRD व्यवस्था के उन्नयन कार्य।
**निविदा विज्ञापित लागत:** रु. 80,33,197.00/-
**पूर्व धरोहर राशि :** रु. 1,60,700.00/-
**पूर्ण होने की अवधि:** 06 महीने
**समापन की तिथि:** 10.04.2026

वेबसाइट विवरण: **www.ireps.gov.in**

सूचना पट्ट का स्थान जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: कार्यालय Sr.DEE/TrD/HYD, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद 500025

**वरिष्ठ मंडलीय विद्युत अभियंता/ कर्षण वितरण/ हैदराबाद**

**निविदा सं.: 47_2025-26_Sr.DEE_TRD_HYB, दि. : 18.03.2026** PUB/2167/26

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत Sr.DEE/TRD/HYD द्वारा निविदा सं. 47_2025-26_ Sr.DEE_TRD_HYD, दि. : 18.03.2026 के प्रति ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। समापन तिथि: 10.04.2026 को 15:00 बजे। बोलीदाता समापन तिथि और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्तावों स्वीकार नहीं होंगे और अगर कोई ऐसा मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**क्रम संख्या: 1, कार्य का विवरण:** हैदराबाद मंडल: रिमोट कंट्रोल सेंटर (RCC) और हैदराबाद मंडल के SC, KCG, SFX, MED, BMO, UR एवं HPG स्विचिंग स्टेशनों पर रिमोट टर्मिनल यूनिट्स (RTUS) के लिए RDSO spec. सं. TI/ SPC/ RCC/ SCADA/ 0130 (Rev.2) के अनुसार 3 वर्ष की अवधि के लिए स्काडा (SCADA) सिस्टम का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC)। **निविदा विज्ञापित लागत:** रु. 47,80,416.84/- **पूर्व धरोहर राशि :** रु. 95,600.00/- **पूर्ण होने की अवधि:** 03 वर्ष (36 महीने) **समापन की तिथि:** 10.04.2026

वेबसाइट विवरण: **www.ireps.gov.in**

सूचना पट्ट का स्थान जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: कार्यालय Sr.DEE/TrD/HYD, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद 500025

**वरिष्ठ मंडलीय विद्युत अभियंता/ कर्षण वितरण/ हैदराबाद**

**निविदा सूचना सं.: 25_DRM_W_HYB_26 दि. 20/03/2026** PUB/2168/26

कृते एव भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक/कार्य, हैदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए **13/04/2026** के 15.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेंट के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रितहैं।

**निविदा सं. :** 25_DRM_W_HYB_26 **कार्य का नाम:** हैदराबाद मंडल: STC/SC में CW मॉडलों के लिए एक लाइट शेड का निर्माण। **अनुमानित मूल्य (रु.):** 80,53,960/- **पूर्व धरोहर राशि :** रु. 1,61,100/-

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ।

A2738 **वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक/ कार्य/ हैदराबाद**

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट : www.ireps.gov.in या http://www.scr.indianrailways.gov.in देखें।


# दुख मिटाना है तो झूठ, निंदा छोड़ें व संस्कार श्रेष्ठ बनाएं : जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज

**बीकानेर, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कृष्णगिरी वाली देवी नागरानी मां पद्मावतीजी की अलौकिक महिमा का गुणगान व साधना कक्ष में अनेक देवों को प्रसन्न करने अर्थात् आकर्षित करने वाली हस्त मुद्राओं के साथ जाप अनुष्ठान तथा दोपहर में हजारों किलो घी, मेवे, दुर्लभ औषधियों, चंदन की विभिन्न प्रकार की लकड़ियों से हवन यज्ञ में मां के विभिन्न बीज मन्त्रों, सहस्त्रनाम से काशी के विद्वान विप्रजनों द्वारा आहुतियों के धुएं ने छोटी काशी कही जाने वाली बीकानेर नगरी की हवा एवं आभामंडल को भक्ति से सराबोर कर दिया है। यही नहीं, शाम के सत्र में पांच बजे से आयोजन स्थल पर विशाल पांडाल में निःशुल्क भोजन प्रसाद भंडारे के बाद रात्रि 8 बजे से शक्ति पीठाधीपति, पूज्यपाद जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुखारविंद से श्रीमद देवीभागवत महापुराण कथा गाथा का गुणगान वर्णन श्रवण



बीकानेर शक्ति महोत्सव में श्रद्धालुओं को एक तरह से मां से साक्षात करा रहा है। इसी दौरान पूज्यपाद जगद्गुरु श्रीजी के मंत्रोच्चारण के साथ ही अनेक भक्तों के खाली पर्स में सिक्के, नोट आदि मिलना, विभिन्न प्रकार की खुशबूओं का अचानक से एहसास होना तथा उनके घर के मंदिर में देवी देवताओं की तस्वीर पर कुमकुम –चंदन के छींटे के नए निशान दिखना चमत्कारी अनुभवों की कृपा बनाए हुए हैं। सिद्ध साधक संत श्रीजी द्वारा सर्व रक्षा सुरक्षा प्रदायक शिव कवच वाचन के साथ कुमकुम सिद्धि विधान व सर्व कष्ट निवारक भैरव सहस्र नाम कष्टहरण ऊर्जा विधान का श्रवण कराया। साथ ही पूज्य जगद्गुरु के साथ साथ भजन गायकों द्वारा दी जा रही संगीतमय प्रस्तुतियां भी नवरात्रि पर्व की महिमा को चार चांद लगा रही है। कुल मिलाकर बीकानेर संभाग मुख्यालय के गंगाशहर मार्ग स्थित अग्रवाल भवन में स्थानीय सहित देश के विभिन्न राज्य शहरों से आए भक्तजनों को लगभग 15 से 16 घंटे तक मां की भक्ति आराधना साकार रुप ले रही है। 11 दिवसीय कष्टहारक मां की भक्ति आराधना में विभिन्न जाति, संप्रदायों से आए श्रद्धालु शक्ति पीठाधिपति पूज्य गुरुदेव श्रीजी वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज की पावन निश्रा में पुण्य एवं सुख समृद्धि प्रदायिक स्तुतियां एवं वाणी से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। शनिवार को तृतीया तिथि, चंद्रघंटा देवी की महिमा का विस्तार से वर्णन गुणगान पूज्य गुरुदेवश्रीजी ने किया। उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धावान लोग आयोजन में शामिल हुए हैं वे निश्चित ही सनातन प्रेमी व स्वयं के सुख, प्रगति प्रदायक कल्याण के लिए आए हैं। इस दौरान संसार में दुखी, ऋणी तथा रोगी लोगों का जिक्र करते हुए श्री वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि दुख का कारण झूठ बोलना व निंदा करना तथा गलती का स्वयं द्वारा नहीं मानना है। उन्होंने कहा, दुख मिटाना व आरोग्य प्राप्त करना है तो इसे सुधारें व संस्कारों को श्रेष्ठ बनाएं। तभी मनुष्य जन्म सही मायने में सार्थक बनेगा। वे बोले, व्यक्ति जीवन में विवेकहीन न बनते हुए अपने लक्ष्य उद्देश्य को भी जानें। मंत्र शिरोमणि, सर्वधर्म दिवाकर पूज्यपाद जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज ने यह भी कहा कि अहिंसा, संयम, तप जिसमें होगा देवता भी उसे नमन करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूज्य गुरुदेवश्रीजी के अधिकृत यूट्यूब चैनल थॉट योगा पर लाइव किया जा रहा है।

**विधायक जेठानंद व्यास बोले, अधर्म का नाश होगा तभी होगी धर्म की जय...**

जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज के सान्निध्य में चैत्र नवरात्रि विराट कथा यज्ञ महोत्सव एवं श्री महालक्ष्मी महायज्ञ आध्यात्मिक महोत्सव कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आशीर्वाद लेने पहुंचे बीकानेर पश्चिम से बीजेपी विधायक जेठानंद व्यास का श्री पार्श्व पद्मावती सेवा ट्रस्ट कृष्णगिरी की ओर से स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म की पताका फहराने का अलौकिक आयोजन पहली बार यहां पूज्यपाद जगद्गुरु यहां करवा रहे हैं। सनातन धर्म को पुरुष ही नहीं, स्त्री प्रधान भी है। वे बोले अधर्म का नाश होगा तभी धर्म की असल मायने में जय होगी। मातृ शक्ति को त्याग का प्रतीक व सनातन धर्म की धुरी बताते हुए उन्होंने युवा पीढ़ी में संस्कारों की महत्ती आवश्यकता व नशामुक्त रहने के संकल्प पर जोर दिया।

**मां कुष्मांडा अथवा कुलदेवी को आज रविवार को लगाएं पेठे का भोग, करें गुप्तदान...**

समस्त ब्रह्मांड को बनाने वाली कुष्मांडा देवी का चतुर्थी तिथि रविवार को नवरात्रि पर्व में पूजन होगा। पूज्यपाद जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज ने बताया कि मां कुष्मांडा को सर्वप्रिय भोग अनार फल व पेठे का लगाना शुभकारी माना गया है। श्रद्धापूर्वक इस भोग अर्पण से मां की कृपा से अनिष्टों का नाश होकर निश्चित संपन्नता प्राप्त होगी। सिद्धसाधक संत श्रीजी ने कहा, मां के आराधक भक्तों अर्थात् सनातन धर्मावलंबियों को अपनी शक्ति को बढ़ाने के लिए भी यह सहायक सिद्ध होगा। साथ ही अपनी श्रद्धा सामर्थ्यनुसार गुप्तदान भी करें, जिससे जीवन की बाधाएं दूर होगी व आर्थिक संकट कम होकर रुके हुए कार्य आदि पूर्ण होंगे।

# मलकपेट में गौरा ईशरजी की विधि-विधान से पूजा सम्पन्न

## स्थानीय महिलाओं की भारी सहभागिता, भक्तिमय वातावरण

**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मलकपेट स्थित शिवनारायण भगीरथ लोया के निवास स्थान पर गौरा ईशरजी की पूजा अत्यंत धूमधाम और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर सुनीता लोया ने विधि-विधान से पूजा की विधियों का संचालन किया।



इस धार्मिक आयोजन में संस्कृति मनीयार, लता बियानी, अकृति बियानी, चंद्रकांता जाजू, तारा, सुनीता काबरा, अनीता बजाज, शाशी, प्रियंका, अंकिता जोशी, सारिका मुंदडा, प्रेमा, मुस्कान करवा, जयश्री धुत, जयश्री, जनवी, रंजना तपाड़िया, पद्मा, सुनायना, जयश्री बियानी सहित अन्य स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी भक्तों ने गौरा ईशरजी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए।

पूजा के उपरांत उपस्थित सभी महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से भजन एवं कीर्तन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन में शामिल सभी भक्तों ने इस पावन अवसर पर एक-दूसरे को बधाई दी और सामूहिक प्रसाद ग्रहण किया। इस प्रकार यह धार्मिक कार्यक्रम हर्ष-उल्लास और आस्था के साथ संपन्न हुआ।



पूजा शेमशेर गंज में गिरनगोर में भाग लेती हुई सुमित्रा रोडा, सरस्वती कड़ेल, अंजलि, राजश्री, आरती व अन्य।

# नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन में हिंदी जर्नलिस्ट एसोसिएशन का शिष्टाचार भेंट कार्यक्रम

**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज तारनाका स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक वैज्ञानिक डॉ. जी. एम. सुब्बाराव से शिष्टाचार भेंट की। इस औपचारिक मुलाकात में दोनों पक्षों के बीच हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई।



इस अवसर पर एसोसिएशन की मासिक पत्रिका के प्रधान संपादक श्री महेश अग्रवाल ने डॉ. सुब्बाराव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उन्हें पत्रिका के नवीनतम अंक भी भेंट किए। इस प्रतीकात्मक सम्मान के माध्यम से हिंदी जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने संस्था के राजभाषा प्रयासों की सराहना की और भविष्य में मिलकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की।

कार्यक्रम में वैज्ञानिक राजेंद्र राव और संस्था की राजभाषा सलाहकार संतोषी दीपिका भी उपस्थित रहीं। डॉ. सुब्बाराव ने हिंदी जर्नलिस्ट एसोसिएशन की गतिविधियों की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया और भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस शिष्टाचार भेंट ने दोनों संस्थाओं के बीच सहयोग के नए द्वार खोले हैं, जिससे हिंदी माध्यम में वैज्ञानिक जानकारी के प्रसार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई गई है।

# अरिहंत टावर में बालक-बालिकाओं ने क्रिकेट प्रतियोगिता से जमाई एकजुटता



**हैदराद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अरिहंत टावर में रहने वाले बालक-बालिकाओं ने मिलकर एक रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसने न केवल खेल भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि पूरे टावर में उत्साह और उमंग का संचार कर दिया। इस आयोजन में दो टीमें बनाई गईं और दोनों टीमों के बीच बहुत अच्छा एवं प्रतिस्पर्धी खेल देखने को मिला।

क्रिकेट आयोजन में अर्हम चौहान और भुविक बंदामुथा ने अपनी-अपनी टीमों के कप्तान के रूप में नेतृत्व किया। दोनों कप्तानों ने खेल के दौरान बेहतरीण रणनीति और टीम वर्क का परिचय दिया। कड़े मुकाबले के बाद अंततः भुविक बंदामुथा की टीम ने विजय हासिल की। विजेता टीम को सभी निवासियों की ओर से जोरदार तालियों और बधाइयों से नवाजा गया।क्रिकेट प्रतियोगिता के बाद आयोजन का सबसे खास पहलू तब सामने आया, जब सभी फ्लैट वालों ने अपने-अपने घर से अलग-अलग खाने की आइटम बनाकर लाए और सभी ने मिल-बांटकर प्रसाद ग्रहण किया। इस सामूहिक भोजन ने न केवल स्वाद का आनंद दिया, बल्कि अरिहंत टावर के निवासियों ने अपनी एकजुटता और सामुदायिक भावना का भी बेहतरीन परिचय दिया। इस प्रकार यह आयोजन खेल, उत्साह और सामाजिक सद्भाव का एक अनूठा उदाहरण बनकर रह गया।



फीलखाना स्तिथ गौस पान शॉप के मालिक मो. यूसुफ़ को ईद की बधाई देते हुए समाज सेवी प्रमोद कुमार जैन, भाजपा नेता पवन शिंदे, अरुण जाधव एवं अन्य।


**IN THE COURT OF THE HON'BLE III JUNIOR CIVIL JUDGE, CITY CIVIL COURT, AT: HYDERABAD**

**O.S.No 558 OF 2026**

**Between:**
**Rohini Joshi & Others** ...Plaintiffs

**And**

**Tahsildar/MRO, Nampally Mandal & another** ......Defendants

**To,**
**All Concerned**

Take notice that the above named plaintiffs filed suit for declaration of legal heir of Late Sanjay Joshi and if anybody has any objection you are hereby directed to appear before the Hon'ble Court on 24-03-2026 at 10:30 AM either by person or through your Pleader otherwise matter will be decided in your absence.

**Hence this Notice.**

**BY ORDER OF THE COURT**

**NIKHIL KUMAR BIDLA**
**Advocate, Hyderabad.**
**Ph.7207700746**
**COUNSEL FOR PLAINTIFFS**

# सिद्दीपेट जिला जेल का आज मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

## अत्याधुनिक सुरक्षा और सुविधाओं से लैस




**सिद्दिपेट, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रविवार, 22 मार्च 2026 को एक भव्य समारोह में नवनिर्मित सिद्दीपेट जिला जेल का उद्घाटन करने वाले हैं। उद्घाटन से पहले, कारागार एवं सुधारात्मक सेवा महानिदेशक (ऋ) डॉ. सौम्या मिश्रा, खइड ने परिसर का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सिद्दीपेट पुलिस आयुक्त साधना रश्मि पेरुमल के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए।

**90 करोड़ की लागत और स्वास्तिक आकार का अनूठा डिजाइन**

इंसानपल्ली में 34 एकड़ में फैली यह उच्च सुरक्षा वाली जिला जेल 90 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई है। यह एक आधुनिक सुधारात्मक केंद्र है जिसे निगरानी और सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'स्वास्तिक' आकार के लेआउट में डिजाइन किया गया है। 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करने के लिए यहाँ चार वॉच टावर बनाए गए हैं। इसके अलावा, कैदियों के लिए 32 बिस्तरों वाला अस्पताल, एक पुस्तकालय, एक स्कूल और दो अत्याधुनिक रसोई का निर्माण किया गया है।

**कैदियों की क्षमता और महिला बैरक की विशेष व्यवस्था**

इस जेल में 415 कैदियों को रखने की क्षमता है, जिससे आसपास की जेलों में भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी। कुल 8 बैरकों में से महिलाओं के लिए एक अलग उच्च सुरक्षा बैरक बनाया गया है, जिसमें 50 महिला कैदियों को रखा जा सकता है। यह नई जेल तेलंगाना में जेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी और चंचलगुडा जेल की तर्ज पर उच्च जोखिम वाले कैदियों के लिए उन्नत सुरक्षा प्रदान करेगी।

**वरिष्ठ अधिकारियों ने किया तैयारियों का निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान डॉ. मिश्रा के साथ आईजी (कारागार) एन. मुरलीबाबू, डीआईजी (कारागार) डॉ. डी. श्रीनिवास, जेल उप-अधीक्षक जी. रत्नम और पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के कार्यकारी अभियंता वाई. बी. श्रीनिवास के नेतृत्व में इंजीनियरों की टीम मौजूद रही।

# भव्य श्रीराम नवमी शोभा यात्रा की तैयारियां तेज

## प्रतिमाओं को दिया जा रहा अंतिम रूप, युवाओं में उत्साह



**हैदराद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्रीराम युवा सेना के तत्वावधान में आगामी शुक्रवार, दिनांक 27 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली भव्य श्रीराम नवमी शोभा यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। आयोजन को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विधायक टी. राजा सिंह के नेतृत्व में प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

समिति के पदाधिकारियों के अनुसार इस वर्ष की शोभा यात्रा को पहले से अधिक भव्य और व्यवस्थित रूप देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है, ताकि शोभा यात्रा दर्शकों के लिए श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बने।

विधायक टी. राजा सिंह तैयारियों का जायजा लिया और प्रतिमाओं की सजावट, झांकियों की व्यवस्था और शोभा यात्रा के मार्ग की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। युवाओं में इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और उमंग देखी जा रही है। समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं से शोभा यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

# तेलंगाना भर में ईद-उल-फितर धूमधाम से मनाई गई



**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** शनिवार, 21 मार्च को तेलंगाना भर में ईद-उल-फितर पारंपरिक उत्साह और भक्ति के साथ मनाई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष प्रार्थनाएं कीं। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने यहां ईदगाह मैदान में नमाज अदा की, जबकि कई अन्य राजनीतिक नेता भी नमाज में शामिल हुए।

पुलिस ने ईद की नमाज के सुचारू संचालन के लिए व्यापक इंतजाम किए थे।

चारमीनार के पास स्थित ऐतिहासिक लाड बाजार शुक्रवार रात हजारों खरीदारों और चूड़ी की दुकानों पर उमड़ी महिलाओं की भीड़ से गुलजार हो उठा।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी, बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

शुक्ला ने कहा कि रमजान आत्म-अनुशासन और आध्यात्मिक चिंतन का समय है, जो हमें गरिमा, जीवन की पवित्रता और धार्मिक शिक्षाओं के पालन के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा, ''मैं पवित्र कुरान की शिक्षाओं और इतिहास भर में समाज पर उनके गहन प्रभाव के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त करता हूं।''

रेवंत रेड्डी ने कहा कि ईद करुणा, उदारता और एकता के मूल्यों पर विचार करने का समय है जो हमें एक समाज के रूप में करीब लाते हैं, और उन्होंने कामना की कि यह त्योहार हर घर में शांति, समृद्धि और सद्भाव लाए और सभी समुदायों के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करे।

# मंत्रियों की कोशिशें नाकाम: जीवन रेड्डी को मनाने में कांग्रेस विफल



**करीमनगर, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता और एमएलसी टी. जीवन रेड्डी शनिवार को पार्टी नेताओं के सुलह प्रयासों के बावजूद असंतुष्ट नजर आए। राज्य मंत्री दुद्दिवाला श्रीधर बाबू और अदलूरी लक्ष्मण, चोप्पदंडी विधायक मेदिपल्ली सत्यम के साथ जीवन रेड्डी के आवास पर उन्हें मनाने पहुंचे थे। यह बैठक एआईसीसी प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के साथ हाल ही में हुई बातचीत से उनकी अनुपस्थिति के बाद हुई।

**पार्टी की कार्यप्रणाली पर जताई गहरी नाराजगी**

सूत्रों के अनुसार, जीवन रेड्डी ने पार्टी के भीतर हालिया घटनाक्रमों और वर्तमान कार्यप्रणाली पर अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। मीडिया से बात करते हुए श्रीधर बाबू ने कहा, जीवन रेड्डी एक ऐसे नेता हैं जिन्हें तेलंगाना का हर नागरिक जानता है। विपक्ष में रहते हुए भी वे जनता की एक बुलंद आवाज रहे हैं। यदि वे पीड़ा में हैं, तो पूरी पार्टी भी पीड़ा में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जीवन रेड्डी द्वारा उठाए गए मुद्दों को मुख्यमंत्री और पार्टी नेतृत्व के संज्ञान में लाया जाएगा।

**जगतियाल विधायक की एंट्री बनी विवाद की जड़**

बताया जा रहा है कि यह विवाद मुख्य रूप से जगतियाल विधायक डॉ. एम. संजय कुमार के कांग्रेस में शामिल होने से जुड़ा है, जिसका जीवन रेड्डी ने कड़ा विरोध किया था। इससे पहले, एमएलसी के समर्थकों ने उनके आवास से पार्टी के बैनर हटा दिए थे। जीवन रेड्डी को स्थानीय नेताओं और भारत राष्ट्र समिति के सदस्यों के साथ रमजान की प्रार्थनाओं में शामिल होते हुए भी देखा गया, जिससे उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

**भविष्य की रणनीति पर सस्पेंस बरकरार**

पार्टी नेताओं का कहना है कि मुद्दे को सुलझाने के प्रयास जारी हैं, लेकिन जीवन रेड्डी के सख्त रुख ने कांग्रेस आलाकमान की चिंता बढ़ा दी है।

उनके समर्थकों के बीच व्याप्त असंतोष और विपक्षी नेताओं के साथ उनकी बढ़ती नजदीकी ने जिले के राजनीतिक समीकरणों को गरमा दिया है।

# रसोई गैस की किल्लत से हाहाकार: एलपीजी के दाम आसमान पर, केरोसिन स्टोव की हुई वापसी




**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न एलपीजी (ङझऋ) की भारी किल्लत ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। गैस की कमी और आसमान छूती कीमतों के चलते अब कई परिवार और छोटे व्यवसायी खाना पकाने के वैकल्पिक तरीकों की ओर रुख करने को मजबूर हैं।

**कालाबाजारी का बोलबाला: 4500 तक पहुँचा सिलेंडर**

बाजार में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की किल्लत का फायदा उठाकर कालाबाजारी करने वाले इसे 4000 से 4500 की भारी कीमत पर बेच रहे हैं। वहीं, व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमत और भी अधिक, लगभग 7000 तक पहुँच गई है, जो सामान्य दर से कई गुना ज्यादा है। आबिड्स में सिलेंडर की तलाश कर रही एक उपभोक्ता श्रीजा शर्मा ने बताया, मैंने दो हफ्ते पहले बुकिंग की थी, लेकिन सिलेंडर नहीं आया। बाहर पता करने पर एक व्यक्ति ने नए सिलेंडर के लिए 4000 मांगे, जो बेहद हास्यास्पद है।

**इंडक्शन और केरोसिन स्टोव का बढ़ा चलन**

गैस के महंगे और दुर्लभ होने के कारण लोग अब इंडक्शन चूल्हों जैसे इलेक्ट्रिक विकल्पों को अपना रहे हैं। इस संकट के बीच बिजली पर निर्भर इन उपकरणों को अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय माना जा रहा है। स्थानीय बाजारों में एक और चौंकाने वाला रुझान देखने को मिला हैपुराने पड़ चुके केरोसिन स्टोव की दोबारा वापसी हुई है। एलपीजी की कमी के कारण दुकानदार इन्हें फिर से बेचने लगे हैं।

**केरोसिन की उपलब्धता बनी बड़ी चुनौती**

स्टोव तो बाजार में मिल रहे हैं, लेकिन हैदराबाद में केरोसिन (मिट्टी का तेल) मिलना एक बड़ी समस्या बन गई है। पहले की तरह अब उचित दर की दुकानों या राशन की दुकानों पर केरोसिन उपलब्ध नहीं है। चिक्कड़पल्ली के निवासी राजेश मुदिराज ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, मैंने हाल ही में 900 में केरोसिन स्टोव खरीदा, लेकिन तेल कहीं नहीं मिल रहा। अगर एलपीजी की स्थिति नहीं सुधरी, तो मुझे भी इलेक्ट्रिक स्टोव ही खरीदना पड़ेगा।

सप्लाई पर कड़े नियंत्रण के कारण लोग अब छोटे एलपीजी सिलेंडर या कम मेहनत वाले भोजन पर निर्भर हो रहे हैं ताकि इस संकटपूर्ण स्थिति का सामना किया जा सके।

# जीएचएमसी विभाजन के बाद भाजपा ने बढ़ाई सक्रियता, संगठनात्मक समीक्षा तेज



**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना भाजपा इकाई ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगमको तीन अलग-अलग निकायोंग्रेटर हैदराबाद, साइबराबाद और मल्कजगिरीमें विभाजित करने के सरकार के निर्णय के बाद हैदराबाद में अपनी संगठनात्मक समीक्षा तेज कर दी है। यह विभाजन फरवरी 2026 के आदेश के तहत किया गया है।

**नगर निकाय चुनावों के लिए 'बूथ स्तर' पर तैयारी**

प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने शनिवार को जिला अध्यक्षों, संभाग प्रमुखों और पूर्व में ऋक्ष्चउ के अंतर्गत आने वाले नौ जिलों के नेताओं के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का मुख्य फोकस आगामी छह महीनों के भीतर होने वाले संभावित नगर निकाय चुनावों से पहले पार्टी के ढांचे को मजबूत करना था। राव ने जोर देकर कहा कि प्रत्येक डिवीजन को भाजपा की एक मजबूत इकाई बनना चाहिए, उन्होंने कैडर की जिम्मेदारी को शहरी विस्तार की रीढ़ बताया।

**दिग्गज नेताओं ने बनाई चुनावी रणनीति**

बैठक में बूथ स्तर की समितियों, वार्ड-वार संपर्क कार्यक्रमों और प्रभारी के रूप में वरिष्ठ नेताओं एवं पूर्व विधायकों/सांसदों की तैनाती की समीक्षा की गई। इस चर्चा में केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, सांसद रघुनंदन राव और लक्ष्मण, प्रदेश प्रभारी अभय पाटिल और संगठनात्मक सचिव चंद्रशेखर तिवारी शामिल हुए।

**विभाजन को बताया 'राजनीतिक साजिश'**

भाजपा नेताओं ने नगर निगम के त्रिविभाजन की आलोचना करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विपक्षी गढ़ों को खंडित करने और कांग्रेस की सहयोगी एआईएमआईएमकी मदद करने के लिए बनाया गया है। रामचंद्र राव ने इसे नागरिक सीमाओं को फिर से आकार देने के लिए किया गया एक बैकडोर समझौता करार दिया।पार्टी रणनीतिकार अब स्थानीय मुद्दोंनागरिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और जवाबदेहीको केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़कर भाजपा शासन को अधिक प्रभावी ढंग से पेश करने की योजना बना रहे हैं। तैयारियों में वार्डों की मैपिंग, स्टार उम्मीदवारों की पहचान और डोर-टू-डोर अभियानों के लिए बूथ एजेंटों का प्रशिक्षण शामिल है।

# अवैध शराब की 39 बोतलें जब्त की गईं



**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**
स्पेशल टास्क फोर्स और हैदराबाद एयरपोर्ट पुलिस की एक टीम ने शनिवार, 21 मार्च को पहाड़ी शरीफ के पास नियमित वाहन जांच के दौरान अवैध शराब की 39 बोतलें जब्त कीं।

एक विज्ञप्ति के अनुसार, शराब की बोतलें दिल्ली और गोवा से शहर में लाई जा रही थीं।जब्त की गई शराब की बोतलों को मीरपेट उत्पाद शुल्क थाने को सौंप दिया गया।

# महमूद अली के आवास पर रमज़ान का जश्न, केटीआर हुए शामिल

**हैदराबाद, 21 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** तेलंगाना के पूर्व उपमुख्यमंत्री महमूद अली के आवास पर रमज़ान का जश्न मनाया गया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर इस जश्न में शामिल हुए। इस मौके पर घढठ ने महमूद अली को रमज़ान की मुबारकबाद दी। इस बीच, पूरे राज्य में मुस्लिम भाइयों ने रमज़ान के पवित्र महीने को बड़े ही धूमधाम से मनाया। उन्होंने नए कपड़े पहने, नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिदों में गए और एक-दूसरे को 'ईद मुबारक' कहा।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.